ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal

द्विभाषी राष्ट्रसेवक

वर्ष : 73 ❖ अंक : 10 ❖ जनवरी, 2024

मंच पर विराजमान समिति के कार्याध्यक्ष श्री भारत भूषण महंत, केंद्रीय हिंदी निदेशालय और केंद्रीय हिंदी संस्थान, भारत सरकार के निदेशक प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी, असम के माननीय राज्यपाल **श्री गुलाब चंद जी कटारिया**, दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. मोहन एवं समिति के मंत्री डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया (क्रमशः बाएं से)।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए असम के माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद जी कटारिया और उपस्थित अतिथि एवं गणमान्य व्यक्ति गण।

माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया जी के कर-कमलों से समिति का सर्वोच्च सम्मान **'राष्ट्रभाषा गौरव'** प्राप्त करते हुए वरिष्ठ प्रचारक सर्वेश्वर महंत, सकलदीप राय, मेघनाथ मुसाहारी और शंकर प्रसाद साहू (क्रमशः बाएं से)।

माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया जी के कर-कमलों से प्रवीण उपाधिपत्र प्राप्त करते हुए स्नातक-स्नातिका गण।

भाषण प्रदान करते हुए विशिष्ट अतिथि प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी, प्रो. मोहन तथा समिति के मंत्री डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया (क्रमशः बाएं से)।

RNI NO. ASSBIL/2009/31008 ISSN : 2321-4945

एक हृदय हो भारत जननी

द्विभाषी राष्ट्रसेवक

(भाषा, साहित्य, समाज, कला व संस्कृति विषयक शोध-पत्रिका)

UGC CARE Listed Journal

वर्ष : 73 **अंक : 10** **जनवरी, 2024**

परामर्श मंडल

श्री भारतभूषण महंत
कार्याध्यक्ष, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
गुवाहाटी (असम)

डॉ. किरण हाजरिका
सम कुलपति, इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय
नयी दिल्ली-68

प्रो. आर.एस. सर्राजु
सम कुलपति, हैदराबाद विश्वविद्यालय
तेलंगाना-500046

प्रो. प्रदीप के शर्मा
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय
काजी रोड, गंगटोक, सिक्किम - 737101

डॉ. दीपक प्रकाश त्यागी
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

डॉ. दिलीप कुमार मेधि
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अमूल्य चंद्र बर्मन
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अच्युत शर्मा
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

प्रधान संपादक

डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया
मंत्री, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

संपादक

प्रो. मोहन
हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली-1

कार्यकारी संपादक

रामनाथ प्रसाद
प्रभारी साहित्य सचिव
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी

DWIBHASHI RASTRASEWAK : A Bilingual (Hindi & Assamese) Monthly Research Journal, Focused on Language, Literature Society, Art and Culture, Partially funded by Central Hindi Directorate, Govt. of India and Published by Asom Rastrabhasha Prachar Samiti, Rupnagar, Guwahati-781032.

प्रकाशक :

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

गुवाहाटी-32

संपादकीय कार्यालय :

प्रधान संपादक, द्विभाषी राष्ट्रसेवक

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

सेवा मंदिर पथ, रूपनगर, गुवाहाटी-32

फोन : 9101541395, 9101541380

ई-मेल : rastrasewak51@gmail.com

सहयोग राशि : 100/- (प्रति अंक)

शब्द संयोजन : रतिकांत कलिता

आवरण पृष्ठ : समिति के दीक्षांत समारोह का एक दृश्य

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की ओर से मंत्री डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया द्वारा सराइघाट फोटो टाइप्स प्रा.लि., इंडस्ट्रियल इस्टेट, गुवाहाटी-781021 में मुद्रित, प्रकाशित एवं प्रसारित।

सर्वाधिकार : **असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी-32**

'द्विभाषी राष्ट्रसेवक' में प्रकाशित रचनाओं के विचारों से असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रकाशित सामग्री के उपयोग हेतु प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। सभी कानूनी विवादों का निपटारा गुवाहाटी न्यायालय के अधीनस्थ होगा।

विषय सूची

क्रम	विषय	लेखक	पृष्ठ
	हिंदी विभाग		
	संपादकीय		*5*
1.	असमीया साहित्य में चित्रित भारत के स्वतंत्रता-संग्राम की चेतना	✍ डॉ. रीतामणि वैश्य	7
2.	'अपने-अपने पिंजरे' के उनवान और तजुर्बे पर एक सोच	✍ प्रो. डॉ. मनु	16
3.	हिंदी नाट्य साहित्य में मोहन राकेश का योगदान	✍ डॉ. राजकुमार मोबी सिंह	21
4.	हिंदी कविता और किसान जीवन	✍ प्रो. चंद्रकांत सिंह	25
5.	स्त्री अस्मिता : वर्तमान संदर्भ में	✍ डॉ. शैलजा	31
6.	'काला जल' उपन्यास और आंचलिकता	✍ डॉ. दिनेश साहू	35
7.	महाभोज : लोभ और लाभ की राजनीति	✍ डॉ. संजीव मंडल	42
8.	क्रांतिकारी पुरखिन मीरा	✍ डॉ. रीता नामदेव	50
9.	भारतीय शिक्षा प्रणाली में शिक्षण का बदलता स्वरूप	✍ डॉ. पवन कुमार दुबे	56
10.	ऑनलाइन शिक्षा प्रोग्राम प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति शिक्षकों का दृष्टिकोण : एक अध्ययन	✍ डॉ. रुचि दुबे ✍ डॉ. विधु शेखर पाण्डेय	63
11.	'ढिबरी टाइट' कहानी संग्रह में अभिव्यक्त समाज के विभिन्न स्वरूप	✍ पूर्णिमा सिंह	72
12.	मतांतरण का बोध-विचार एवं व्यवहार	✍ डॉ. कँवर चंद्रदीप सिंह ✍ लकी शर्मा	77
13.	'बात यह नहीं है' कहानी संग्रह में अभिव्यक्त लोक जीवन का सामाजिक पक्ष	✍ बर्णाली खाउंड	83
14.	स्त्री वेदना को प्रकट करता भोजपुरी लोकगीत	✍ सौरभ कुमार	88
15.	व्यंग्यात्मकता की दृष्टि से 'अंधेर नगरी' नाटक : एक अध्ययन	✍ जीनामणि बड़ो	92
16.	भारत को आत्मनिर्भर बनाने में हिंदी भाषा का योगदान	✍ गायत्री ✍ रोबिन	97
17.	समिति समाचार		102

অসমীয়া বিভাগ

18. মিচিং ভাষা ঃ সংকট আৰু সম্ভাৱনা	✍ ত্রিনয়ন দলে ✍ ড° হীৰা মান্না দাস	104
19. চর্যাগীতৰ সাংগীতিক বিচাৰ	✍ ড° নন্দিতা গোস্বামী	111
20. অসমীয়া ভাষাত হিন্দী ভাষাৰ প্রয়োগ ঃ এটি সমাজভাষাবৈজ্ঞানিক বিশ্লেষণ	✍ ড° পুষ্পাঞ্জলি হাজৰিকা	116
21. জাতিভেদৰ বিচাৰ আৰু ভূপেন হাজৰিকাৰ গীত	✍ ড° লুইছ গগৈ	121
22. অদৃশ্যমান সুযোগেৰে আমাৰ সমাজৰ নিবনুৱাসকলক সংস্থাপন দিয়াৰ ক্ষেত্রত ই-নিয়োগৰ ভূমিকা ঃ এক অধ্যয়ন	✍ ৰিমঝিম বৰুৱা বৰা ✍ ড° চয়নিকা সেনাপতি	126
23. মনোৰমা দাস মেধিৰ গল্পত অসম আন্দোলনৰ প্রতিফলন ('নাগৰিক' আৰু 'বিস্ফোৰণৰ পিছত' গল্প দুটাৰ প্রসঙ্গত)	✍ জুনুমণি ডেকা	132
24. মিচিং কথিত অসমীয়াৰ ধ্বনিতত্ত্ব ঃ এটি বিশ্লেষণ	✍ ৰিন্‌চিন্‌ বৰুৱা ✍ ড° দিলাপ ৰাজবংশী	141
25. মহিম বৰাৰ চুটি গল্পত পৰিবেশ চিত্রণৰ ভূমিকা ঃ এটি অৱলোকন	✍ চিক্‌মি বৰা ড° প্রফুল্ল কুমাৰ নাথ	148

❑ ❑ ❑

संपादकीय

राष्ट्रभाषा से विश्व भाषा की ओर

ईस्ट इंडिया कंपनी के सिपाही मंगल पाण्डे ने बैरकपुर में ही 29 मार्च 1857 को एक अंग्रेज अफसर पर गोली चलाई। अपने साथियों से बगावत की अपील की। इस घटना को ही सन् 1957 की ब्रिटिश हुकूमत के विद्रोह की शुरुआत माना जाता है।

भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के दौरान भारत की राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी का विकास एक महत्वपूर्ण घटना है। इसका सर्वाधिक श्रेय हिंदीतर भाषी क्षेत्र के समाज सुधारकों, साहित्यकारों एवं राजनीतिज्ञों को जाता है। राष्ट्रभाषा हिंदी को राष्ट्रीय-सांस्कृतिक एकता की भाषा के रूप स्वीकार किया गया। इस दिशा में दयानंद सरस्वती, केशवचंद्र सेन, बाल गंगाधर तिलक, राजगोपालाचारी एवं महात्मा गाँधी ने पहल की। स्वाधीनता आंदोलन में हिंदी की भूमिका एक राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में उभरी। जैसे राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगीत इसी तरह से राष्ट्रभाषा। हिंदी पूरे देश में एकता, जागरण, समन्वय एवं मानवता की प्रतीक बनी। महात्मा गाँधी ने राष्ट्रभाषा हिंदी को राष्ट्रीय एकता एवं स्वाधीनता आंदोलन का हथियार बना दिया। इसी हथियार के सहारे महात्मा गाँधी ने पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का स्वप्न देखा था। इसकी परिणति दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के रूप में हुई। महात्मा गाँधी ने सन् 1917 में गुजरात के भड़ौंच में गुजरात शिक्षा परिषद् के अधिवेशन में हिंदी के महत्व को घोषित किया। सन् 1920 में गुजरात विद्यापीठ की स्थापना हुई। उसी समय हिंदी पढ़ना अनिवार्य कर दिया था। सन् 1934 की बात है। महात्मा गाँधी के अनुगामी बाबा राघव दास ने बापू के निर्देश पर असम प्रांत में हिंदी प्रचार की नींव डाली। फलस्वरूप गुवाहाटी, जोरहाट, शिवसागर और डिब्रुगढ़ में राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार का कार्य शुरू हुआ। असम के कई युवक एवं युवतियों ने काशी, प्रयाग एवं गोरखपुर से हिंदी की शिक्षा ली।

बाबा राघव दास अपने आश्रम बरहज से असम की प्रचार-व्यवस्था चलाते रहे। उस समय असम में समिति की स्थापना नहीं हुई थी। धीरे-धीरे प्रचार समिति की आवश्यकता होने लगी। इसी को ध्यान में रखकर असम के प्रथम मुख्यमंत्री लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै के आग्रह से 3 नवंबर 1938 को असम हिंदी प्रचार समिति नामक एक संस्था की स्थापना की गई। इसके संस्थापक अध्यक्ष बने लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै। आगे चलकर आवश्यकता के अनुरूप इसका नाम पड़ा - असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति। लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै के प्रोत्साहन से कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। दिसंबर 1945 में महात्मा गाँधी ने असम की अंतिम बार यात्रा की थी। स्वाधीनता के लिए जब-जब आंदोलन तेज हुआ, तब-तब हिंदी की प्रगति का रथ भी तीव्रगति से आगे बढ़ा। हिंदी राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बन गई। नेतृत्व देने वाले नेताओं ने पहचान लिया था कि विगत 600-700 वर्षों से हिंदी संपूर्ण भारत की एकता का कारक रही है। यह संतों, फकीरों, व्यापारियों, तीर्थयात्रियों एवं सैनिकों द्वारा देश के एक भाग से दूसरे भाग में प्रयुक्त होती रही है।

अपना देश बहुभाषी है। शताब्दियों से अपनी-अपनी भाषाओं का प्रयोग करते हुए प्रयोक्ता देश को एक सूत्र में बाँधने में सफल रहे हैं। इन प्रयोक्ताओं ने सांस्कृतिक अस्मिता दी। इसमें सफल भी हुए कि विचार और भावना के क्षेत्र में सहमति के आधार पर देश का विकास हो। हिंदी विश्व की दूसरी सर्वाधिक प्रयुक्त भाषा है। इसे बोलने एवं समझने वालों की संख्या अधिक है। आरंभ से ही हिंदी का विकास संपर्क भाषा के रूप में हुआ। यह हमारी अपनी भाषा है। अपनेपन की भाषा है। इसीलिए इसे जनतंत्र की विजय-गाथा का नाम दिया गया। इस भाषा ने भारत की कई भाषाओं के साथ अटूट संबंध बनाया। मनुष्य के अंदर भाषा ही एक ऐसा व्यापार, व्यवहार एवं लक्षण है, जो प्रकृति की देन है। भाषा हमारे जीवन के सबसे नजदीक होती है और उसी के बारे में हम सबसे कम जानते हैं। ऐसा इसलिए है कि भाषा हमें एक मिली मिलाई चीज लगती है। दूसरी चीजों का हम उपयोग करते हैं। उन्हें जाँचने-परखने में हम माहिर होते हैं। उनकी गुणवत्ता और प्रकृति के प्रति पूर्ण सजग होते हैं। भाषा हमारे समाजीकरण का माध्यम है। हर पल वह हमसे आबद्ध है। भाषा-प्रयोक्ता होने के नाते भाषा के प्रति एक सकारात्मक और व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। भाषा-प्रयोग से ही व्यक्ति की पहचान संभव हो पाती है। थोड़ी-सी बात करने पर हम जान जाते हैं कि व्यक्ति किस क्षेत्र का है और उसका संस्कार कैसा है। उसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि कैसा है। कोई भी भाषा चाहे वह एक अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा बोली जाती हो या बहुत बड़े समुदाय द्वारा - वह उतनी ही सक्षम है, जीतनी कि दूसरी भाषा। हर भाषा संप्रेषण में सक्षम है।

हिंदी का अपना गौरवशाली अतीत रहा है और विकासशील वर्तमान भी है। इसी के साथ हिंदी विश्व के भविष्य और भारतीत के विश्व की भाषा है। अंत में मैं इस अंक के सभी सम्मानित लेखकों को साधुवाद देता हूँ। ❑

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

असमीया साहित्य में चित्रित भारत के स्वतंत्रता-संग्राम की चेतना

डॉ. रीतामणि वैश्य

सह प्राध्यापक, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय
9435116133
ritamonibaishya841@gauhati.ac.in

1.1. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और असम :

भारतीय स्वाधीनता आंदोलन का इतिहास बहुत लंबा है। सन 1885 ई. में स्थापित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में हमारे देश में स्वतंत्रता आंदोलन का प्रारंभ होता है। शेष भारत की तरह असम के लोग भी स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। सन 1826 ई. के यंडाबू संधि की शर्त के अनुरूप असम ब्रिटिश के अधीन आता है। इस घटना के कुछ समय बाद सन 1828 ई. और सन 1830 ई. में असम में ब्रिटिश के विरुद्ध विद्रोह होता है। सन 1857 ई. के विद्रोह ने असम को भी पूरी तरह प्रभावित किया था। सन 1905 ई. में अंग्रेज सरकार द्वारा घोषित बंग भंग के विरोध का ज्वार सारे देश में फैल गया था। सन 1920-21 ई. में महात्मा गांधी ने अंग्रेज सरकार के विरुद्ध अहिंसा नीति से असहयोग आंदोलन का प्रारंभ किया था। इसी समय से अर्थात सन 1920 ई. से भारत के स्वतंत्रता आंदोलन असम पर गहरा प्रभाव छोड़ने लगा था और यह प्रभाव स्वतंत्रता प्राप्ति तक रहा। असमीया साहित्य की विविध विधाओं में स्वाधीनता आंदोलन का चित्रण मिलता है।

1.2. असमीया कविता में स्वाधीनता संग्राम :

असमीया काव्य जगत में कई ऐसे कवि हुए, जिन्होंने अपनी रचनाओं से अपने देश के प्रति गहन प्रेम की अभिव्यक्ति दी है। ये कवि कभी प्रत्यक्ष रूप से देश की स्वतंत्रता की बात करते हैं तो कभी देश के सनातन मूल्यबोध, अतीत गौरव का गान करते हैं। कमलाकांत भट्टाचार्य की कविताओं में स्वदेश प्रीति की चिंगारी देखी जाती है। लक्ष्मीनाथ बरुवा, चंद्रधर बरुवा, नीलमणि फूकन, नलिनीबाला देवी, प्रसन्नलाल चौधुरी, बिनंद बरुवा, अतुलचंद्र हजारिका, पद्मधर चलिहा, ज्योतिप्रसाद अगरवाला, हेमकांत बरुवा, विष्णुप्रसाद राभा आदि की कविताओं में देश प्रेम की धारा बहती है। हेमचंद्र गोस्वामी और राधानाथ फूकन की गीति कविताओं में स्वदेश प्रेम मिलता है। कर्मवीर नवीन चंद्र बरदलै की कविताओं में राजनीतिक चेतना और संग्राम के भाव मिलते हैं। वे एक सच्चे देशकर्मी थे। लोगों में देशात्मबोध के अभाव को देखकर कवि उन्हें जागृत करने का प्रयास करते हैं।

भारत को अंग्रेजों से मुक्त कर स्वाधीन करना बरदलै की कविताओं का मूल लक्ष्य है। देश के वीर-वीरांगनाओं को साहस की वाणी देते हुए वे लिखते हैं-

'आमार बिरल पण
पूर्ण स्वाधीनता लभिम लभिम
आगत थै मरण।'[1]

अर्थात-

है हमारा विरल पण
पूर्ण स्वाधीनता मिलेगी मिलेगी
सामने रख मरण।

कवि पद्मनाथ गोहाईं बरुवा की कविताओं में देशोद्धार के महान मंत्र मिलते हैं। कवि लोगों में स्वाधीनता की चेतना के संचार के लिए लिखते हैं-

'चेतना उदिछे चोवा बल बुद्धि साह लोवा
देशर दुर्गति
आजि समस्यार दिने दूर करौं प्रतिक्षण
स्थिर करा मति।'[2]

अर्थात-

चेतना उदित हुई देखो बल बुद्धि साहस लो
देश की दुर्गति
आज समस्या के दिन दूर करें प्रतिक्षण
स्थिर करो मति।

अंबिकागिरी रायचौधुरी की कविताओं में देश की स्वाधीनता के तीखे स्वर सुनने को मिलते हैं। देश रक्षा के रण में समवेत आम जनता के कंठ को कवि ने शब्दबद्ध किया है। सन 1926 ई. के पांडू कांग्रेस का उद्घाटन गीत लिखते हुए कवि की स्वतंत्रता की ललक देखी जा सकती है-

'आजि बंदो कि छंदेरे समागत बिराट
नरनारायण रूप
पंकिल पराधीन कुंचित छित्त मन
नाइ फुल चन्दन धूप।'[3]

अर्थात-

आज छंद से वंदन करता हूँ
एकत्रित विराट

भारतीय स्वराज आंदोलन को खत्म करने के लिए अंग्रेजों ने कई हथकंडे अपनाए थे। इसमें से प्रमुख था 'फूट डालो और राज करो' की नीति। वे सदियों से सद्भाव से रह रहे भारतवर्ष के हिंदू और मुसलमानों में भेदभाव लाने में सक्षम हुए थे। आवाहन युग के इन कहानीकारों ने अपनी कहानियों से यह संदेश दिया था कि ऐसी चिंता समस्त मानवता के लिए चुनौती है। लक्ष्मीधर शर्मा की कहानी 'चिराज', महम्मद बाहारुद्दिन अहमद की 'आदर्श अनुसरण', ज्ञाननाथ बरा का 'मइ हिंदू', प्रभातचन्द्र गोस्वामी की 'कबिता शेष', महीचन्द्र बरा की 'जीवन अमिया' आदि कहानियों में हिंदू और मुसलमानों में एकता स्थापित करने का प्रयास किया गया।

नरनारायण रूप
पंकिल पराधीन कुंचित चित्त मन
नहीं फूल चन्दन धूप।

कवयित्री नलिनीबाला देवी की कविताएँ देशभक्ति की प्रतीक हैं। कवयित्री देश के युवाओं पर पूर्ण आस्था रखती हैं-

'भारतीये बिचारिछे
शताब्दीर संचित पापर
ग्लानिमय दासत्वर शापर मुकुति
.....
बिचारिछे तरुणर
जीवनर श्रेष्ठ अवदान।'[4]

अर्थात-

भारती चाह रहा है
शताब्दी के संचित पापों से
ग्लानि की दासता के शाप से मुक्ति
.....
चाह रहा है तरुणों के
जीवन का श्रेष्ठ अवदान।

1.3. असमीया उपन्यासों में स्वाधीनता संग्राम :

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में भारतवर्ष में

स्वाधीनता आंदोलन के प्रारंभ होने के समय ही असमीया उपन्यास साहित्य की धारा का भी शुभारंभ होता है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के विविध स्तरों का प्रभाव असमीया उपन्यास में पड़ा है। स्वाधीनता संग्राम की पृष्ठभूमि में लिखे गए कई असमीया उपन्यास मिलते हैं। इन उपन्यासों को इन कोटियों में रखा जा सकता है–

1.3.1. स्वाधीनता आंदोलन के प्रत्यक्ष प्रभाव से लिखे गए उपन्यास

1.3.2. स्वाधीनता आंदोलन के परोक्ष प्रभाव से लिखे गए उपन्यास

1.3.3. कथानक को आंशिक रूप से प्रभावित करने वाले उपन्यास

1.3.4. पात्रों के द्वारा स्वाधीनता आंदोलन को चित्रित करने वाले उपन्यास

1.3.5. उप-घटनाओं और संवादों को आंदोलन को चित्रित करने वाले उपन्यास

1.3.1. स्वाधीनता आंदोलन के प्रत्यक्ष प्रभाव से लिखे गए उपन्यास :

प्रत्यक्ष रूप से इस आंदोलन को केंद्र में रखकर लिखे गए उपन्यासों की संख्या कम है। ऐसे तीन उपन्यास मिलते हैं– पशुपति भरद्वाज का 'रङा तेज' (1967), वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य का 'मृत्युंजय' (1970) और कांचन बरुवा का 'अशांत प्रहर' (1977)। 'रङा तेज' बयालीस के आंदोलन के ज्वलंत परिवेश पर आधारित है। स्वाधीनता आंदोलन के अंतिम स्तर पर उभरे आंदोलन के हिंसात्मक रूप का चित्रण यहाँ किया गया है। रेलवे पुल को उखाड़ना, तराबान हवाई अड्डे के निर्माण कार्य में आगजनी, बरनगर पोस्ट ऑफिस और स्कूल में आगजनी, बरनगर थाने पर आक्रमण कर वहाँ राष्ट्रीय ध्वज फहराना आदि घटनाओं को उपन्यास में मूर्त किया गया है।

'मृत्युंजय' उपन्यास में भी भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के अंतिम स्तर की कहानियों को कथानक के रूप में चुना गया है। असम के नगांव जिला और उसके निकटवर्ती अंचलों को केंद्र में रखकर पूरे असम को लिया गया है। भारत के स्वाधीनता आंदोलन के दोनों रास्तों– हिंसा और अहिंसा पर उपन्यास को केंद्रित किया गया है। बयालीस के आंदोलन का एक स्पष्ट रूप इस उपन्यास के जरिए प्रकाशित हुआ है। उपन्यास में कई ध्वंसात्मक घटनाओं के प्रसंग प्रभावी रूप से रखे गए हैं, जिनमें से मिलिटरी की आपूर्ति को बंद कर देना, पुल उखाड़ना, रेल गिराना, टेलीफोन के तार काटना आदि प्रमुख हैं। उपन्यास की इन पंक्तियों में ऐसी गतिविधियों का चित्रण देखिए–

'भिभिरामर मनर बंध दुवार हठाते खोल खाइ गॅल। धनपुरेइ पताका तुलिछिल। सेइदिनाइ ताक सि माति नि शांतिसेनात भर्ति करि 'करिम बा मरिम' पण लोवाले। शांतिसेनाबोरे केंप करि आछिल कामपुरर ओचरते। धनपुर केंपलै नगॅल धूमपान बंध करिब लागे बुलि। भिभिरामहँतर खङउठिछिल,किन्तु नेताबोर ग्रेप्तार है योवार पिछत कर्मीबोरक कर्मसूची दिब लगा हॅल। कर्मसूची हॅल मिलिटेरीर योगान बंध करि दलङभाङियातायात भंग करा।'[5]

अर्थात– भिभिराम के मन का दरवाजा अचानक से खुल गया। धनपुर ने ही पताका फहराया था। उसी दिन उसे ले जाकर उसे शांतिसेना में भर्ती कराया था और 'करेंगे या मरेंगे' प्रण दिलाया था। शांतिसेना कामपुर के पास कैंप में थी। धूम्रपान छोड़न न पड़े, इसीलिए धनपुर कैंप नहीं गया था। भिभिराम लोगों को गुस्सा आया था, पर नेताओं के कैद हो जाने से उन्हें कर्मियों को कार्यसूची देनी पड़ी। कार्यसूची थी मिलिटेरी की आपूर्ति बंद कर पुल तोड़कर यातायात बंद करना।

कांचन बरुवा का 'अशांत प्रहर' स्वाधीनता की पृष्ठभूमि पर आधारित अन्य एक उपन्यास है। उपन्यास में आंदोलन के अंतिम स्तर की हिंसात्मक और अहिंसात्मक गतिविधियों का स्वर प्रमुख है। दूसरे विश्वयुद्ध में असम के अशांत परिवेश से आश्रय लेकर मुक्तिकामी युवा द्वारा मिलिटरी की रेल गिराने का चित्रण यहाँ मिलता है।

1.3.2. स्वाधीनता आंदोलन के परोक्ष प्रभाव से लिखे गए उपन्यास :

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को चित्रित करने वाले उपन्यासों के अध्ययन से यह देखा जाता है कि लगभग

आधे उपन्यासों में स्वाधीनता आंदोलन का परोक्ष चित्र ही खींचा गया है। इन उपन्यासों में जुलूस, सत्याग्रह, विदेशी चीजों का बहिष्कार, खादी का प्रचलन, नशा मुक्ति आदि के प्रसंग तो आते हैं, पर स्वाधीनता संग्राम का प्रत्यक्ष वर्णन नहीं मिलता। ऐसे कुछ प्रमुख उपन्यास हैं- दंडीनाथ कलिता के 'साधना'(1928) और 'आविष्कार'(1929), दैवचन्द्र तालुकदार के 'एइ पथे रिङियाय', 'तरुण असम' 'अपूर्ण' और 'बिद्रोही', दीननाथ शर्मा का 'नदाइ'(1956), सैयद अब्दुल मलिक के 'बनजुइ'(1956) और 'रूपाबरिर पलस (1980)', नीलिमा दत्त का 'आकाशबन्ति'(1967), चन्द्रप्रसाद सइकिया का 'एदिन', वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य के 'प्रतिपद' (1970) और 'फुलकोंवरर पखीघोंरा', होमेन बरगोहाईं का 'पिता-पुत्र' (1975), मेदिनी चौधुरी के 'फेरेंगादाओ' (1987) और 'बिपन्न समय' (1996), उमाकांत शर्मा का 'एजाक मानुह एखन अरण्य', भवेंद्रनाथ सइकिया का 'अंतरीप'(1986), तिलोत्तमा मिश्र का 'स्वर्णलता' (1991), अरुण शर्मा का 'आशीर्बादर रङ' (1996) आदि।

1.3.3. कथानक को आंशिक रूप से प्रभावित करने वाले उपन्यास :

ऐसे कुछ उपन्यास भी मिलते हैं, जहाँ स्वतंत्रता आंदोलन ने कथानक को आंशिक रूप से प्रभावित किया है। वे हैं- बीणा बरुवा का 'जीवनर बाटत' (1944), नवकांत बरुवा का 'कपिलीपरीया साधु' (1954), योगेश दास का 'डावर आरु नाइ' (1955), वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य का 'इयारुइंगम', त्रैलोक्य भट्टाचार्य का 'साँचिपातर पुथि' (1973), चन्द्रप्रसाद सइकिया का 'जन्मांतर'(1978), भवेंद्रनाथ सइकिया का 'रम्यभूमि', अरूपा पटंगीया कलिता का 'अयनांत' (1994) आदि।

1.3.4. पात्रों के द्वारा स्वाधीनता आंदोलन को चित्रित करने वाले उपन्यास :

असमीया साहित्य में पात्रों के द्वारा स्वाधीनता आंदोलन को चित्रित करने वाले उपन्यास मिलते हैं। वे हैं- सैयद अब्दुल मलिक का 'रूपतीर्थर यात्री' (1963), वीरेन्द्र कुमार बरठाकुर का 'बाईसाहेबा'(1980), बीरेन बरकटकी का 'मृत्यु गचकि आना जय जिनि' (1988), चन्द्रप्रसाद सइकिया का 'तोरे मोरे आलोकरे यात्रा' (1992), निरूपमा बरगोहाईं का 'अभियात्री'(1992-93) आदि। 'अभियात्री' में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की यथार्थ छवि प्रकाशित हुई है-

'1929 चनर ऐतिहासिक लाहोरर कंग्रेसत भारतीय जातीय कंग्रेसे पूर्ण स्वाधीनताइ कंग्रेसर लक्ष्य बुलि घोषणा करि प्रस्ताव लॅले आरु कंग्रेस वर्किङ कमिटिक असहयोग आन्दोलनर कार्यसूची लॅबलै दायित्व अर्पण करिले। एइ वर्किङ कमिटियेओ जानुवारीर 2 तारिखे कार्यसूची प्रस्तुत करिले आरु 26 जानुवारीटो स्वाधीनता दिवस हिचापे पालन करिबलै सिद्धान्त लॅले। स्वाधीनतार खचराखन प्रस्तुत करि ओलियाले स्वयं गांधीजीये। इयार पिछत गांधीजीये आरंभ करिछिल दांडि अभियान। सबरमति आश्रमर परा छियाशीजन आश्रमबासीक लगत लै तेओँ लोण आइन अमान्य करिबलै दांडिलै यात्रा करिछिल। भारतबर्षर राजनीतित एनेबोर घटना द्रुतगतित घटिबलै धरार पिछत तार बतरा असमर चुके-कोणेओ बियपि परिबलै धरिले।'[6]

अर्थात- सन 1929 ई. के ऐतिहासिक लाहौर कांग्रेस में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूर्ण स्वाधीनता ही कांग्रेस का लक्ष्य घोषित करते हुए प्रस्ताव लिया और कांग्रेस वर्किंग कमेटी को असहयोग आंदोलन का कार्यक्रम लेने के लिए जिम्मेदारी सौंपी। इस वर्किंग कमेटी ने भी जनवरी की 2 तारीख को कार्यक्रम प्रस्तुत किया और 26 जनवरी को स्वाधीनता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

स्वयं गांधीजी ने स्वाधीनता का मसौदा तैयार किया। इसके बाद गांधीजी ने दांडी यात्रा शुरू की। साबरमती आश्रम से छियासी आश्रमवासियों को साथ लेकर नमक कानून तोड़ने के लिए दांडी की यात्रा की थी। भारतवर्ष की राजनीति में ऐसी घटनाएँ तेजी से घटने के बाद उसकी खबर असम के कोने-कोने तक फैलने लगी।

असमीया साहित्य का भंडार अति विशाल है। इसमें मौखिक और लिखित दोनों प्रकार के साहित्य की समृद्धि मिलती है। लोक गीतों के साथ-साथ आधुनिक असमीया साहित्य की विविध विधाओं में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का चित्रण हुआ है। यह चित्रण कहीं-कहीं प्रत्यक्ष रूप से हुआ है तो कहीं-कहीं परोक्ष रूप से। महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलने वाले देश के स्वतंत्रता आंदोलन ने असम को भी व्यापक रूप से प्रभावित किया था। आंदोलन को लेकर गांधी जी की जो नीति रही, उन सबका असम में अनुसरण किया गया था। हिंदू-मुस्लिम एकता, जात-पात का भेदभाव परिहार, विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार आदि को असमीया लोगों ने भी अपनाया था, जिनकी छवि असमीया साहित्य में प्रकाशित हुई है।

1.3.5. उप-घटनाओं और संवादों से आंदोलन को चित्रित करने वाले उपन्यास :

कुछ उपन्यासों में उप-घटनाओं और संवादों से स्वाधीनता आंदोलन को स्वर देने का प्रयास मिलता है। ऐसे उपन्यास हैं- दैवचन्द्र तालुकदार के 'केर्केटुवा', 'आदर्शपीठ', और 'सोणपाही', प्रफुल्लदत्त गोस्वामी का 'शेष कॅत', कैलाश शर्मा का 'बिद्रोही नगार हातत', मेदिनी चौधुरी का 'तात नदी आछिल' (1977), देबेन्द्रनाथ आचार्य का 'जंगम' (1982), लीला गगै का 'नै बै याय' (1983), रङबङ तेराङ का 'रङमिलिर हाँहि' (1981), मामोनी रायसम गोस्वामी का 'दँताल हातीर उँये खोवा हाओदा' (1988) आदि।

1.4. असमीया कहानियों में स्वाधीनता संग्राम :

असमीया साहित्य में 'आवाहन युग' (सन् 1929 से 1940 ई. तक) का समय भारतीय स्वाधीनता आंदोलन का समय है। इस समय भारत की स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी कथा की पृष्ठभूमि पर आधारित कई कहानियाँ लिखी गईं। महात्मा गांधी द्वारा संचालित भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से असम के लेखकों में नए मूल्यबोध का बीजारोपण किया था। गांधी जी के आंदोलन से जहाँ एक ओर असमीया लोग अपने देश की स्वाधीनता के प्रति आकर्षित हुए, वहीं दूसरी ओर गणतांत्रिक मूल्यबोध के प्रति भी उनका झुकाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। व्यक्ति, समाज और देश की मुक्ति के लिए गणतांत्रिक मूल्यबोध का होना अनिवार्य है, आवाहन युग के असमीया लेखकों ने इस बात को बखूबी अनुभव किया था। इस समय की कहानियों में स्वतंत्रता आंदोलन को प्रत्यक्ष रूप से वाणी देने के प्रयास के परिणामस्वरूप कलात्मक दृष्टि से ये कहानियाँ कमजोर पड़ गई थीं। महात्मा गांधी के आंदोलन की मूल वाणी मूलत: गणतांत्रिक मूल्यबोध है, इस बात का अनुभव करने वाले कहानीकारों में कृष्ण भूयाँ और उमेशचन्द्र सइकिया प्रमुख हैं। भूयाँ ने अपनी कहानी 'कारागार' तथा उमेशचन्द्र सइकिया ने 'नबीन' शीर्षक कहानी में कहानी कला के तत्वों का निपुणता से उपयोग करते हुए गणतांत्रिक मूल्यबोध की अभिव्यक्ति दी है। गोविन्दराम दास की 'सन्यासिनी', योगकान्त बरुवा की 'स्वदेशी' आदि कहानियाँ भी इसी कोटि में आती हैं।

इन कहानिकारों ने मानवीय मूल्यबोध की प्रतिष्ठा के साथ-साथ इस मूल्यबोध के लिए घटक समाज की नकारात्मक चिंताओं को जड़ से मिटाने का भी प्रयास किया। भारतीय स्वराज आंदोलन को खत्म करने के लिए अंग्रेजों ने कई हथकंडे अपनाए थे। इसमें से प्रमुख था 'फूट डालो और राज करो' की नीति। वे सदियों से सद्भाव से रह रहे भारतवर्ष के हिंदू और मुसलमानों में भेदभाव लाने में सक्षम हुए थे। आवाहन युग के इन कहानीकारों ने अपनी कहानियों से यह संदेश दिया था कि ऐसी चिंता समस्त मानवता के लिए चुनौती है। लक्ष्मीधर शर्मा की कहानी 'चिराज', महम्मद बाहारुद्दिन अहमद की 'आदर्श अनुसरण', ज्ञाननाथ बरा का 'मइ हिंदू', प्रभातचन्द्र गोस्वामी की 'कबिता शेष', महीचन्द्र

बरा की 'जीवन अमिया' आदि कहानियों में हिंदू और मुसलमानों में एकता स्थापित करने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही हिंदू समाज में व्याप्त जात-पात के भेदभाव से संबंधित कई कहानियाँ लिखी गईं। लक्ष्मीधर शर्मा की 'गौरी' कहानी इस दिशा में महत्वपूर्ण है। कहानी में ब्राह्मण और शूद्र के बीच की विषमता से उद्भुत कटु परिस्थिति का चित्रण अति कलात्मकता से किया गया है। लीला और गौरी जैसे चरित्रों के द्वारा समाज में सामाजिक बदलाव की आवश्यकता को भी स्वर दिया गया है। इस तरह आवाहन युग की कहानियों में समाज के प्रति जिम्मेदारी परिलक्षित होती है।

1.5. असमीया नाटकों में स्वाधीनता संग्राम :

असमीया के कई नाटकों में स्वदेशानुराग की अभिव्यक्ति मिलती है। इनमें से लक्ष्मीनाथ बेजबरुवा का 'बेलिमार' (1915) उल्लेखनीय है। नाटक के आमुख में नाट्यकार ने स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि भास्कर बर्मन, चक्रध्वज सिंह और रुद्र सिंह के असम का किस तरह पतन हुआ, इसी को दर्शाना नाट का उद्देश्य है। इसी उद्देश्य की पूर्ति करते हुए नाटककार भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रसंग लाते हैं। नाट में राजमाओ कहती हैं-

'...किन्तु सेइ बुलि आमार देशखन इङराजक लालबंदी करि दिबलै गॅले देशखन बंदी करि दियार अपबादे मोक पाब।'[7]

अर्थात-

...पर हमारे देश को अंग्रेजों को लालबंदी कर देने से मुझ पर देश को बंदी बनाने का अपवाद नहीं लगेगा क्या ?

अतुल चन्द्र हजारिका के नाटकों से यह पता चलता है कि वे भारतीय दृष्टिकोण से स्वदेश के प्रति आसक्त हैं। पराधीन भारतवर्ष के उद्धार के लिए वे हर क्षण देशवासियों से आग्रह करते हैं। स्त्री के सहयोग के बिना केवल पुरुष द्वारा इस देश को स्वाधीन करना संभव नहीं

है। इसीलिए वे नारी जागरण के जरिए पराधीन भारत को स्वाधीन बनाने की मानो योजना बनाते हैं। उनका ऐतिहासिक नाट 'कन्नौज कुँवरी' (1936) मोहम्मद गौरी के दो बार भारत पर आक्रमण और हिंदू राजाओं की दूरदर्शिता के अभाव की कथा को लेकर लिखा गया है। नाट की कथा का मूल स्वर नाटककार के गंभीर स्वदेश प्रीति का मनोभाव है। उनके 'छत्रपति शिवाजी' नाट में भारत को एक स्वतंत्र रामराज्य बनाने का सपना देखा जाता है। नाट में स्वामी रामदास के उपदेश से विदेशी के पैरों से कुचले जाने से हुए कीचड़ साफ कर एक नए भारत के निर्माण की बात की गई है। नाट में गोलाप सिंह कहते हैं-

'माराठापतिर स्वदेश मंत्रत दीक्षा लै मातृभूमि भारतवर्षर मुक्ति अभियानर योगेदि जीवन धन्य करिब।'[8]

अर्थात-

मराठापति के स्वदेश मंत्र में दीक्षा लेकर मातृभूमि भारतवर्ष की मुक्ति के अभियान के द्वारा जीवन धन्य हो जाएगा।

सुरेन्द्र नाथ सइकिया के 'कुशल कोंवर' नाट में स्वदेशानुराग की छवि प्रकाशित हुई है। कुशल कोंवर बयालीस के गण विप्लव के एक शहीद हैं। नाटककार ने नाट के प्रमुख चरित्र कुशल कोंवर के साथ नीलपद्म और बैकुंठ बिहारी सिंह के द्वारा दुर्दिन में देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाने का आग्रह देशवासियों से किया है। कुशल कोंवर ने देश को अंग्रेजों के कब्जे से स्वतंत्र करने के लिए देशवासियों को स्वराज के मंत्र में दीक्षित करने का प्रयास किया है। इस वीर को फाँसी की सजा सुनाई जाती है। पर देश के लिए अपने जीवन का त्याग करने में कुशल कोंवर को कोई आपत्ति नहीं है। उन्हें विश्वास है कि उनके बलिदान से देशवासियों के मन में स्वदेशोद्धार की प्रेरणा और अधिक तीव्र हो उठेगी। वे कहते हैं-

'.....मोर बलिदाने यदि देशर सामान्य उपकारत आहिब पारे, यदि भारतबर्ष मुक्त हय-स्वाधीन हय, महात्मा जीर रामराज्य स्थापित हय,प्रभु चाओँकचोन मोर आत्माइ कत सुख पाब ! धन्य मानिम निजर मरणकेइ। मरणतेइ मोर आनंद। मोरतो इ मृत्यु नहय-आत्मार पूर्ण प्रकाशर सपोन आरु प्रथम जययात्रा।'[9]

अर्थात,

...मेरे बलिदान से यदि देश का थोड़ा सा भी भला होता है, यदि भारतवर्ष मुक्त होता है-स्वाधीन होता है, महात्मा जी के रामराज्य की स्थापना होती है, तो हे प्रभु देखें! मेरी आत्मा को कितना सुख मिलेगा! अपने मरण को ही मैं धन्य मानूँगा। मरण में ही मुझे आनंद मिलेगा। मेरी यह मृत्यु नहीं होगी-आत्मा के पूर्ण प्रकाश का सपना और पहली जययात्रा।

'मणिराम देवान' प्रवीण फूकन की नाट्य कृति है, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के प्रथम असमीया शहीद मणिराम देवान के देशप्रेम की अमर गाथा मिलती है। मणिराम ने देवान ब्रिटिश शासन को मिटाकर देश की स्वतंत्रता के लिए अथक श्रम किया था। मणिराम देवान ने कहा है-

'मणिराम : ..... अकल तोमार लॅरा छोवालीर कथा भाबि थाकिलेइ नचलिब। देशर हाजार हाजार लॅरा छोवाली आछे, सिहँते पेट भराइ खाबलै पोया नाइ।.... सिहँतर हयतो घरबारी गोरा पल्टने पुरि छाँइ करि दिछे।...ठग प्रबंचक बगा दलक एनेदरे पुरिबा याते .....तार परा आकौ नतुनकै गजालि उलाब।'[10]

अर्थात-

मणिराम : ..... केवल तुम्हारे बाल-बच्चों की बातें सोचने से नहीं होगा। देश में हजारोंबाल-बच्चे हैं, उन्हें भर पेट खाना नहीं मिल रहा है। बहुत के घरद्वार गोरे पलटन ने जलाकर राख कर दिए हैं। ठग प्रवंचक गोरे अंग्रेजों के दल को ऐसे भून डालना ताकि... उससे फिर वे जड़ न जमा पाएँ।

1.6. असमीया बिहू गीतों में स्वाधीनता संग्राम :

असम के जातीय त्योहार बिहू के समय गाए जाने वाले बिहू गीतों में भी स्वतंत्रता आंदोलन की छवि मिलती है। निम्नलिखित बिहू गीत में हरि भक्ति के साथ-साथ देशप्रेम की अभिव्यक्ति हुई है। यहाँ स्वराज के लिए

भारतवासियों को जगने का आग्रह किया गया है–

'राम नामर नौकाखनि
हरि नामर बठा
स्वराज यदि पाब लागे
भारतवासी उठा ॥'[11]

अर्थात–
राम नाम की नाव
पतवार हरि नाम का है
स्वराज यदि लाना है
भारतवासी जगना है॥

अन्य एक बिहू गीत में 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा दिया गया है–

'इंकिलाब जिंदाबाद
आहिब साम्यबाद
आहिब समाजबाद
कॅले बेया लागे
लगर सामनीयाइ
जेलत खाइ आछेगै भात ॥'[12]

अर्थात–
इंकलाब जिंदाबाद
आ रहा है साम्यवाद
आ रहा है समाजवाद
कहने को दुख होता है
हमारे साथी मित्र
जेल में खा रहे हैं भात॥

बिहू गीतों में महात्मा गांधी, बाल गंगाधर तिलक, मोतीलाल नेहरू जैसे भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के साथ ही असम के कनकलता बरुवा, कुशल कोंवर, मणिराम देवान, पियली फूकन आदि के चरम त्याग की कहानियाँ भी मिलती हैं। निम्नलिखित बिहू गीत में स्वतंत्रता के लिए कनकलता बरुवा द्वारा प्राण बलिदान देने की करुण कहानी कही गई है–

'ऑ मनोमती
जानाने ऐ भनीटि कनकलतार काहिनी
कनकलता आछिल असमीया छोवाली
स्वाधीनतार कारणे बुकु पाति दिलेहि
बियाल्लिछर रणते गहपुर थानाते
कनकलताक मारिले इडराजर पुलिचे ॥'[13]

अर्थात –
ए मनोमति
बहना क्या जानती हो तुम कनकलता की कहानी
कनकलता थी एक असमीया लड़की
स्वाधीनता के लिए छाती पर गोली खाई
बयालीस के रण में गोहपुर थाने में
कनकलता को मारा अंग्रेज की पुलिसों ने॥

अन्य एक बिहू गीत में अंग्रेजों द्वारा कुशल कोंवर और मणिराम देवान को फाँसी पर चढ़ाने की कथा है–

'कुशल कोंवरर फाँची हॅल
मणिरामर फाँची हॅल
हाय हाय गांधी ईश्वर ऐ
देशर खबर किनो हॅल ॥'[14]

अर्थात –
कुशल कोंवर की फाँसी हुई
मणिराम की फाँसी हुई
हाय हाय गांधी ईश्वर ए
देशर की खबर कैसी हुई ॥

असमीया साहित्य का भंडार अति विशाल है। इसमें मौखिक और लिखित दोनों प्रकार के साहित्य की समृद्धि मिलती है। लोक गीतों के साथ-साथ आधुनिक असमीया साहित्य की विविध विधाओं में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का चित्रण हुआ है। यह चित्रण कहीं-कहीं प्रत्यक्ष रूप से हुआ है तो कहीं-कहीं परोक्ष रूप से। महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलने वाले देश के स्वतंत्रता आंदोलन ने असम को भी व्यापक रूप से प्रभावित किया था। आंदोलन को लेकर गांधी जी की जो नीति रही, उन सबका असम में अनुसरण किया गया था। हिंदू-मुस्लिम एकता, जात-पात का भेदभाव परिहार, विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार आदि को असमीया लोगों ने भी अपनाया था, जिनकी छवि असमीया साहित्य में प्रकाशित हुई है।

लिप्यंतरण संबंधी नीति :

इस शोध पत्र की प्रस्तुतिकरण में आवश्यकतानुसार असमीया उद्धरणों का लिप्यंतरण किया गया है। असमीया भाषा में 'स' उच्चारण वाले दो वर्ण हैं- 'च' और 'छ'। असमीया भाषा में 'स' के लिए कोमल 'ह' का उच्चारण होता है। असमीया के 'स', 'च' और 'छ' इन तीनों वर्णों के लिए हिंदी लिप्यंतरण में क्रमश: 'स', 'च' और 'छ' रखे गए हैं। हिंदी भाषा के 'य' वर्ण के लिए असमीया भाषा में दो वर्ण चलते हैं-एक का उच्चारण 'य' ही है और दूसरे का उच्चारण 'ज' होता है। असमीया 'य' के लिए हिंदी में भी 'य' रखा गया है। असमीया 'य' के 'ज' वाले उच्चारण के लिए लिप्यंतरण में 'य' रखा गया है। ❑

संदर्भ सूची :

1. कबि आरु कबिता- नन्द तालुकदार, पृष्ठ संख्या- 48
2. वही, पृष्ठ संख्या-49
3. वही, पृष्ठ संख्या-49
4. वही, पृष्ठ संख्या-51
5. मृत्युंजय-वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य, पृष्ठ संख्या-8
6. अभियात्री- निरूपमा बरगोहाईं, पृष्ठ संख्या-183
7. कुरि शतिकार प्रथमार्द्धर असमीया ऐतिहासिक नाटकत प्रकाशित स्वदेशानुरागर छवि : एटि बिश्लेशानात्मक अध्ययन - महेंद्र कुमार बरगोहाईं, पृष्ठ संख्या- 128
8. कुरि शतिकार प्रथमार्द्धर असमीया ऐतिहासिक नाटकत प्रकाशित स्वदेशानुरागर छवि : एटि बिश्लेशानात्मक अध्ययन - महेंद्र कुमार बरगोहाईं, पृष्ठ संख्या- 136
9. कुरि शतिकार प्रथमार्द्धर असमीया ऐतिहासिक नाटकत प्रकाशित स्वदेशानुरागर छवि : एटि बिश्लेशानात्मक अध्ययन - महेंद्र कुमार बरगोहाईं, पृष्ठ संख्या- 142
10. कुरि शतिकार प्रथमार्द्धर असमीया ऐतिहासिक नाटकत प्रकाशित स्वदेशानुरागर छवि : एटि बिश्लेशानात्मक अध्ययन - महेंद्र कुमार बरगोहाईं, पृष्ठ संख्या- 148
11. बिहुनामर बर्णाली - सूर्य दास, पृष्ठ संख्या- 275
12. वही, पृष्ठ संख्या-275
13. वही, पृष्ठ संख्या-275
14. वही, पृष्ठ संख्या-282

ग्रंथ सूची :

तालुकदार,नन्द. कबि आरु कबिता. छठा. गुवाहाटी : बनलता, 2014

दास, सूर्य, संपा. बिहुनामर बर्णाली. प्रथम. गुवाहाटी : असम बुक ट्रस्ट, 2017

बरगोहाईं, निरूपमा. अभियात्री. सप्तम. गुवाहाटी : जर्नल एम्परीयम, 2016

बरुवा, प्रह्लाद कुमार. असमीया चुटि गल्पर अध्ययन. गुवाहाटी : डिब्रुगढ़, बनलता, 2015

बुजरबरुवा, पल्लवी डेका, संपा. तुलमूलक साहित्यतत्व. प्रथम. डिब्रुगढ़, बनलता, 2013

भट्टाचार्य, वीरेन्द्र कुमार. मृत्युंजय. नवम. गुवाहाटी : चन्द्र प्रकाश, 2019

शोध ग्रंथ :

बरगोहाईं, महेंद्र कुमार. कुरि शतिकार प्रथमार्द्धर असमीया ऐतिहासिक नाटकत प्रकाशित स्वदेशानुरागर छवि : एटि बिश्लेशानात्मक अध्ययन, गुवाहाटी विश्वविद्यालय, 2007

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

'अपने अपने पिंजरे' के उनवान और तजुर्बे पर एक सोच

प्रो. डॉ. मनु

प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष
हिंदी एवं तुलनात्मक
साहित्य विभाग
केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय
पेरिया, कासरगोड, केरल
8848952575
drmanughazal@gmail.com

पिंजरा लफ्ज खूब करब देने वाला है। मगर अचानक सुनने पर इसकी गहराई तक का कोई पता नहीं लग जाएगा। इसे पिंजड़ा भी कहा जाता है। शायद पिंजड़े का तलफ्फुज पिंजरा ही होगा। पिंजरा का माना मामूली तौर पर घोंसला दिया जाता है। मगर पिंजरा और घोंसला में बहुत बड़ा फर्क है, जमीन आसमान का फर्क है, मगर दोनों रहने की जगह हैं। जिस तरह इंसान अपने लिए घर बना देता है, उसी तरह परिंदा भी अपने लिए घर बना देता है। परिंदे का घर ही घोंसला है। उससे परिंदे का पूरा रिश्ता जुड़ा हुआ होता है। मगर इंसान परिंदे के लिए जो घर बना देता है उसे ही पिंजरा कहा जाता है। इसलिए घोंसले में आजादी की महक है तो पिंजरे में गुलामी की। घोंसले में सफर की आजादी है, चाहे परिंदा कब भी अपना सैर जारी रख पाए और अपनी मर्जी के मुताबिक रह भी पाए। मगर पिंजरे में हजर की गंदगी है। यह उनवान या शीर्षक सोचने के लिए खूब मजबूर कर देता है कि यह सिर्फ नैमिशराय का पिंजरा नहीं है औरों का भी है। इसलिए यहाँ अपने-अपने का मतलब औरों का भी है। हर शख्स अपनी जात के पिंजरे में पड़ा हुआ है। अपना तजुर्बा थोड़ा हेर फेर करने पर यह औरों का भी हो सकता है। रेख्ता शब्दकोश में दिया गया माना 'अपने अपने पिंजरे' आत्मकथा के लिए सौ फीसदी सही निकल आता है। ''ऐसा स्थान जहाँ से किसी का बाहर निकलना प्राय: असंभव या दुष्कर हो।'' [1]

आत्मकथा हकीकी दास्तान है। इसकी रचना के लिए अंदाज की गुंजाईज नहीं है। दलित आत्मकथाएँ दलितों की जिंदगी का आईना हैं। दलितों की दस्तानें नई संवेदना की महफिल की ओर शख्स को ले जाती हैं। अपने नए-नए तजुर्बों के एहसासों का सही इजहार करने में ज्यादातर आत्मकथाएँ काबिल हो चुकी हैं। सदियों से लेकर दलित जानवरों की जिंदगी से गुजारा है। नैमिशराय अपनी जिंदगी के संघर्ष की चेतना का बयान यों कर देते हैं। उनकी बस्ती का नाम चमार गेट है। फिर चमार दरवाजा हुआ। इसे लोग चमार दरवाजा ही पुकारते थे। बस्ती में कुलीन जात का एक मंदिर था। दलितों को मंदिर जाना मना है। यह मंदिर बहुत ही आम है कि हर दिन जब जब शाम ढल जाए दयिर का आबिद मंदिर के

आँगन में प्रसाद बाँटता था। आसपास के सारे बच्चे प्रसाद लेने आते थे। ईश्वर के करीबी पुजारी में बे इंसानियत का मंदिर तब-तब दिखाई देगा, जब वे चमार के बच्चों से दूर रहके प्रसाद देना चाहते हैं। छुआछूत दर्दनाक बे इंसानी एहसास है। यह सच्चाई अगर ईश्वर के करीबी समझ न पाएँ तो कौन समझ पाए। मजहब, ईश्वर, जात, मंदिर को न मानने वाले सुर्खवाले बराबरी की बात करते हैं तो मजहब व मंदिर पे भरोसा व आस्था रखने वाले कैसे बे बराबरी की बात सोच सकते हैं। इसलिए वर्तमान सामाजिक माहौल में किसी से भी छुआछूत दिखाने वाले सब जरूर ही गुनहगार हैं। पुजारी चमार बच्चों को हाथ ऊपर करके ही प्रसाद देते थे। अक्सर प्रसाद नीचे ही गिर जाता था। दर्दीली बात यह है कि नीचे गिरे प्रसाद अगर चमार के बच्चे न उठाएँ तो फिर कभी उसको प्रसाद नहीं दिया जाएगा। नैमिशराय अपना तजुर्बा यों कह डालते हैं कि एक दिन प्रसाद लेते हुए उनकी उँगलियाँ नैमिशराय की उँगलियों से छू गईं तो पुजारी को खूब गुस्सा आया फिर पुजारी चिल्लाने लगे, ''तु चमार का है न। सब कुछ भरस्ट कर दिया। कितनी बार कहा तुम ढोरों से, प्रसाद दूर से लिया करो।'' [2]

सियासी दल भी दलित को मुख्तलिफ टुकड़ों में बाँध कर अपने-अपने नफे के लिए इस्तेमाल करते हैं। दूसरी बात यह कि एक परिवार को आरक्षण की सहूलियत मिल जाए तो दूसरी बार भी उसे यह आरक्षण मिल जाता है। आरक्षण मिल जाने पर वह गाँव या अपनी बस्ती छोड़कर शहरबाश्त बनकर जीना चाहते हैं। इसलिए दलित का मसाइल आसानी से खत्म नहीं किया जा सकता। जब एक मसाइल खत्म हो जाएगा तो जल्दी ही जल्दी दूसरा मसाइल उन्हें आखेट करने के लिए जरूर आएगा। फिर भी उम्मीद है की दलित की सिमत और हालत में बेहतरीन बदलव जरूर ही आई है।

नैमिशराय का संघर्ष भरे दिल की नवा नई चेतना के साथ बाद में यों फैल गई। उनकी वह नवा गुहार नहीं थी नई पुकार थी, नई ललकार थी। सदियों से दबे फुसफुसाहट की खुली आवाज फूट कर बाहर निकली। ''थू तुम्हारा मंदिर और तुम्हारा प्रसाद।''[3] दलितों की गुहार पुकार, ललकार और चेतावनी में तब्दील होने का मौका उनकी इस छोटे जुमले में शामिल है। यह दलितों के लिए आह्वान है अपना आंदोलन शुरू करने का। हर शख्स को इस तरह कुलीन खानदान जात के लोगों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान। सदियों से झेले, सहे, बर्दाश्त किए दर्दों की राहत उनकी इन सरगर्मियों में भरी पड़ी हुई है। नैमिशराय के दर्द, नफरत, घुटन व अफसोस, सारे के सारे एहसास व जिंदगी की जिद्दोजहद और संघर्ष दलित समाज के हर पहलू में देखा जा सकता है। दलितों के सामाजिक हकों का रद्दोबदल होता रहता है तो नैमिशराय अपनी आत्मकथा से नए जिद्दोजहद के लिए दलितों के दिलोदिमाग में बूता भर देते हैं ।

पिंजरे का मतलब दरबा है। 'अपने अपने पिंजरे' उत्तर प्रदेश की पिछड़ी चमार जात में जन्मे एक संवेदनशील युवक की आत्मकथा है। उन्होंने अपने खिलाफ की सिमत और हालत में अपनी तालीम मुकमल की है। दलित अदब ने काफी हद तक साहित्य के कुलीन खानदानी किरदार को तोड़ दिया है। नैमिशराय ने अपनी हयात की तल्ख, सख्त, बेरहम सच्चाइयों को इस आत्मकथा में उकेर दिया है। इसमें इजहार किए हुए तजुर्बों का रिश्ता मासी से जुड़ा हुआ होता है, हाल से इनका कोई सरोकार नहीं है। जिस स्कूल में मोहनदास नैमिशराय ने अपनी तालीम की सरगर्मियाँ की हैं, उसको बाहर के लोग

अक्सर चमारों का स्कूल ही कहा करते थे। कुलीन लोग हर संज्ञा के साथ विशेषण का इस्तेमाल किया जाना चाहते थे कि चमार गली, चमार स्कूल, चमार पंचायत, चमार नीम, चमार नल, चमार पानी। इससे यह मालूम हो जाता है कि कुलीन जात के लोग चमार का नाम जोड़कर उसकी कीमत को कम करके दिखाना चाहते हैं। जात पहले बाकी बाद में, यह समाज में फैली बदी बुराई की जीती जागती मिसाल है, बानगी है। स्कूल के पहले चमार, नल के पहले चमार, पंचायत के पहले चमार। चमार यहाँ विशेषण बनकर संज्ञा की अहमियत को कम कर देता है। यही कुलीन जात का मकसद है। स्कूल में अध्यापकों की कमी होती थी। स्कूल चमारों की बस्ती में है और पढ़ने वाले सब चमार ही होते हैं। इसलिए यहाँ अध्यापक लंबी छुट्टियाँ लेते थे, नहीं तो तबादला अपनाने की कोशिश करते थे। सबसे बड़ा दर्द यह है कि लोग चमार को गाली के तौर पर इस्तेमाल भी करते थे।



इस आत्मकथा के पहले पहलू में मेरठ शहर की हकीकी इतिहास और तहजीब का शानदार बयान हुआ है। माँ की मौत, फिर सौतेली माँ का आना जिंदगी में आने वाली तब्दीली का मोड़ है। मगर संयुक्त परिवार रहने के सबब से कोई खास बदलाव उन पर नहीं हुआ था। उस वक्त पैसे का तंग और कहर था, मगर शहरबाश्त होने की वजह जात का हमला उनपर बिल्कुल नहीं हुआ था। अपनी बस्ती के बाहर उनकी जात की कोई पहचान नहीं हुई थी। चमार की बस्ती में कुछ मुस्लिम परिवार भी रहते थे। अपनी आत्मकथा में बस्ती के दर्जनों किरदारों का बयान उन्होंने सही तर्ज पे उकेर दिया है। नूर मुहम्मद कसाई पर कुछ जुमलों के सहारे उसके शील पे नैमिशराय ने नूर डाला है। नूर की नजर में ''एक जानवर है दूसरा औरत है। एक को काटते थे, दूसरे को पीटते थे।''[4] उच्च जातों के बारे में एक जगह लेखक ने यों लिखा है, ''वे अपनी आदतों के गुलाम थे और हम उनके गुलाम।''[5] यह उनकी बस्ती का हकीकी आईना है। इस मुल्क के नगर, महानगर, शहर और कस्बे की बस्ती में छोटे-छोटे घरौंदे व झोंपड़ियों में हाशिये पे जीने वाले मजदूर ही रह रहे हैं। इनमें ज्यादातर दलित ही बस रहे हैं। मुश्किल से अपनी रोजगार जिंदगी काट देते हैं। इसलिए यह बस्ती दलितों की नुमाईंदा बस्ती है। अपनी दास्तान बताने के बीच उन्होंने गरीब मुसलमान लोगों की दास्ताँ भी बताई है।

चमार चमार होते हैं न हिंदू होता है न मुसलमान होता है। यह जो कथन है वह बालक नैमिशराय के दिल में आग का सवाल पैदा कर देता है। उन सवालों में एक सवाल यह भी था अगर हम न हिंदू हैं और न मुसलमान हैं तो फिर हम हैं क्या ? चमार कौन होते हैं ? इस सवाल के जवाब की खोज में लेखक बाद के जीवन के संघर्ष

से इसका जवाब ढूँढ़ निकाला है। यहीं से जात को लेकर उसके मन में अनेक सवाल उठने लगते हैं।''आदमी जब पैदा होता है, उसकी जाति लिखाई जाती है और मरने पर भी। यही जाति पहले सरकारी रजिस्टर में दर्ज होती है या लोगों के दिलों में। इनका सबका विश्लेषण करने की न समझ थी, न उम्र।''[6]

लेखक अपनी मानसिकता का बयान करते हुए आत्मकथा के शीर्षक की सार्थकता साफ-साफ इजहार कर देते हैं। ''मैं अपने आप से बिछुड़ता जा रहा था। अपना ही शहर बेगाना-सा लगने लगा, मेरे लिए वह शहर जैसे पिंजरा बन गया था।'' [7] एक जगह लेखक खुलकर लिखते हैं कि एक ईसाई लड़की लेखक की तरफ कशिश हो गई थी। मुंबई से फिर लेखक मेरठ की ओर जाते हैं तब लड़की बिल्कुल उदास व मायूस हो जाती है। लड़की का बयान खूब फिकरमंद है; क्योंकि पिंजरा सिर्फ दलितों के लिए नहीं, बल्कि ईसाई लड़की के लिए भी है। लड़की अपने पिंजरे में है। लेखक अपनी चमार बस्ती के पिंजरे से अभी बाहर आए हैं। लड़की के जुमले इस तरह हैं, ''इधर हम पिंजरे में बंद होने की माफिक फड़फड़ाता है। यह पिंजरा तोड़कर किधर जाये?''[8] सूजी अपने पिंजरे में बँधुआ बन गई है, नैमिशराय अपने मेरठ के पिंजरे में। रसवंती दूसरे पिंजरे में बँधुआ है।''इसमें लेखक सचमुच उस पिंजरे को तोड़कर सदा के लिए आजाद हो सका है?''[9] नहीं, उसे फिर मेरठ वापस जाना पड़ता है, अपने पुराने पिंजरे में। अपने अपने पिंजरे आत्मकथा से समाज को यही बताना चाहते हैं कि हर आदमी अपने-अपने पिंजरे का बँधुआ है। उससे बच पाना बहुत ही मुश्किल है। कोई सियासी पिंजरे में, और कोई छुआछूत के पिंजरे में और कोई बेतालीम के पिंजरे में, दूसरा कोई गरीबी के, पराया कोई जात के। पिंजरा कहीं खत्म नहीं होता है, एक पिंजरे से रिहाई मिल जाने पर हर कोई अनजाने या जाने दूसरे पिंजरे में बँधुआ बन जाता है। इस शोध तहरीर का तरफदारी या ताईद के लिए अपनी एक नज्म भी काबिल ए जिक्र समझता हूँ। ''घोसले में आजादी की महक है / पिंजरे में गुलामी की / घोंसले में सफर की आजादी है / अपनी मर्जी के मुताबिक रहने, जाने, उड़ने की आजादी / पिंजरे में हजर की गन्दगी है। / जमी हुई गर्द की बदबू / पिंजरे में बंधुआ परिंदा / आजाद होके, चैन पाके भी अपने भीतर के पिंजरे को तोड़ न पाए /''

लेखक अपने नपुंसक भाई का बयान करने में भी नहीं हिचकते हैं। गरीबी सह पाएँगे, रहने का घर छोटा घरौंदा रहे, पानी जात की वजह न मिले, अपनी बस्ती से लेखक मुंबई की तरफ पलायन कर देते हैं। मुंबई का हाल भी एक तरह बराबर है। मगर जात का हमला बिल्कुल नहीं होता है। जात के नाम पर जिन-जिन चीजों पे रोकथाम लगाई जाती है, वह मुंबई में नहीं है। अपनी हालत का बयान लेखक ने यों ही किया है।''मुम्बई में भूख थी, गरीबी थी और बेरोजगारी थी, लेकिन आदमी-आदमी के बीच जातियों की दीवारें न थीं। कभी किसी ने जाति न पूछी थी, न ही धर्म।''[10]

दूसरे हिस्से में दलितों की कई उप-जातियों का बयान लेखक करते हैं। जब तक दलित कई मुख्तलिफ जात के टुकड़ों में रहे तो उसका संघर्ष नाकाम रहेगा। एक और एक ग्यारह होता है। यह जब तक दलित समाज नहीं समझ पाएँगे, तब तक उनका आंदोलन कुकुरमुत्ते का संघर्ष ही रहेगा। ''दलितों के भीतर की जाति तथा उप-जातियों की अनगिनत सुरंगें थीं, जो कभी-कभी दलित अस्मिता और पहचान को बाँटती तथा तोड़ती थीं। हालाँकि एक सुरंग से दूसरी सुरंग में जाने के रास्ते बंद थे। जातियों की रचना प्रक्रिया में उलझाव ही अधिक थे।''[11] इस उलझाव को सुलझा न पाए तो दलितों की सिमत और हालत बेहतर नहीं बन पाएगी। दलित में भी उच्च, मध्य और निम्न तबके की अस्मिता उनके बीच में भी संघर्ष की शुरुआत कर देती है। लेखक अपनी बेबसी का इजहार करते हुए लिखते हैं कि ''उत्तर प्रदेश में चमार, रविदास, जैसवार, अन्तवैदी, कुरील, धुसिया, जाटव, दोहरे, अहरवार, गुलिया, रैदासी, संखवार- ये सभी एक जाति परिवार की विभिन्न शाखाएँ थीं। आजादी से पहले और बाद में भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इन लोगों को 'जाटव' नाम से संगठित किया था। अपने को क्षत्रिय वंश से जोड़कर कुछ अपने नाम

के सामने 'सिंह' लगाने लगे। इनमें से कुछ अपने नाम के आगे पिप्पल, कर्दम, केल, खेल, निम, पिपरिया लिखने लगे। कभी-कभी दलित के भीतर जात एक दूसरे को मानते ही नहीं। दलितों में ही 'जाटव' और 'वाल्मीकि' जातियों के बीच संवाद का अभाव तो था ही। आपस में घृणा और तनाव का वातावरण भी रहता था।''[12] इन दोनों समुदायों के व्यवसाय, खान-पान, रहन-सहन में अंतर है। एक सुअर खाते हैं दूसरे सुअर देखना भी पसंद नहीं करते। दलित संघर्ष को यह कमजोरी पहचाने की ताकत होनी चाहिए। इसलिए ही लेखक ने अपनी आत्कथा के जरिए इस तरह की बातें पेश की हैं। सियासी दल भी दलित को मुख्तलिफ टुकड़ों में बाँध कर अपने-अपने नफे के लिए इस्तेमाल करते हैं। दूसरी बात यह कि एक परिवार को आरक्षण की सहूलियत मिल जाए तो दूसरी बार भी उसे यह आरक्षण मिल जाता है। आरक्षण मिल जाने पर वह गाँव या अपनी बस्ती छोड़कर शहरबाश्त बनकर जीना चाहते हैं। इसलिए दलित का मसाइल आसानी से खत्म नहीं किया जा सकता। जब एक मसाइल खत्म हो जाएगा तो जल्दी ही जल्दी दूसरा मसाइल उन्हें आखेट करने के लिए जरूर आएगा। फिर भी उम्मीद है की दलित की सिमत और हालत में बेहतरीन बदलव जरूर ही आई है। ❑

(दयिर का आबिद = मंदिर का पुजारी। तलफुज : उच्चारण, अलफाज का अदा करना। हजर = residence at home, opposite of journey घर में रहना, 'सफर' का उलटा। जिद्दोजहद : प्रयत्न, संघर्ष। तरफदारी : ताईद, समर्थन)

संदर्भ संकेत :

(1) गूगल सर्च : रेख्ता डिक्शनरी
(2) मोहनदास नैमिशराय : अपने अपने पिंजरे : पृ 31
(3) मोहनदास नैमिशराय : अपने अपने पिंजरे : पृ 32
(4) वही : पृ 22
(5) वही : पृ 22
(6) वही : पृ 57
(7) वही : पृ 127
(8) वही : पृ 140
(9) वही : पृ 7
(10) वही : पृ 14
(11) वही : पृ 62
(12) वही : पृ 67

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

हिंदी नाट्य साहित्य में मोहन राकेश का योगदान

डॉ. राजकुमार मोबी सिंह

हिंदी विभाग
डी.एम. विश्वविद्यालय
इंफाल (मणिपुर)-795001
9856531364
rkmobisingh@gmail.com

भूमिका :

हिंदी नाट्य साहित्य में राकेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतेंदु हरिश्चंद्र के नाट्य लेखन ने आधुनिक हिंदी रंगमंच की सही शुरुआत की थी। इसके बाद जयशंकर प्रसाद ने हिंदी नाट्य साहित्य को काव्यात्मकता एवं कलात्मकता देकर नई प्रतिष्ठा प्रदान की है। लक्ष्मीनारायण मिश्र ने इसे समकालिन यथार्थ से जोड़ा। स्वतंत्रता के बाद जगदीश चंद्र माथुर, उपेन्द्रनाथ अश्क और लक्ष्मीनारायण लाल के मध्यवर्गीय स्त्री-पुरुष से संबंधित महत्वपूर्ण नाट्यय-कृतियों का प्रकाशन हुआ। परंतु सच यह है कि इन सबके बावजूद जून 1958 में प्रकाशित मोहन राकेश का नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' आधुनिक हिंदी नाटक और रंगमंच के नए आंदोलन के आरंभ का सबसे पहला और महत्वपूर्ण प्रमाण है। दूसरे शब्दों में हिंदी नाट्य साहित्य में यदि लीक से हटकर कोई नाम आता है तो सिर्फ मोहन राकेश का। राकेश ने हिंदी नाटक को 'अंधेरे बंद कमरे' से बाहर निकलवाकर उसे स्वतंत्र रूप दिया। उन्होंने हिंदी नाटक को पहली बार अखिल भारतीय स्तर ही नहीं, विश्व नाटक के स्तर तक उठाया है। अत: राकेश ने व्यापक स्तर पर हिंदी नाट्य साहित्य को प्रभावित किया है। यह भी कहा जाता है कि 'आषाढ़ का एक दिन' से हिंदी के नए रंगान्दोलन की शुरुआत की है, 'लहरों के राजहंस' ने उसे परिपक्व बनाया है और 'आधे-अधूरे' ने उसे व्यापकता एवं लोकप्रियता प्रदान करके हिंदी नाट्य साहित्य को विश्व स्तर तक उठाया है।

विषय-विस्तार :

राकेश ने 'आषाढ़ का एक दिन', 'लहरों के राजहंस' और 'आधे-अधूरे'- ये तीन पूरे नाटक लिखे और 'पैर तले की जमीन' अधूरा ही रह गया, जिसे उनके मृत्योपरांत उनके मित्र कमलेश्वर ने पूरा किया। मोहन राकेश आधुनिक भावबोध के लेखक रहे हैं। उन्होंने ऐतिहासिकता के माध्यम से प्राचीन काल की प्रशंसा की बजाय वर्तमान समस्याओं को उठाया है। 'आषाढ़ का एक दिन' और 'लहरों के राजहंस' - दोनों इतिहास पर आधारित नाटक हैं। 'आषाढ़ का एक दिन' इतिहास पुरुष कालिदास से संबंधित है और 'लहरों के राजहंस' की कथा का आधार

'अश्वघोष' के प्रसिद्ध महाकाव्य 'सौंदरनंद' से लिया गया है। इन नाटकों के द्वारा नाटककार ने ऐतिहासिक कथानक नहीं दोहराए, उनको नए परिवेश और आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुत किया है। 'लहरों के राजहंस' में एक ऐसे कथानक का वर्णन है, जिसमें सांसारिक सुखों और आध्यात्मिक शांति के पारस्परिक विरोध तथा उनके बीच खड़े हुए व्यक्ति के द्वारा निर्णय लेने का अनिवार्य द्वंद्व निहित है। इसके साथ-साथ यह आधुनिक स्त्री-पुरुष संबंध को भी व्यक्त करता है। 'आषाढ़ का एक दिन' में कालिदास ऐतिहासिक पात्र नहीं, बल्कि हमारे सृजनात्मक शक्तियों का प्रतीक है। नाटक में यह प्रतीक उस अंतर्द्वंद्व को संकेतित करने के लिए है, जो किसी भी काल में सृजनशील प्रतिभा को आंदोलित करता है। 'आधे-अधूरे' और 'पैर तले की जमीन' समकालीन जीवन के तनाव को पकड़ने में समर्थ हैं। यह नाटक आधुनिक मध्य वर्गीय स्त्री-पुरुष के बीच के तनाव को व्यक्त करते हैं, तो एक तरफ पारिवारिक विघटन को भी व्यक्त करते हैं। 'आषाढ़ का एक दिन', 'लहरों के राजहंस', 'आधे-अधूरे' और 'पैर तले की जमीन' को एक साथ देखें तो चारों का मूल समस्या लगभग एक सा ही है- आधुनिक पारिवारिक संबंधों में तनाव, खासकर स्त्री-पुरुष संबंध को लेकर। चारों के कथ्य हमें अपने आप से, अपने आस-पास के जीवन और परिवेश से परिचित कराता है। हमें हमारी ही यथार्थ दुनिया का साक्षात्कार कराता है।

राकेश ने अपने नाटकों में आधुनिक समस्याओं को उठाया है। उनकी समस्याएँ आधुनिक समाज की समस्याएँ हैं। 'आषाढ़ का एक दिन' की मल्लिका और कालिदास का संबंध बड़ा स्नेह और मधुर है। दोनों भावना के स्तर पर अत्यंत दुख एवं पीड़ा के साथ मल्लिका को छोड़कर चला जाता है। 'लहरों के राजहंस' भी 'आषाढ़ का एक दिन' की तरह पारिवारिक संबंधों, खासतौर से दांपत्य संबंध के बीच उत्पन्न तनाव को रेखांकित करता है। 'लहरों के राजहंस' में नंद और सुंदरी दोनों विवाहित पति-पत्नी हैं। फिर भी दोनों में तनाव है, दोनों में अहं का बोध है। एक दूसरे को न समझ पाने की स्थिति है। नंद घर में नहीं रह पाता, सुंदरी उसे रोक नहीं पाती। अत: पति-पत्नी के बीच कड़ुआहटपन, असंतोष एवं पराजय के भाव हैं। पति-पत्नी के कलहपूर्ण जीवन में पति की स्थिति को मोहन राकेश नंद के शब्दों में इस प्रकार प्रकट करते हैं, ''मैं चौराहे पर खड़ा एक नंगा व्यक्ति हूँ, जिसे सभी दिशाएँ लीन लेना चाहती हैं ओर अपने को बचाने के लिए उसके पास कोई आवरण नहीं है।''[1] 'आधे-अधूरे' के पति-पत्नी विवाहित ही नहीं, बाल-बच्चे वाले भी हैं। पर दोनों में भी अलगाव, पीड़ा एवं घुटन ही हैं। सावित्री-महेन्द्रनाथ असफल वैवाहिक जीवन का बोझ ढो रहे हैं। दोनों अपने आप में अधूरे होते हुए भी एक दूसरे को नीचा दिखाते हैं, दोनों में पूर्णता खोजते हैं। पति की अधूरी एवं असहाय स्थिति से ऊब कर पत्नी सावित्री यह तक कह देती है, ''मत कहिए मुझे महेन्द्र की पत्नी। महेन्द्र भी एक आदमी है, जिसके अपना घर-वार है, पत्नी है, यह बात महेन्द्र को अपना कहने वालों का शुरू से ही रास नहीं आई हैं।''[2] अयूब और सलमा 'पैर तले की जमीन' नाटक के पति-पत्नी हैं। दोनों के दांपत्य जीवन में भी वही तनाव है, जो अन्य नाटकों में है। अपनी पत्नी को छोड़कर अयूब अपने शरीर की भूख

मिटाने के लिए अपने घर से बाहर भटकता है। अत: आज पति-पत्नी में कहीं किसी धरातल पर तारतम्य नहीं है। अपने-अपने विचारों पर चलने वाला यह दंपति एक दूसरे को न समझ पाने के कारण अपनी अपनी विक्षप्तता में जी रहा है। वे अंतर्द्वंद्व में जीते हुए आत्मपीड़न झेलते हैं। उनके नाटक इन समस्याओं के कारणों एवं समाधानों से भी परिचित कराते हैं।

राकेश के नाटक सामान्य तौर पर आधुनिक तथा विशेष रूप से मध्यवर्गीय जीवन की समस्याओं को व्यक्त करते हैं। उनके नाटकों में पारिवारिक संबंधों को व्यक्त किया गया है। उनके स्त्री-पुरुष संबंधों से आधुनिक स्त्री-पुरुष संबंधों के बीच उत्पन्न विसंगति, पीड़ा एवं घुटन आदि को समझा जा सकता है। आज परिवार की दूसरी बड़ी समस्या है पारिवारिक सदस्यों में आपसी रिश्ते का क्रमश: विघटन। पति-पत्नी, माँ-बेटी, भाई-बहन आदि रिश्ते जो परिवार के सदस्यों को स्नेह के गहरे बंधन में बाँधे रखते हैं, वे आज अनुपस्थित हैं। आज परिवार अनिश्चितता की समस्या से भी ग्रस्त है, जो आज के आधुनिक परिवार के अनिश्चितता को सार्थक करते हैं। व्यक्तिगत स्तर पर अतृप्त काम 'सेक्स' राकेश के पात्रों की व्यापक समस्या है। राकेश के अधिकांश पात्र अनेक स्वभाव विकृतियों से ग्रसित हैं। स्वभाव-विकृति हमें आधुनिक जीवन की विविध समस्याओं से परिचय कराते हैं। राकेश के नाटकों के माध्यम से आधुनिक भारतीय समाज के जीवन यथार्थ को समझा जा सकता है। राकेश के नाटक हमें आधुनिक समस्याओं से अवगत कराते हैं।

मोहन राकेश के नाटकों में पारिवारिक संबंधों की विभिन्न स्थितियाँ और उससे उत्पन्न तनाव का विश्लेषण किया गया है। उनके नाटकों में आधुनिक पारिवारिक संबंधों की समस्याओं की मीमांसा की गई है। इनके माध्यम से नाटकों के चरित्रों के अंतरंग की पहचान कराई है। साथ ही आधुनिक व्यक्ति की मानसिकता को भी व्यक्त किया गया है। राकेश के इन पारिवारिक संबंधों के द्वारा पात्रों के चारित्रिक वैविध्य का प्रकाशन हुआ है।

मोहन राकेश अभिव्यक्ति के लिए भाषा से उलझने की समस्या को अपनी समस्या मानते हुए जानने की भाषा के बजाय निरंतर जीने की भाषा की तलाश करते थे। एक जगह राकेश ने लिखा था, ''मैं जानने की भाषा के बजाय निरंतर जीने की भाषा की ओर जाना चाहता हूँ।''[3] राकेश ने अपने नाटकों में नवीन संवेदना के अनुरूप भाषा का सर्जनात्मक संस्कार किया है। उनकी भाषा समकालीन संवेदना से सीधे साक्षात्कार कराने में समर्थ है। उन्होंने पूर्ववर्ती भाषा के बने-बनाए ढाँचे को तोड़कर आधुनिक संवेदना के अनुरूप भाषा का निर्माण किया है, जो आधुनिक बोलचाल की भाषा के गुणों से परिपूर्ण है। राकेश की भाषा जीवंत और प्रभावशाली है। उनकी भाषा अर्थ के विभिन्न आयामों को उद्घाटित करती है, बिंबों का विधान करती है। उनकी भाषा आंतरिक अनुभवों को भी व्यक्त करने में समर्थ है। राकेश की भाषा जीवंत बोलचाल की भाषा है। उन्होंने एक प्रकार की प्रचलित किताबी भाषा से मुक्त एवं रंगमंच के लिए उपयुक्त भाषा को चुना है।

राकेश के नाटकों की भाषा बोलचाल की भाषा की सर्जनात्मक उपलब्धि की और संकेत करती है। अपने कथ्य के अनुरूप उनकी भाषा जीवन के सामान्य अनुभवों को सामान्य लोगों तक व्यक्त करती है। उनकी भाषा आधुनिक यथार्थ को पकड़ने में पूर्ण समर्थ है। इसकी उपलब्धि इसका यथार्थ होना मात्र नहीं और न इसे केवल बोलचाल की भाषा कहना। वस्तुत: उसकी महत्ता उसके सर्जनात्मक प्रयोग में निहित है। उनकी भाषा जन-सामान्य और दैनंदिन जीवन के बहुत निकट है। उनकी भाषा जीवन की विविध विसंगतियों को व्यक्त करने में समर्थ है। सबसे बड़ी बात यह है कि स्थितियों की विसंगति को व्यक्त करने के लिए वे उसी के अनुरूप भाषा को तोड़ते-बनाते हैं। अत: उनकी भाषा आधुनिक जीवन की संवेदनाओं को व्यक्त करने में सक्षम है।

निष्कर्ष :

राकेश का सारा नाट्य लेखन गहरे रंगानुभव से जुड़ा है। राकेश ने रंगमंच को बाहर से 'नया' या 'आधुनिक' रूप देने के बजाय भारतीय परिवेश और रंगधर्मिता के अंदर से विकसित किया है। उन्होंने

तकनीकी रूप से समृद्ध और संश्लिष्ट पाश्चात्य रंगमंच के स्थान पर भारतीय रंगमंच को महत्व दिया है। उन्होंने न्यूनतम उपकरणों के साथ संश्लिष्ट प्रयोग कर भारतीय रंगमंच को समृद्ध बनाया है। मोहन राकेश यह मानते हैं कि पश्चिमी रंगमंच हमें 'बंद गली की ओर' ले जा रहा है, जो हमारे लक्ष्य के विपरीत है। इस पर राकेश का कथन है, ''पश्चिम का तकनीकी रूप से समृद्ध और संश्लिष्ट रंगमंच भी अपने में विकास की एक दिशा है परंतु उससे हटकर एक दूसरी दिशा भी है और मुझे लगता है कि हमारे प्रयोगशील रंगमंच की वही दिशा हो सकती है। वह दिशा रंगमंच के शब्द और मानव पक्ष को समृद्ध बनाने की है, अर्थात न्यूनतम उपकरणों के साथ संश्लिष्ट से संश्लिष्ट प्रयोग कर सकने की।''[4] उन्होंने 'शब्द' को महत्व दिया है।

'भारतीय रंगमंच शब्द का रंगमंच है'–इस बात पर जोर देकर राकेश ने भारतीय रंगकर्मियों को एक नया मार्ग दर्शाया है। राकेश की अपनी रंग–दृष्टि है। उन्होंने रूढ़ियों को तोड़ा है, नई दिशा की तलाश की है। साथ ही उन्होंने रंगमंच के बारे में एक नए सिरे से सोचने की शुरुआत जरूर की है और लोगों को भी सोचने की प्रेरणा दी है। ❑

संदर्भ सूची :

1. लहरों के राजहंस, मोहन राकेश, परिवर्द्धित संस्करण : 1965, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली–2, पृ. 122
2. मोहन राकेश के संपूर्ण नाटक, मोहन राकेश, संपादक : नेमिचन्द्र जैन, संस्करण : 1993, राजपाल एंड सन्ज, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6, पृ. 316
3. इनैक्ट 73–74 में मोहन महर्षि के द्वारा लिया गया राकेश का इंटरव्यू 'चेंजिंग रोल ऑफ वर्ड'
4. साहित्य और सांस्कृतिक दृष्टि : मोहन राकेश, संस्करण : 1975, राधा कृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, दरियागंज, नई दिल्ली–2, पृ. 86

संदर्भ–ग्रंथ :

1. आज के हिंद रंग नाटक : परिवेश और परिदृश्य – जयदेव तनेजा, प्रथम संस्करण 1980, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली–2
2. रंगशिल्पी मोहन राकेश – डॉ. नरनारायण राय, प्रथम संस्करण : 1991, कादम्बरी प्रकाशन, नई दिल्ली–15
3. आधुनिक हिंदी नाटक और रंगमंच – नेमिचन्द्र जैन, प्रथम संस्करण (1978) मॉडर्न प्रिंट्स दिल्ली–32
4. आधुनिक नाटक का मसीहा : मोहन राकेश, डॉ. गोविन्द चातक, प्रथम संस्करण 1975, इन्द्रप्रस्थ प्रकाशन, दिल्ली–5

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

हिंदी कविता और किसान जीवन

प्रो. चंद्रकांत सिंह

प्रोफेसर (हिंदी विभाग)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय
विश्वविद्यालय,
धौलाधार परिसर-एक,
धर्मशाला, जिला-कांगड़ा,
हिमाचल प्रदेश -176215
09805792455
chandrakantonlineclass@gmail.com

शोध सार :

हिंदी कविता आरंभ से ही किसान-संवेदना को लेकर जागरूक रही है। चूँकि भारत कृषि प्रधान देश है, इसलिए आरंभ से ही हिंदी कविता किसान को आधार बनाकर अपने भावों, प्रतीकों आदि के द्वारा काव्य का मूल रचती आई है। आदिकाल में जहाँ सामंतीय-बोध केंद्रीभूत रहा, वहीं भक्तिकाल में आम जनता के सरोकार केंद्र में रहे। यही नहीं, रीतिकालीन कविता जो दरबारों में पोषित और पल्लवित हुई, उसकी भी मूल धुरी आम जनता ही रही, जो खेतों में काम करती है, प्रकृति के साथ अविरल तालमेल स्थापित करती है। इस तरह आदिकाल से लेकर मध्यकाल की समूची चेतना मूल रूप से किसानपरक रही। हालाँकि भारतेंदु युग में कुछ बुनियादी परिवर्तन हुए, तार्किकता और वैज्ञानिकता ने देश को प्रभावित किया, किंतु वहाँ भी नवजागरण की देश-बानी किसान ही रहे। शनैः शनैः द्विवेदी युग, छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नई कविता, समकालीन कविता के नाम पर कई युगांतर घटित हुए, किंतु काव्य के मूल में सामान्य जनता ही रही जो बेकारी, महँगाई सभी को आत्मसात करती हुई प्रकृति के साथ सहजीवी के रूप में विकास करती रही। इस समूचे आलेख में इसी सामान्य जनता को देखने का लघु प्रयास किया गया है, जिसकी आत्मा खेतों में निवास करती है, जो भारत की मूल प्रकृति है, शक्ति है।

बीज शब्द :

सामंतीय जीवन, किसान-बोध, लोक, महानगरीय-बोध, श्रम की संस्कृति, भूमंडलीकरण ।

मूल आलेख :

कविता का जन्म समाज की चिंताधारा के बीच होता है। समाज की प्रवृत्तियों और घटनाओं का बारीक अंकन कविता में दिखता है। किसी भी देश की कविता हो, किसी भी समय की कविता हो, यदि उसमें तत्कालीन समय और समाज की चिंता नहीं है तो वह निश्चय ही निष्प्राण होगी। हिंदी काव्य-धारा ने अपनी आरंभिक यात्रा के साथ ही समय और परिवेश की व्याख्या की है। हिंदी कविता में

प्रारंभ से मध्य वर्गीय समाज का चित्रण दिखता है। बात यदि आदिकालीन साहित्य की करें तो यह राजे-रजवाड़ों का साहित्य है, कविता में दरबारीपन की स्पष्ट झलक भी मिलती है, किंतु सामंतीय जीवन के बीच आदिकालीन काव्य ने सिद्धों और नाथों की देशनाओं द्वारा समाज को नवीन दिशा देने का कार्य किया। सामंतीय समाज की काव्यधारा के बीच आदिकालीन साहित्य ने निम्न मध्य वर्गीय समाज का प्रतिबिम्ब प्रस्तुत किया है। इस साहित्य में विशेष प्रकार का तनाव देखते बनता है, सिद्धों ने वर्चस्वशील समाज के आधिपत्य को ध्वस्त कर मानवीय मूल्यों की स्थापना की। हिंदी कविता आदिकाल से ही किसान जीवन के प्रतीकों को ग्रहण करते हुए क्रमिक रूप से बढ़ रही है। हाँ, इतना अवश्य है कि आदिकाल में सामंतीय चेतना केंद्र में थी। इस वजह से कई बार शौर्य और पराक्रम की अतिशयता के बीच कविता की लोक चेतना दब-सी गई। किंतु तत्कालीन कवियों ने लोक के प्रवाह को पहचाना था और कविता को जीवन से जोड़कर देखना चाहा था ।

यदि भक्तिकालीन कविता की बात करें तो इस कविता में अभिव्यक्त किसान-बोध लोक के कारण ही अभिव्यक्ति पाता है। लोक ही इस कविता की शक्ति है, जहाँ से कविता को प्रेरणा और उत्साह मिलता है। भक्तिकालीन अधिकांश कवियों ने किसान-जीवन को अपनी कविताओं में अभिव्यक्ति दी है। भक्तिकालीन अधिकांश कवि स्वयं किसान हैं, इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए डॉ. राम विलास शर्मा जी संपूर्ण भक्ति आंदोलन को जन सरोकारों के साथ देखने के आग्रही हैं। वे स्पष्टत: कहते हैं कि- ''जुलाहे और किसान इस आंदोलन को शक्ति देने वाले हैं। सौदागर उसके सहायक हैं, हिंदू और मुसलमान, सूफी और संत दोनों उसमें शामिल हैं। भक्ति आंदोलन एक जातीय और जनवादी आंदोलन है।''[1] समग्र भक्ति की कविता का असल बोध किसान-बोध है, जहाँ से कवि को प्रेरणा मिलती रही है।

कबीर की कविताओं में जो प्रगतिशील मूल्य हैं, वे किसान जीवन के कारण हैं । कबीर ने भोजपुरी समाज के जन-जीवन को अपनी कविताओं में सार्थक स्थान दिया है। कबीर की कविता में जो जीवात्मा का चित्रण है, वह धुर किसानी बाला रूप में संकेतित है, जिसे नए परिप्रेक्ष्य में देखने और समझने की आवश्यकता है। कबीर ने भोजपुरी किसान-जीवन के ऐंद्रिय-संवेदनों के सहारे कविता का निर्माण किया है। उनकी कविताओं में जीवात्मा का चित्रण किसान की बहू रूप में हुआ है, जिसके सिर के ऊपर गागर है-

चली जात देखी एक नारी, तर गागरि ऊपर पनिहारी ।
चली जात वह बाटहिं बाटा, सोवनहार के ऊपर खाटा ।
जाड़न मरै सषेदी सौरी, खसम न चीन्हैं धरनि भी चौरी।
सांझ सकार दिया लै बारै, खसस छोंड़ि सुमिरै लगवारै ।
के संग निसु दिन राची, पिय से बात कहै नहिं साँची ।
सोवत छाँड़ि चली पिय अपना,
ई दु:ख अब दहुँ कहब कैसना।[2]

सूरदास की कविताओं का सांगोपांग विवेचन करने पर पता चलता है कि उनका जो कवि मन है, वह 'कृषक-मन' है । सूर की कविताओं में किसान जीवन की अपूर्व गाथा मिलती है, जिसे सूर ने रूपाकार दिया है। कृष्ण के जन्म के समय गाई जाने वाली गारी, सोहर, आदि मंगल-गीतों को देखने पर स्पष्टत: यही संकेत मिलता है कि सूर की कविता के केंद्र में लोक है, और यह लोक कृषक लोक है, जिस पर सूर अपनी कविता को साधते चलते हैं। सूर की कविता में किसान-जीवन का चित्रण करते हुए डॉ. मैनेजर पांडेय लिखते हैं कि - ''सूर के काव्य में खेती से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बात का जितना आत्मीय ज्ञान है, वह किसान-जीवन से तादात्म्य के बिना संभव नहीं। उसमें खेती की भूमि के गुण-धर्म की पूरी पहचान है।''[3]

रीतिकालीन कवियों की कविता का आकलन करने पर ज्ञात होता है कि इस कविता में व्यापक किसान-बोध है। हालाँकि इस कविता को दरबारी कविता कहकर खारिज करने की परंपरा भी हिंदी में खूब रही, किंतु महत्वपूर्ण बात यह है कि इस कविता में केवल विलासिता के गीत भर नहीं हैं, अपितु लोक की अविरल-धारा के भी दर्शन होते हैं। इस दृष्टि से देखने योग्य है पद्माकर की कविता, जिसमें कवि ने सार्थक उपमानों के प्रयोग किए

हैं। उनकी कविता में प्रकृति का मनोहारी चित्रण है, गेहूँ और जवास जैसे प्रतीकों के सहारे विरह में झुलसती हुई गोपिकाओं की व्यथा है, जिसे हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण धरोहर कहा जा सकता है –

बरसत मेह नेह सरसत अंग अंग,
झरसत देह जैसे जरत जवासो है ।
कहै पद्माकर कालिंदी के कदम्बन पै,
मधुपनि कीन्हों आइ महता मवासौ है ।
उधौ यह ऊधम जताई दीजौ मोहन कों,
ब्रज को सुवासौ भयौ अगिन अवासौ है।[4]

भारतेंदु युगीन कवियों ने आम जनता की पीड़ा को साहित्य में उतारना चाहा है। इस काल में टैक्स की समस्या, किसानों पर अनावश्यक आरोपित ऋण-बोझ आदि देखने योग्य हैं, जिन्होंने भारतीय व्यवस्था को जर्जर एवं अशक्त कर दिया था। तत्कालीन कवियों ने जमींदारों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न और अंग्रेजों की दासता के बीच पिसते हुए किसानों की दुर्दांत कथा को साहित्य में उतारा है। बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' की कविता 'अब काल पड़ा है भारी' इस दृष्टि से देखने योग्य है, जिसमें कवि ने अकाल की दारुण-व्यथा को उजागर किया है। अकाल के कारण कृषि का विनाश और कृषकों की विषम स्थिति का जैसा चित्रण इस कविता में मिलता है, वह देखने योग्य है –

भागो, भागो अब काल पड़ा है भारी,
भारत पी घेई घटा बिपत की कारी !
सब गए बनिज व्यापार इतै सौं भागी,
उद्यम पौरूष नसि दियो बनाय अभागी,
अब बची-खुची खेती हू खिसकन लागी,
चारहूँ दिसी लागी है महंगी की आगी,
सुनी चिल्लाएं सब,परजा भई भिखारी,
भागो, भागो अब काल पड़ा है भारी![5]

द्विवेदी युग के कवियों में देश-प्रेम की भावना प्रबल रही। इन कवियों की अधिकांश कविताएँ देश-प्रेम से प्रभावित हैं। यहाँ कवियों ने अपने समाज और देश की परिधि को पहचाना। द्विवेदी युग की अधिकांश कविताओं में जो देश-राग है, वह गँवई जीवन से प्रभावित है। इस युग में कवियों ने किसान-चेतना को स्पष्ट आधार बनाया है। कवियों को लगा कि देश का निर्माण अपनी

माटी से है और अपनी माटी का दुलारा किसान जब तक सुखी नहीं है, तब तक देश-भला कैसे सुखी हो सकता है। यही कारण है कि इस युग की कविताओं में किसान चेतना की विस्तृत अनुगूँज सुनाई पड़ती है। द्विवेदी युग में गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' जैसे कवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने ऐसी कविताएँ लिखीं, जिनमें किसान केंद्रित भावनाओं की प्रधानता है। त्रिशूल, गया प्रसाद शुक्ल सनेही आदि की कविताओं में किसान चेतना का ज्वार दिखाई पड़ता है। त्रिशूल को तो किसान केंद्रित कविता लिखने के कारण पहला 'राष्ट्र कवि' मान लिया गया था तथा 'कवि सम्राट' की उपाधि दे दी गई थी।[6]

तत्कालीन किसानों की परिस्थितियों को देखा जाए तो वह दयनीय थीं। उस समय किसान आत्महत्याएँ कर रहे थे । उन पर महाजनी सभ्यता का आतंक दिखता है। गया प्रसाद शुक्ल ने अपनी कविताओं में किसानों की दीनता का चित्र खींचना चाहा है। उनके 'कृषक-क्रंदन' काव्य को चिह्नित करते हुए ब्रह्मस्वरूप शर्मा कहते हैं कि - ''गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' का 'कृषक-क्रंदन' एक महत्वपूर्ण काव्य-ग्रंथ है । इसमें कथानक का अभाव है। कवि ने भारतीय किसानों की दीनहीन अवस्था का मर्मस्पर्शी चित्रण किया है। वादबद्धता से दूर इस काव्य में राष्ट्रीय भावना का पोषण हुआ है। उनकी मुक्तक कविताओं में भी दीन-हीन वर्ग की भावनाओं और अभावों का मार्मिक चित्रण हुआ है।''[7]

छायावादी कवियों में निराला अपने काव्यगत विकास के आरंभिक दौर से ही सजग कवि के तौर पर दिखाई पड़ते हैं, जिनकी कविताओं में दलितों एवं किसानों के प्रति सहज आत्मीयता का भाव है। निराला की कविता में किसानों की दीनता के प्रति मार्मिक करुणा का भाव भर नहीं है, बल्कि धरती का असीम राग उनकी कविताओं का वास्तविक सौंदर्य है। बदलते परिवेश के साथ धरती का बदलता हुआ नया रूप निराला की कविता का केंद्रीय तत्व है। 'सखी बसंत आया' कविता ने निराला की कविताओं को नया रूप दिया है। इस कविता में कवि ने धरती का गीत गाया है, जो देखने योग्य है -

आवृत सरसी-उर-सरसिज उठे,
केशर के केश कली के छुटे,
स्वर्ण-शस्य-अंचल,
पृथ्वी का लहराया।[8]

रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' छायावादोत्तर हिंदी कविता के प्रखर स्तंभ हैं, जिनके यहाँ ताल, पोखर, नदी आदि का दुर्लभ संगीत सुना जा सकता है। किसान जीवन के जितने बहुविध प्रतीक हैं उनकी कविता में साकार हो उठते हैं। 'वो विहगवाही गगन' कविता में कवि ने खेतों की मेड़ आदि की हरीतिमा और कृषक गीत के साथ ग्राम्य संस्कृति का स्मरण किया है -

यों मुझे छोड़ो न सागर की धुँएली छाँह पर
साथ ले लो साथ अपने ओ विहगवाही गगन!
लौटती तानें, भटकते राग, मेड़ों की थिरक
हूँ सहेजे मैं सभी भोगे-अभोगे संचरण [9]

प्रयोगवादी कविता ने शिल्प के स्तर पर कई प्रयोग किए, शहरी जीवन की यातना के स्वर भी इस कविता में देखे जा सकते हैं। लेकिन केवल इतना ही सच नहीं कि कविता महानगरीय बोध से भरी हुई है, अपितु इसमें सहज मानवीय चेतना का उभार द्रष्टव्य है। इस कविता में प्रकृति के मनोरम रूप और धरती के राग-रंग की तस्वीर दिखती है, जिसे कवियों ने बहुविध पिरोया है। अज्ञेय की कविता 'हवाई यात्रा : ऊंची उड़ान' में महानगरी व्यवस्था और गँवई चेतना का पारस्परिक सहजीवन है। श्रमरत किसान की व्यथा से भरी हुई कारुणिक कहानी को यह कविता रखती है-

उतरो थोड़ा और सांस ले गहरी
अपने उड़न खटोले की खिड़की को
खोलो और पैर रखो मिट्टी पर
खड़ा मिलेगा वहां सामने तुमको
अनपेक्षित प्रतिरूप तुम्हारा
नर, जिसकी अनछिप आँखों में
नारायण की व्यथा भरी है।[10]

प्रगतिशील कवियों की चेतना का आधार किसान जीवन है । इन कवियों ने किसान जीवन को केंद्र में रखा

और कविता को रचा है। चाहे नागार्जुन हों, केदार नाथ अग्रवाल हों या त्रिलोचन-इन कवियों के वैचारिक सरोकार जनता के बीच से उपजते हैं। इन कवियों की प्रतिबद्धता का उभार किसान जीवन के मूल्यों के कारण ही है। केदारनाथ अग्रवाल की कविता में बुंदेलखंड की जनता के जन-जीवन की झाँकी दिखती है, जिसे कवि अपनी कविता में जगह देते हैं। 'गाँव की औरतें' कविता में कवि केदारनाथ अग्रवाल ने ग्रामीण स्त्री के दुख को व्यक्त किया है। गंदी कोठरियों में, भूख से लगातार संघर्ष करती हुई औरतों की व्यथा को कवि ने शब्दांकित किया है -

गाँवों की औरतें
गंदी कोठरियों में हांफती-
खांसती,खासोताती रूखे बाल
घिसती हैं जाँता जटिलतर;
गाँवों की औरतें
सूखा पिसान फांक-फांक कर
पीठ-पेट एक कर-हाड़ तोड़
मरती हैं पत्थर रगड़कर !! [11]

केदारनाथ अग्रवाल के कवित्व पर बात करते हुए दिनेश कुशवाह कहते हैं कि - ''वे जन कविता के शिल्पकार हैं। उनकी संवेदना और दृष्टि जीवन के शिल्पकारों को जानती और पहचानती है। वे उन्हीं के बीच बसते और रचते हैं। हमारे समाज में जो लोहार है, कुम्हार है, सोनार है, लखेरा है, तमेरा है ठठेरा है, राजगीर है, बढ़ई है, यानी कि जो कमेरा है, वही भारतीय जनजीवन का शताब्दियों से शिल्पकार है। विडंबना यह है कि यही शिल्पकार भारत का सबसे अधिक दलित-प्रताड़ित और वंचित-जन है। केदारनाथ का कवि इसी दलित-प्रताड़ित और वंचित जन का सखा-बंधु-अनुचर है।''[12]

नक्सलबाड़ी आंदोलन से समकालीन हिंदी कविता की रेख बनी। इस कविता ने ग्रामीण संस्कृति को व्यापक संदर्भों में देखा । आज जिस तरह दुनिया में तब्दीली आ रही है और एक ही दिन में सब पुराना होता जा रहा है, यह चिंताजनक है। भूमंडलीकरण के बीच सूचनाएँ महत्वपूर्ण हो गई हैं और संबंधों में बदलाव हो रहा है। कवि अरुण कमल की कविता 'नए इलाके में' वर्तमान परिदृश्य का साक्षात्कार कराती है, जिसमें हर चीज पुरानी पड़ती जा रही है और स्मृतियों का विलोपन तेजी से जारी है। आज गाँव जिस तरह मिट रहे हैं वह चिंताजनक है, क्योंकि गाँवों का मिटना केवल स्थान विशेष में बुनियादी परिवर्तन भर नहीं है, बल्कि गाँवों के बहाने समूची संस्कृति का खत्म होना है -

यहाँ रोज कुछ बन रहा है
रोज कुछ घट रहा है
यहाँ स्मृति का भरोसा नहीं
एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया
जैसे वसंत का गया पतझड़ को लौटा हूँ
जैसे बैशाख का गया भादों को लौटा हूँ [13]

समकालीन हिंदी कविता का जनवाद व्यापक सरोकार लिए हुए है, जिसमें उपभोक्तावादी जनजीवन के प्रति क्षोभ की भावना है, जो लगातार उद्वेलित करती है। कुमारेन्द्र पारसनाथ सिंह की कविता 'गाँव खड़े हो रहे हैं' में गाँवों का समकालिक स्वर है। कवि ने हँसुआ, कुदाल की भाषा को दुबारा सिरजने का काम किया है। गाँवों की आत्मनिर्भरता और श्रम की संस्कृति का उभार इस कविता में देखा जा सकता है-

गाँव खड़े हो रहे हैं-
गाँव धूल और धुएँ के बीच से सर उठाकर खड़े हो रहे हैं
दमन की लाठी से उनके चूल्हे सर्द पड़ गए हैं-
गाँव सोये हुए संगीत को जगाने के लिए
हँसुवा,कुदाल और फावड़े का स्वर पकड़कर खड़े हो रहे हैं [14]

कवि केदारनाथ सिंह की कविता 'कपास के फूल' किसान-जीवन के सार्थक योगदान पर बात करती है। यह कविता आज के उपभोक्तावादी समाज पर व्यंग्य कही जा सकती है, जिसमें हर चीज उत्पाद में तब्दील हो रही है। साथ ही इस कविता में कहीं-न-कहीं इस बात का स्वीकार भी है कि आज की जीवन-शैली में हम चाहें कितने ही उपभोक्ताजीवी होते जाएँ, कभी भी हम

किसानी सभ्यता के ऋण से उऋण नहीं हो सकते–

पर क्या कभी सोचा है आपने
वह जो आपकी कमीज है
किसी खेत में खिला
एक कपास का फूल है
जिसे पहन रखा है आपने
जब फुर्सत मिले
तो कृपया एक बार इस पर सोचें जरूर
की इस पूरी कहानी में सूत से सुई तक
सब कुछ है
पर वह कहाँ गया
जो इसका शीर्षक था[15]

निष्कर्ष :

आदिकाल से लेकर अब तक की हिंदी कविता में लोक चेतना का अजस्र प्रसार देखा जा सकता है। आदिकाल में विद्यापति की काव्य संवेदना नितांत ग्रामीण रही और उसी संवेदना का अविरल रूप भक्तिकालीन कवियों से होते हुए समकालीन काव्यधारा का उपजीव्य है।

समकालीन हिंदी कविता में जो किसान–मूल्य हैं, वे हमारी परंपरा से आ रहे हैं। विगत कुछ दशकों से कृषकों का जीवन लगातार हाशिए पर है और देश भर के किसान आत्महत्याएँ कर रहे हैं, ऐसे में कविता के सहज संवेदन की आवश्यकता है, जो भारतीय किसान–बोध को बचाए, भूमंडलीकरण के बीच श्रम की संस्कृति, सामुदायिक, सहभागिता और सहस्तित्व की संस्कृति को फैलाए, जिससे कि सामाजिक रचाव की सक्रियता को अक्षुण्ण रखा जा सके। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. रामविलास शर्मा, 'भारतेंदु और हिन्दी नवजागरण', पृष्ठ- 35
2. सुधाकर पांडेय (संपादन), 'हिन्दी काव्य गंगा', नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, पृष्ठ-33
3. मैनेजर पांडेय, 'भक्ति आंदोलन और सूरदास का काव्य', पृष्ठ- 295
4. प्रो. चमन लाल गुप्त (संपादन), 'प्राचीन काव्य-संचयन', पृष्ठ- 70
5. योगेन्द्र दत्त शर्मा, 'देशभक्ति की कविताएँ', पृष्ठ-03
6. विजयमोहन सिंह, 'बीसवीं शताब्दी का हिन्दी साहित्य', पृष्ठ- 16
7. ब्रह्मस्वरूप शर्मा, 'आधुनिक हिंदी साहित्य', पृष्ठ-19
8. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, 'गीतिका', पृष्ठ- 35
9. रामेश्वर शुकल 'अंचल', चयनिका, पृष्ठ- 14
10. अज्ञेय, अज्ञेय रचना सागर : मोती और सीपियाँ', पृष्ठ-59
11. केदारनाथ अग्रवाल,'जो शिलाएं तोड़ते हैं', पृष्ठ -77
12. अरुण कमल (संपादन), आलोचना त्रैमासिक, सहस्त्राब्दी अंक बयालीस, जुलाई-सितंबर 2011, पृष्ठ- 56
13. अरुण कमल, 'नये इलाके में', पृष्ठ- 13-14
14. कुमारेन्द्र पारसनाथ सिंह, 'पत्थरों का गीत', पृष्ठ -84
15. केदारनाथ सिंह, 'सृष्टि पर पहरा', पृष्ठ -14

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

स्त्री अस्मिता : वर्तमान संदर्भ में

डॉ. शैलजा

असिस्टेंट प्रोफेसर
श्री गुरुनानक देव खालसा कॉलेज
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
देव नगर, नई दिल्ली-110005
9868617559
drshailjamohan@gmail.com

वर्तमान में स्त्री-चिंतन स्त्री-विमर्श के रूप में साहित्य के केंद्र में है। स्त्री-विमर्श के संदर्भ में यह कहा जाता है कि स्त्री की पीड़ा, उसका दुख-दर्द जितना स्त्री-लेखिका समझ सकती है, अनुभूत कर सकती है और उसे जिस रूप में अभिव्यक्त कर सकती है, उसे पुरुष उस रूप में वाणी नहीं दे सकता। हिंदी की चार कहानी-लेखिकाओं - शिवरानी देवी, सुभद्रा कुमारी चौहान, कमला देवी और हेमवती देवी की कहानियों की आलोचना के माध्यम से हजारी प्रसाद द्विवेदी उपर्युक्त तथ्य-सत्य की तह तक जाकर रूढ़ मान्यताओं पर प्रहार करते हैं - 'प्रचलित विश्वास यह है कि स्त्री को स्त्री ही ठीक-ठीक समझ सकती है। इसके साथ जो अनुमान अपने आप उपस्थित होता है, उसे प्राय: भुला दिया जाता है। वह अनुमान यह है कि पुरुष को पुरुष ही समझ सकता है और वही उसे व्यक्त भी कर सकता है। स्पष्ट ही यह अनुमान सत्य से बहुत दूर है और इसीलिए उसकी अनुमापक प्रतिज्ञा भी उतनी ही असत्य है। यह विचार कि स्त्री ही स्त्री को समझ सकती है और पुरुष स्त्री को नहीं समझ सकता, किसी बहके दिमाग की कल्पना मात्र है।'[1]

यह स्त्री तब और पीड़ित होती है जब उसकी व्यवस्थाएँ न्न-भिन्न होती हैं। आधुनिक काल में आई व्यावसायिक क्रांति के कारण स्त्री-निर्मित कृषिमूलक सभ्यता के ह्रास, परिवार और वर्ग की भावना के पराभव को वे वैयक्तिक स्वाधीनता के विकास का कारक मानते हैं। हजारी प्रसाद द्विवेदी आधुनिक काल की व्याख्या में यह अनुभव करते हैं कि इस युग के स्त्री-पुरुष को यह स्वीकार्य नहीं था कि स्त्री रहस्य बनी रहे। उन्हीं के शब्दों में 'पुरुष ने स्त्री को समझने की कोशिश की और स्त्री ने इस कार्य में उसे सहायता पहुँचाई और साहित्य नये सुर में बजने लगा।'[2]

निश्चय ही यह नया सुर 'स्त्री विमर्श' का था। उसके नये आख्यान का था। स्त्री अस्मिता के प्रश्न, वर्तमान संदर्भ में स्त्री-मुक्ति के उस अंकुर से समझा जा सकता है, जिससे दीनता और पराधीनता का बोध और उससे मुक्ति की इच्छा प्रस्फुटित हो रही थी। स्त्री अस्मिता की चेतना के लिए पुरुष की सोच में बदलाव होना एवं स्त्री एवं पुरुष के बीच समानता का व्यवहार होना आवश्यक है। स्त्री-मुक्ति की चेतना के लिए स्त्रियों को स्वयं सचेत रहकर अपने साथ हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न और अन्याय का प्रतिरोध करना आवश्यक है। वर्तमान समय में स्त्रियों ने उन्नति करने के लिए कड़ी मेहनत की है। आज स्त्रियाँ स्वाभिमान और आत्मविश्वास के साथ पारिवारिक बंधनों से स्वयं को निकालकर नौकरी और

व्यवसाय के क्षेत्र में अपना स्थान बना रही हैं। वर्तमान समय में स्त्रियाँ पुरुषों पर निर्भर रहते हुए विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं काम कर रही हैं।

वर्तमान समय में विभिन्न परिवर्तनों के साथ स्त्रियों के जीवन में भी परिवर्तन हो रहा है। आज की स्त्रियाँ आर्थिक रूप से स्वावलंबी होकर स्वयं के स्वतंत्र व्यक्तित्व को सजग होकर स्थापित कर रही हैं। स्त्री मुक्ति की चेतना के कारण स्त्रियों में स्वाभिमान और आत्मविश्वास की भावना के साथ जीवन जीने की इच्छा बढ़ने लगी है। आज स्त्रियाँ पुरुषों के समान स्तर पर आत्मविश्वास के साथ खड़ी हैं। स्त्रियों ने आज सभी क्षेत्रों में स्वयं के महत्व को दर्शाया है। आज स्त्रियाँ स्वयं निर्णय लेने की क्षमता रखती हैं।

स्त्रियों की स्थिति में सुधार होने के साथ-साथ स्त्रियों की सोच में भी बदलाव आया है। स्त्रियाँ अपने कर्तव्य और अधिकारों के प्रति जागृत हो चुकी हैं। साथ ही स्त्रियाँ अपनी अस्मिता को हमेशा बनाए रखती हैं. स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भारतीय समाज में अत्यंत तेज गति से बदलाव होने लगा। स्त्री मुक्ति आंदोलन, स्त्री जागरण, स्त्री सुधार आंदोलन, कानून आदि विभिन्न कारणों से स्त्रियाँ अपने साथ हुए अन्याय और अत्याचारों का प्रतिरोध करने में सक्षम हुई हैं। इस संघर्षशील युग में स्त्रियाँ केवल भावुक होकर कोई भी कार्य नहीं करतीं बल्कि व्यावहारिक होकर भी कार्य करती हैं और पुरुषों के समान स्थिति में स्वयं को बनाए रखती हैं। इसी कारण संघर्षरत स्त्रियों ने परिवार एवं समाज में स्वतंत्र अस्तित्व को निर्मित किया है। आज स्त्रियों का जीवन निराशा और बंधनों से घिरा नहीं है।

स्त्री आज स्त्री अस्मिता के प्रति सक्रिय और सजग हो गई है। स्त्रियाँ वर्तमान में अपने साथ हुए अन्याय एवं अत्याचारों का ही केवल तिरस्कार नहीं करतीं बल्कि दूसरी स्त्रियों के साथ हुए अन्याय के विरोध में संघर्ष करती हैं। आज स्त्रियों का संघर्ष केवल स्वयं तक ही सीमित नहीं रहता है। प्रभा खेतान के अनुसार 'समाज में नारीवादी बौद्धिकता की भी एक विशिष्ट भूमिका है। इस नई स्त्री को पहचान मिल चुकी है, वह हर कहीं, हर जगह नजर आती है। हर जाति और वर्ग में ऐसी स्त्रियाँ सक्रिय हैं। व्यक्ति होने के नाते उनमें प्रतिनिधित्व की क्षमता है। अपना मत-अमत जाहिर करने की भाषा उनके पास है। आज स्त्री ने सदियों की खामोशी तोड़ी है। उसकी नियति में बदलाव है। उसके व्यक्तिगत जीवन का उद्देश्य, दर्शन, उसका मन-मिजाज सभी तो बदल रहा है और इस नई भूमिका की अपनी धार है। उसका अपना वजूद महसूस किया जा सकता है। न केवल अपने हक के लिए वह सत्ता से सवाल करती है बल्कि औरों के लिए भी वह रूढ़िवादी परंपरा और वैचारिक दुराग्रहों को खँगालती है, खुरचती है। वह समझ चुकी है जिसे वह अपना यथार्थ समझती रही वह महज एक पितृसत्तात्मक सामाजिक निर्मिति है।' [3]

स्त्री-मुक्ति की चेतना ने आज स्त्रियों के परंपरागत छवि को तोड़ा है, जिससे स्त्रियों ने नई चेतना के साथ अपने अस्तित्व और स्वतंत्र जीवन प्राप्ति के लिए संघर्षरत होना सीख लिया है। स्त्रियाँ समाज में नवीन मूल्यों को स्थापित करने के लिए भी संघर्षरत हैं। स्त्री-शिक्षा के कारण विपरीत परिस्थितियों से लड़ना स्त्रियों ने सीखा है। मनुष्य जाति के निर्माण एवं विकास में स्त्रियों की मुख्य भूमिका रहती है। स्वस्थ समाज की कल्पना स्त्रियों के बिना असंभव है। वर्तमान समय में स्त्रियाँ व्यक्तित्व विकास के द्वारा शिक्षा एवं स्वतंत्रता के द्वारा, मेहनत और निष्ठा के द्वारा महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्राप्त कर रही हैं। स्त्रियों ने नये दृष्टिकोण को विकसित कर स्वयं की पहचान को स्थापित किया है। स्त्रियों के संघर्ष का ही परिणाम है कि शिक्षा, सामाजिक और पारिवारिक

जीवन में उनकी भागीदारी बढ़ गई है। रोजगार के अवसरों ने स्त्रियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है।

भारतीय समाज में पहले विधवा स्त्रियाँ उपेक्षित रहकर अपना जीवन व्यतीत करती थीं। पहले पति की मृत्यु के बाद विधवा स्त्रियाँ बेबस और आश्रयरहित जीवन बिताते हुए असहनीय यातना सहन करती रहीं पहले विधवाओं को समाज में सम्मानजनक दृष्टि से नहीं देखा जाता था, परंतु आज स्त्री आंदोलन और शिक्षा के कारण विधवा स्त्रियों की स्थिति में बदलाव आया है। अब विधवा स्त्रियाँ भी समाज में सम्मान के साथ रहने लगी हैं। नवीन युग की चिंतन-प्रणाली से स्त्रियों की नई पहचान बनी है। आज स्त्रियों में अपने साथ हुए न्याय-विरुद्ध आचरण को रोकने का साहस दिखाई पड़ता है। स्त्रियाँ अपने निर्णय-क्षमता के द्वारा स्वयं ही समस्याओं से लड़ती हैं। व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए स्त्रियों ने प्राचीन रूढ़ियों और परंपरा को तोड़ा है। आधुनिक दृष्टि को अपनाकर स्वचेतना, स्वाधीनता, शिक्षा के कारण स्वावलंबी होकर स्वयं का व्यक्तित्व विकास कर स्त्रियों ने स्वयं को आधुनिक रूप में बदला है। आज स्त्रियाँ अपनी अस्मिता को पहचानकर शोषण का प्रतिरोध कर समान अधिकार की इच्छा रखती हैं। वर्तमान समय में स्त्रियाँ पुरुषों के अहंकार को तोड़कर सशक्त रूप से अपने कर्तव्यों को पूर्ण करती हुई दिखाई देती हैं।

अनामिका कहती हैं कि 'स्त्री मुक्ति एक साझा चूल्हा है! मुझे हमेशा लगता है कि जैसे एक स्त्री को शिक्षित करना पूरे परिवार को शिक्षित करना है, स्त्री-मुक्ति में सब की मुक्ति है। तैयार करनी है एक ऐसी फिजां, जहाँ सच कहते या सुनते किसी की आँख ना झुके, कोई किसी का हक छीने नहीं, सबकी दुनिया, सबकी धरती हरी-भरी, उत्फुल्ल हो और झूठ किसी जीवन का चंद्रखिलौना न हो। बालपन से तो निकलना है। वयस्क होना है। इस पूरी मनुष्यता को उस सम्यक दृष्टि के साथ जो 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' के अराजकतावादी दर्शन में बिल्कुल विश्वास नहीं करती और इतिहास की भूलों से सीख लेकर हर तरह की आतंकप्रवर छीनझपट का अहिंसक किंतु अटल प्रतिरोध करती है।'[4]

स्त्री-चेतना का अभिप्राय परिवार को तोड़ना नहीं बल्कि परिवार से जुड़े सभी दायित्वों का निर्वाह करना है। आदर्श परिवार की स्थापना स्त्री-चेतना द्वारा ही संभव है। स्त्री-चेतना स्त्रियों को परंपरागत रूप से निकालकर उनके स्वतंत्र अस्तित्व की स्थापना कर उन्हें नवीन दिशा प्रदान करना है। स्त्री-मुक्ति की चेतना का अभिप्राय पुरुषों का विरोध कर उनसे संघर्ष करना नहीं है, अपितु स्वयं की अस्मिता का निर्माण एवं पुरुषों के समकक्ष स्थान प्राप्त करना है। वर्तमान समय में भूमंडलीकरण के कारण स्त्रियाँ सशक्त बन रही हैं। आज स्त्रियाँ आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के साथ आत्मनिर्भर बन रही हैं। आज स्त्रियाँ अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए सजग रहती हैं। सशक्त एवं समर्थ बनकर अपने आत्म सम्मान के साथ उन्नति कर रही हैं। स्त्री-चेतना समाज में स्त्रियों को विकसित एवं सर्व संपन्न बनाने के लिए नवीन विकल्प एवं संभावनाओं का निर्माण करती है। स्त्री-चेतना एक सतत प्रक्रिया है और स्त्री अस्मिता को जागृत करने का उद्देश्य समाज में स्त्रियों को समान रूप से भागीदार बनाना है।

स्त्री अस्मिता को सशक्त कर अपनी क्षमताओं को पहचान कर स्त्रियाँ नवीन ढंग से जीवन को देख रही हैं, जिससे समाज का भी उत्थान हो रहा है। भूमंडलीकरण प्रबल माध्यम बनकर स्त्रियों की अस्मिता को प्रबल करने में मुख्य भूमिका निभा रहा है। वैश्वीकरण में विश्व के संचार और तकनीक माध्यम एक होकर लोगों के मध्य सांस्कृतिक चेतना को विकसित कर रहे हैं। इससे लोगों के आचार-व्यवहार में परिवर्तन हो रहा है। इस परिवर्तन के कारण स्त्रियाँ मुक्त होकर एक ओर सकारात्मक व्यक्तित्व का विकास कर रही हैं, तो दूसरी तरफ स्त्रियाँ स्वयं की इच्छा से स्वयं का वस्तुकरण भी करने लगी है। वर्तमान समय में स्त्रियाँ बाजारवाद, मीडिया एवं उपभोक्तावाद युग में सभी उत्पादों के विज्ञापनों में दिखाई देने लगी हैं। 'महिला सशक्तिकरण में मीडिया ने विगत दो दशकों के दौरान भारत में रेडियो तथा समाचार पत्रों के द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। दूरदर्शन के विस्तार ने भी महिलाओं को एक नई दिशा दी है। शहरी क्षेत्रों में शिक्षित-प्रशिक्षित महिलाओं ने

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नित नई उपलब्धियाँ हासिल की हैं।'[5]

वास्तव में मीडिया ने भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों के द्वारा स्त्रियों को सशक्त किया है। आज स्त्रियों की भी विचारधारा में परिवर्तन हो चुका है और स्त्रियों के सामने उन्नति का पथ खुला हुआ है। इस प्रगति के पथ पर चलते हुए स्त्रियों को सर्वदा अपनी समस्याओं को, जीवन के प्रति दृष्टिकोण को, अपनी विचारधारा को खुले ढंग से व्यक्त करने के लिए तत्पर रहना होगा। वर्तमान समय में अस्मिता की रक्षा के लिए तमाम विपरीत परिस्थितियों से टकराते और जूझते हुए स्त्रियाँ समाज में अपना स्थान बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। स्त्री जाति के साथ हुए अन्याय के विरुद्ध संगठित होकर स्त्रियों ने समाज के दृष्टिकोण को बदलने का प्रयास भी प्रारंभ किया है. तसलीमा नसरीन स्त्रियों की स्थिति के विषय में कहती हैं कि 'यह पौधे भी पीपल की तरह बढ़ सकते हैं। लेकिन मिट्टी नहीं है। वैसी उर्वर मिट्टी नहीं है, जिसमें मनचाहे ढंग से बढ़ा जा सके। जो मिट्टी है भी उसमें कंकड़ पत्थर ही ज्यादा है, पानी नहीं है, खाद नहीं है, इसलिए इसमें पौधे बड़े नहीं होते।'[6]

आज स्त्रियाँ दासत्व से मुक्ति पाने, स्वतंत्र ढंग से जीवन व्यतीत करने और समानता के अधिकार के प्रति जागरूक हो रही हैं। अस्तित्वहीन तथा अस्मिताहीन जीवन जीने की घुटन ने स्त्रियों में एक चेतना का संचार किया है। और इस चेतना ने ही समाज में स्त्री विरोधी मानसिकता को तोड़ने का संकल्प लिया है पहले की तरह ही स्त्रियाँ आज भी दलदल में फँसी हुई हैं। हालांकि आज स्त्रियाँ अधिक संख्या में शिक्षित होकर उच्च पदों पर भी पहुँच गई हैं, परंतु सही अर्थों में स्त्रियाँ आज भी स्वतंत्र नहीं हो पाई हैं। वर्तमान समय में भी स्त्रियाँ शोषण का शिकार हो रही हैं, किंतु वर्तमान समय में शोषण का स्वरूप बदल चुका है।

वर्तमान समय में तसलीमा नसरीन, कृष्णा सोबती, महाश्वेता देवी, मन्नू भंडारी, मेहरून्निसा परवेज आदि स्त्रियाँ अपने लेखन द्वारा स्त्री अस्मिता के लिए संघर्ष कर स्त्रियों के स्वतंत्र अस्तित्व के विकास के लिए पथ-प्रदर्शक का कार्य कर रही हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि कोई साहित्य स्त्री-मुक्ति की चेतना को तभी दर्शाता है, जब उस साहित्य में स्त्री के दमन और संघर्ष की अभिव्यक्ति के साथ-साथ चेतना मिश्रित होती है। ❑

संदर्भ :

1. हजारी प्रसाद द्विवेदी ग्रंथावली, भाग-10, महिलाओं के लिए लिखी कहानियां, नामक निबंध, पृष्ठ-186
2. हजारी प्रसाद द्विवेदी ग्रंथावली, भाग-10, महिलाओं के लिए लिखी कहानियां, नामक निबंध, पृष्ठ-186
3. खेतान प्रभा, उपनिवेश में स्त्री, संस्करण-6, 2016, पृष्ठ : 53-54, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
4. अनामिका, स्त्री विमर्श का लोकपक्ष, संस्करण-1, 2012, पृष्ठ : 77, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
5. नईम मुहम्मद, महिला सशक्तिकरण : चुनौतियाँ एवं समाधान, संस्करण-1, 2014, पृष्ठ : 46, यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली
6. कुमार राकेश, नारीवादी विमर्श, संस्करण-1, 2011, पृष्ठ : 201, आधार प्रकाशन, हरियाणा

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

'काला जल' उपन्यास और आंचलिकता

डॉ. दिनेश साहू

सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सिक्किम विश्वविद्यालय
काजी रोड, गंगटोक,
सिक्किम-737101
7864878427
dshahu@cus.ac.in

सार-संक्षेप :

'काला जल' हिंदी साहित्य के सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपन्यासों में से एक है। इसमें छतीसगढ़ के एक विशेष क्षेत्र 'बस्तर' की आंचलिकता का वर्णन है। इस उपन्यास में गुलशेर खान शानी ने बस्तर के लोगों के जन-जीवन, परिवेश, पर्व-त्योहार और उनकी स्थानीय संस्कृति का सर्वांगीण विवरण प्रस्तुत किया है। शानी के आंचलिकता वर्णन ने इस कथा को बस्तर केंद्रित रखते हुए भी इसे अंचल से निकालकर पूरे देश की कथा बना दिया है। उपन्यास का विषय तत्कालीन समय के तमाम रूढ़ियों, अंधविश्वासों के साथ-साथ बस्तर की आंचलिकता है। बस्तर प्राकृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र रहा है। शानी ने इस उपन्यास में बस्तर के रहन-सहन, खानपान, पर्व-त्योहार, प्रकृति चित्रण आदि के माध्यम से आंचलिकता का चित्रण किया है, जो अत्यंत प्रभावशाली है।

बीज शब्द :

आंचलिकता, रूढ़िवादिता, अंधविश्वास, सांप्रदायिक सद्भाव, फोटोग्राफिक शैली, लोकधर्मी भाषा, जातिवाद, प्राकृतिक सुंदरता, भौगोलिक परिवेश, दिशाहीनता, अवरुद्धता, पर्व, त्योहार, महक।

1. प्रस्तावना :

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यासों में आंचलिक उपन्यासों का योगदान अद्वितीय रहा है। आंचलिक उपन्यास अपनी विशिष्टताओं के कारण अन्य उपन्यासों से भिन्न हैं। प्रत्येक अंचल या क्षेत्र अपनी सांस्कृतिक विरासत के कारण आंतरिक और बाह्य रूप से भिन्न प्रतीत होता है। आंचलिक उपन्यासों में कथाकार अपने प्रदेशांचल के व्यावहारिक जीवन का जीता-जागता यथार्थ स्वरूप प्रस्तुत करता है। इस क्षेत्र में फणीश्वरनाथ 'रेणु', 'नागार्जुन', 'अमृतलाल नागर', 'शैलेश मटियानी', 'रांगेय राघव', 'उदयशंकर भट्ट', 'विवेकी राय', 'गुलशेर खान शानी' आदि को हिंदी साहित्य में विशेष ख्याति प्राप्त है। इनके द्वारा रचित आंचलिक उपन्यासों में विशिष्ट परिवेश, नवीन कथा विन्यास, पात्रों की परिवर्तित मन:स्थितियाँ तथा आंचलिक संदर्भों की अभिव्यक्ति का यथार्थ वर्णन हुआ है एवं इनके उपन्यासों की भाषा

स्थानीय लोक जीवन की संस्कृति को पूर्ण रूप से अभिव्यक्त करने में सक्षम है।

हिंदी साहित्य जगत में गुलशेर खान शानी द्वारा रचित 'काला जल' उपन्यास में भी बस्तर क्षेत्र की आंचलिकता का वर्णन पूर्णत: देखने को मिलता है। गुलशेर खान शानी एक ऐसे अमर शिल्पी कथाकार हैं, जिन्होंने अपने अधिकतर उपन्यासों में ग्रामीण एवं आंचलिक समाज के यथार्थ को उद्घाटित किया है। इनकी रचनाएँ अपनी संरचना, शिल्प और स्वाद में एक अलग और नई पहचान लेकर उपस्थित होती हैं। वर्तमान समय में उपन्यास की लोकप्रियता इसके विस्तृत स्वरूप के कारण भी है, क्योंकि आधुनिक युग में मानव का जीवन जटिल एवं उलझाऊ हो गया है। स्वरूप के अनुसार ही उपन्यासों में मानव-जीवन का सघन और विस्तृत चित्रण का स्पेस मिलता है, जिससे उपन्यासकार इच्छित काल-खंड, क्षेत्र, पात्र, विषय आदि के वर्णन को लेकर स्वतंत्र होता है। हिंदी के कई उपन्यासों में क्षेत्र विशेष के रहन-सहन, बोल-चाल, खान-पान, भाषा-शैली आदि का चित्रण मिलता है। ऐसे उपन्यासों में किसी अंचल के बहाने पूरे देश की कथा को चित्रित किया जाता है। शानी का उपन्यास 'काला जल' भी छत्तीसगढ़ के एक विशेष क्षेत्र 'बस्तर' का विशिष्ट वर्णन प्रस्तुत करता है। उनका 'काला जल' उपन्यास का प्रकाशन सन 1965 ई. में हुआ था। इस उपन्यास में दो त्योहारों 'शबेबरात की फातिहा और मुहर्रम' के माध्यम से मुस्लिम समाज के सामाजिकरूढ़ियों और अंधविश्वासों को उकेरा गया है। राजेंद्र यादव इस उपन्यास की भूमिका में लिखते हैं - ''काला जल इसलिए कतई महत्वपूर्ण उपन्यास नहीं है कि वह एक पिछड़े हुए इलाके के दो मुस्लिम परिवारों की कहानी है और हमारे सामने उस समाज की तस्वीर रखता है, जिसके बारे में हम बहुत कम जानते हैं। हालाँकि उसे इस समाज का पहला प्रामाणिक उपन्यास होने का श्रेय दिया जाता रहा है।'' (शानी 2021:9) मुस्लिम समुदाय का ऐसा प्रामाणिक चित्रण शायद ही पहले किसी अन्य कृति में हुआ हो, इसे किसी नैतिकता के आवरण में लपेटकर प्रस्तुत नहीं किया गया, बल्कि इसे तत्कालीन समाज के अनुरूप जस का तस रखने की कोशिश की गई है। इस उपन्यास में छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले का चित्रण है। वर्तमान समय में बस्तर जिले का नाम आते ही दिमाग में नक्सली समस्याएँ उभरती हैं, परंतु उस समय का बस्तर एकदम अलग था -''उन दिनों बस्तर कुछ और ही था और जगदलपुर एक निहायत ही छोटा और गाँवनुमा कस्बा। कुल मिलाने पर तथा ले-देकर खास सड़क भी एक थी, जो राजमहल से निकलती और बाजार तक जाती।'' (शानी 2021:36)

2. अध्ययन का उद्देश्य एवं महत्व :

इस अध्ययन से छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र की तत्कालीन आंचलिक संदर्भों का सजीव चित्र प्रस्तुत किया जा सकता है। इससे पाठक वहाँ के भौगोलिक वातावरण और वहाँ के लोगों के सामाजिक जीवन एवं सथानीय संस्कृति को समझने में सक्षम होंगे। इस शोधालेख के माध्यम से हिंदी उपन्यास के इतिहास में 'काला जल' के आंचलिक महत्व का मूल्यांकन किया जा सकता है। इसके साथ ही इस उपन्यास के संवेदनात्मक वैशिष्ट्य को जाना जा सकता है और उपन्यास में प्रस्तुत क्षेत्र विशेष की विभिन्न विशेषताओं और समस्याओं से परिचित हो सकते हैं।

3. अध्ययन में व्यवहृत पद्धति :

अध्ययन की पद्धति विश्लेषणात्मक है। उद्धरण एवं संदर्भ ग्रंथ सूची में एमएलए शैली का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के लिए आधार ग्रंथ के रूप में 'काला जल' उपन्यास को लिया गया है एवं इसके साथ अन्य पुस्तकों की भी सहायता ली गी है।

4. विश्लेषण एवं निर्वचन :

'काला जल' उपन्यास में दो मुस्लिम निम्न मध्यम वर्गीय परिवार की तीन पीढ़ियों की कहानी है। हिंदी उपन्यास साहित्य में इस उपन्यास को प्रामाणिक मुस्लिम जीवन चित्रण का प्रथम उपन्यास भी माना जाता है। विभाजन के दंश ने ग्रामीण अंचलों के धार्मिक और सांप्रदायिक सद्भाव को प्रभावित किया था, जिसका संक्षिप्त चित्रण इस उपन्यास में मौजूद है। 'काला जल'

शीर्षक का अभिप्राय ऐसे जल से है, जिसमें बहाव न हो अर्थात जमा हुआ जल या सड़ा हुआ जल। उपन्यास में मोती तालाब इसका प्रतीक है। मोती तालाब के वर्णन से इसकी पुष्टि होती है-''मोती तालाब के सिवार ढँके काले जल से भींगकर आती वही बिसायन्ध भरी हवा और अमराई पार के नल से जल का गगरा लेकर लौटती वही प्रौढ़ा, जवान या अधेड़ औरतों की राह चलती ठिठोलियाँ...।'' (शानी 2021:23) जल का यह बहाव अचानक नहीं अवरुद्ध हुआ, यह सदियों से जारी है। उपन्यास का कथानक लगभग 1910 ई. से शुरू है, परंतु उपन्यास में स्वाधीनता संग्राम की कोई आहट भी नहीं है। उपन्यास के लगभग सभी पात्र सामाजिक रूढ़ियों और धार्मिक अंधविश्वासों में लिप्त हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत भी मुख्यधारा से दूर भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेज और लोकतांत्रिक शासन में कोई बुनियादी फर्क महसूस नहीं हुआ। गोपाल राय इसकी तुलना फणीश्वर नाथ 'रेणु' के 'मैला आँचल' के मेरीगंज से करते हैं - ''यहाँ की स्थिति मैला आँचल के मेरीगंज से कुछ भिन्न नहीं है। जिस प्रकार मैला आँचल में देश के स्वाधीन होने पर वे लोग सत्ता हथिया लेते हैं, जिन्होंने आंदोलन में भाग नहीं लिया था, बल्कि उसका विरोध ही किया था, वही बात बस्तर में भी होती है। एक अंतर यह है कि मैला आँचल में स्वाधीनता के बाद जहाँ राजनीतिक गतिविधियाँ तेज हो जाती हैं वहाँ बस्तर में जड़ता और घुटन ज्यों की त्यों बनी रहती है।'' (राय 2019:290) 'मैला आँचल' की तरह इस उपन्यास में भी लेखक ने कथानक को फोटोग्राफिक शैली में इस प्रकार प्रस्तुत किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के संपूर्ण बस्तर अंचल सजीव, साकार और यथार्थ रूप में हमारे सामने प्रस्तुत होता है।

अंचल का अर्थ कोई विशेष क्षेत्र या देश या प्रांत का एक भाग होता है। इसी विशेष क्षेत्र या भाग से संबंधित होने के अर्थ में 'आंचलिकता' शब्द का प्रयोग किया जाता है। हिंदी उपन्यास साहित्य में आंचलिक उपन्यास की सीमा और विशेषता निर्धारित करना कठिन रहा है। सामान्यत: आंचलिकता का अर्थ स्थानीय जीवन के पुट से लगा लिया जाता है, जो इसका अर्थ-संकुचन करता है। प्राय: सभी रचनाकार अपने दैनिक अनुभवों में अलग-अलग क्षेत्र की ही विशेषता रखते हैं, परंतु सभी उपन्यासकारों के उपन्यासों को आंचलिक नहीं कहा जा सकता। इस संदर्भ में रामदरश मिश्र मानते हैं कि - ''कथा जिस प्रदेश में बहती है, वहाँ की प्रकृति, वेशभूषा, रीति-रिवाज की रंगत लेखक उपन्यास में देता चलता है। आंचलिक उपन्यास तो अंचल के समग्र जीवन का उपन्यास है।'' (मिश्र 2016:235) 'हिंदी साहित्य कोश' में आंचलिक उपन्यास का अर्थ स्पष्ट करते हुए डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने लिखा है- ''कुछ उपन्यासों में किसी प्रदेश-विशेष का यथा तथ्य और बिम्बात्मक चित्रण प्रधानता प्राप्त कर लेता है और उन्हें प्रादेशिक या आंचलिक उपन्यास कहा जाता है।'' (वर्मा 2020:14) शंभूसिंह का मानना है- ''आंचलिक उपन्यास का प्रतिपाद्य कोई ग्राम, नगर, प्रांत या क्षेत्र विशेष से होता है, जिसकी अपनी कुछ विशेषताएँ होती हैं और वह सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक मानदंडों की दृष्टि से एक इकाई होता है।'' (सिंह 1979:21) इन परिभाषाओं के आधार पर कहा जा सकता है कि आंचलिक उपन्यास एक सीमित अंचल या क्षेत्र विशेष के सर्वांगीण जीवन को, जिसमें वहाँ के साधारण-असाधारण विवरण, परिचित-अपरिचित भूमियों का उद्घाटन, विविध छवियों का अंकन आदि निहित होता है, वस्तुमुखी दृष्टि से रूपायित करता है तथा इसमें रचनाशीलता का नया आग्रह एवं

लोकधर्मी भाषा, बोलियों-उपबोलियों की भी विविध भंगिमाएँ निहित होती हैं एवं विशिष्ट क्षेत्र के निवासियों का समग्र चित्रण लेखक करता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उपन्यासों में जो सच्चे ग्रामीण भारत की तस्वीर उभरती है, उसमें आंचलिक उपन्यासों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे उपन्यासों में भारत के उन प्रांतों की तस्वीर उभरकर हमारे सामने आई जो राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक आदि क्षेत्रों में मुख्यधारा से काफी पिछड़े थे। ऐसे सभी प्रांत आजादी के बाद भी गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा, बेरोजगारी, अविकसित आधारभूत संरचना, जातिवाद, सामंतवाद आदि समस्याओं का दंश झेल रहे थे। आंचलिक उपन्यासों में लोक की गंध बसी होती है। लोक का यह चित्रण सतही या उथला नहीं होता है, बल्कि उस क्षेत्र विशेष की परंपरा, सभ्यता, संस्कृति, लोक-प्रचलन आदि के साथ उसके समग्र जीवन का गहन चिंतन-मनन होता है। भारत को गाँवों का देश कहा जाता है। यहाँ के गाँव में हास-परिहास, व्यंग्य, प्रशंसा, अवसाद, उम्मीद, घुटन, उन्मुक्तता सब कुछ है। 'काला जल' उपन्यास का रचनाकाल भारतीय समाज के वैसे समय के समकक्ष है, जब संपन्न गाँवों का विकास कस्बों में, कस्बों का नगरों में, नगरों का महानगरों में हो रहा था, लेकिन जो गाँव संपन्नता से दूर थे वह और पिछड़ते चले गए। कहने को तो लोकतंत्र का आगमन हो चुका था, परंतु इन गाँवों में जाति प्रथा और जमींदारी प्रथा अपना घर जमाए हुई थी। लोकतंत्र में चुनाव का क्या महत्व है? इन गाँवों के लोगों को नहीं पता था। संविधान में समानता की बातें लिखी हैं, ये बात उच्च जाति वालों के सामने सर झुकाते वक्त नहीं जानते थे। ऐसे कई गाँव जैसे मैला आँचल का मेरीगंज, सागर लहरें और मनुष्य का वर्सोवा गाँव, ब्रह्मपुत्र का पिसांगमुख, आधा गाँव का गंगोली, रागदरबारी का शिवपालगंज, जल टूटता हुआ में गोरखपुर का कछार अंचल, काला जल का बस्तर आदि हिंदी उपन्यास में यथार्थ रूप में चित्रित किए गए। आंचलिक उपन्यास में भले ही लोक का चित्रण होता है, परंतु वह समग्रता में देखा जाए तो कहा जा सकता है कि इसमें पूरे देश का चित्रण होता है। 'काला जल' उपन्यास में जिस बस्तर प्रांत को कथा का केंद्र बनाया गया है, वह भारत के हर एक वैसे कस्बों का प्रमाणिक दस्तावेज है, जो मुख्यधारा से कटा-बसा है। वर्तमान समय में भी भारत के प्राय: सभी राज्यों में ऐसे बस्तर विद्यमान हैं। उपन्यास में इंद्रा नदी का जिक्र है, जिसके तट पर बस्तर संभाग का जगदलपुर कस्बा बसा हुआ है। जगदलपुर में कोई विशेष हलचल नहीं होती है, एकदम शांत कस्बा है। उपन्यास के पात्र सल्लो आपा, मोहसिन, मैं, छोटी फूफी, सोफिया सबमें त्योहारों और परंपराओं को लेकर विशेष उत्साह और उमंग है। प्रकृति चित्रण की दृष्टि से लेखक पूरे बस्तर जिले को उकेर के रख देते हैं। उनकी लेखन शैली से वहाँ के नदी, तालाब, पशु-पक्षी, खेत, जंगल, झाड़ सब जीवंत हो उठे हैं। यह क्षेत्र वैसे भी प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। 'काला जल' में चित्रित आंचलिकता किसी विशेष आग्रह के बगैर भी सादगी में पूर्ण है। ''काला जल का परिवेश भी आंचलिक है। पर रेणु, उदयशंकर भट्ट, शैलेश मटियानी, रामदरश मिश्र वाली आंचलिकता के प्रति आग्रह इसमें बिल्कुल भी नहीं है।'' (राय 2019:291)

शानी का आंचलिकता चित्रण इस रूप में भी भिन्न है कि उन्होंने वर्णन में लोक के किसी निर्दिष्ट पक्ष को जबरदस्ती लंबा नहीं खिंचा है। इससे उपन्यास की प्रवाहमयता अबाध बनी हुई है। आवश्यकतानुसार हिंदी के इतर उर्दू-फारसी-अरबी शब्दों का प्रयोग भी प्रशंसनीय है। उन्होंने पात्र के अनुकूल शब्दों का चयन किया है। बस्तर क्षेत्र के मुस्लिम संस्कृति का सहज चित्रण इस उपन्यास की विशेषता है। दोनों त्योहारों शबे-बरात का फातिहा और मुहर्रम का संबंध मृत्यु और उदासी से है। लेकिन इन दोनों त्योहारों के वर्णन में पूरा परिवेश शामिल है। मिर्जा करामत बेग जिस कहानी की नींव रखते हैं वह मोहसिन तक आते-आते थम सा जाता है। 'मैं' यानी बब्बन और नायडू कथा प्रवर्तन करते हैं। इन तीन पीढ़ियों के वर्णन में जगदलपुर का स्वरूप भी बदलता है। प्राकृतिक दृश्य के वर्णन में शानी ने बस्तर के तमाम प्राकृतिक सुंदरताओं को जगह देते हैं। रायपुर और बिलासपुर दोनों

शहरों का जिक्र उपन्यास में है। ये दोनों शहर नि:स्संदेह छत्तीसगढ़ के बड़े व्यापारिक शहर हैं। मिर्जा बेग और रज्जु मियाँ दोनों चूड़ियों के व्यापार के लिए अक्सर रायपुर जाते हैं। उपन्यास के आरंभ में जिस चूड़ी का व्यापर मिर्जा बेग, रज्जु मियाँ, बी दरोगिन आदि करते हैं, वह उपन्यास का अंत आते-आते ठप्प हो जाता है। पहले गाँव के लोग बाजार में चूड़ियाँ लेने आते हैं, परंतु धीरे-धीरे लोग बड़े शहरों से खरीदना पसंद करते हैं। पूँजीवाद का आगमन और छोटे व्यापारों का संकट यहाँ हुबहू वर्णित है। पीर और औलियायों से मनौती माँगना और उसपे विश्वास करना तत्कालीन समाज के अंधविश्वासों को पुख्ता करता है। 'काला जल' उपन्यास संपूर्ण बस्तर जिले के गंध को समेटे हुए है।

उपन्यास में परिवेश के निर्माण में शीर्षक 'काला जल' को केंद्र में रखा गया है। काले जल की सड़ांध ही पूरे उपन्यास के सभी पात्रों के दिशाहीनता एवं अवरुद्धता को उभारती है। सल्लो आपा और मोहसिन इस घेरे से बाहर निकलना चाहते हैं, लेकिन अंतत: हार जाते हैं। रूढ़िवादिता के विरुद्ध इन दोनों की जंग महज एक चिंगारी बनकर बुझ जाती है। सल्लो आपा उन सारे अंधविश्वासों से लड़ती है, जिसे एक लड़की के लिए कानून बना के हमारे समाज में उन्हें कैद किया जाता है। किशोरवय यौन आकर्षण सहज एवं स्वाभाविक है। लेखक और सल्लो आपा के बीच भी जो यौनाकर्षण पनपता है, वह मनोवैज्ञानिक दृष्टि से तो द्रष्टव्य है ही, तत्कालीन सामाजिक परिवेश में भी उसका आशय विस्तृत एवं व्यापक है। फातिहा पढ़ने के क्रम में कथावाचक 'मैं' की स्मृति में तमाम पात्रों की उपस्थिति दर्ज होती जाती है। यह भयानक स्मृति ही पूरे बस्तर को उकेरती है। बस्तर के एक सुदूर गाँव से अविकसित कस्बा बनने तक के गवाह ये पात्र अनायास ही हमारे मानस पटल पर अंकित नहीं हो जाते हैं। उपन्यास में बस्तर का भौगोलिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक इतिहास भी दर्ज है। उपन्यास के शुरुआत में ही साड़ी ऊपर करके पानी भरने के कारण सुनार वैद्य द्वारा सुनारिन की पिटाई कोई अकस्मात घटना नहीं, बल्कि इस अंचल की अशिक्षा की जकड़ता का प्रमाण है। ग्रामीण अंचल की पितृ सत्तात्मक व्यवस्था की झलक रज्जु मियाँ द्वारा अपनी बहू पर जोर जबरदस्ती की घटना से भी संबद्ध है। रज्जु मियाँ के सौतेले बेटे रोशन की पत्नी 'फूफी' यह बात कभी किसी से कह नहीं पाती है। मालती के पेट में रज्जु मियाँ का बच्चा ठहरता है, जिससे मालती को घर से भगा दिया जाता है, जबकि दोनों ही मामले में रज्जु मियाँ बेदाग रह जाते हैं। उपन्यास में रज्जु मियाँ के पात्र को बड़ी बारीकी और सच्चाई के साथ बुना गया है। रूढ़िवादिता की जड़ उनसे निकलकर ही अन्य पात्रों तक पहुँचती है। मुस्लिम समाज में स्त्रियों की मुक्ति का सपना देखने वाली लड़कियों का तत्कालीन समाज द्वारा मालती और सल्लो आपा जैसा हश्र किया जाता है। इन दोनों की मौत पर घर में कोई आँसू नहीं गिरते, कोई मातम नहीं मनाया जाता, बल्कि इस घटना को नियति मानकर स्वीकार कर लिया जाता है। बड़ी विडंबना की बात ये है कि इन दोनों ही घटनाओं को अंजाम देने में घर की बुजुर्ग औरत का ही हाथ होता है। प्रत्येक स्त्री पात्र उपन्यास में बच्चे पैदा करने की मशीन ही समझी जाती है। लड़कियों की शिक्षा की सुगबुगाहट भी पूरे उपन्यास में नहीं मिलता है।

मोहसिन और नायडू के मार्फत कथा में स्वाधीनता आंदोलन की सुगबुगाहट जगती है, जो अंतत: देश विभाजन और भारतीय मुसलमानों के विश्वास के प्रश्नों पर समाप्त होती है। तत्कालीन समय और समाज के एक बड़े मुद्दे को शानी ने निर्भीकतापूर्वक इस उपन्यास में चित्रित किया है। आरंभ में मोहसिन और नायडू कंधे से कंधा मिलाकर आजादी की लड़ाई लड़ते हैं, परंतु देश के बँटवारे के पश्चात मोहसिन को पाकिस्तान परस्त माना जाता है। दो बड़े संप्रदायों के बीच जो खाई सियासतदारों द्वारा खोदी गई, उसमें बस्तर जैसे सुदूर अंचल के गाँवों में भी सहभागिता से रह रहे लोगों के मध्य धार्मिक विष पनपने लगती है। उपन्यास के अंत तक मोहसिन की स्थिति मानसिक विक्षिप्तों जैसी हो जाती है। वह देर रात तक भटकता रहता है, घर नहीं जाता। मोहसिन जैसा पात्र जो आरंभ में अपने उग्र स्वाभाव

के कारण प्रत्येक सामाजिक बंधनों को तोड़ता नजर आता है, वह इस विभाजन की घटना के पश्चात पागलों जैसा हालात लिए घूमता है। यह घटना बस्तर की नहीं रह जाती, बल्कि पूरे देश के मुसलमानों के ऊपर उठे देशभक्ति साबित करने के प्रश्न का करारा जवाब भी देती है।

प्रकृति चित्रण में दंडकारण्य की गंध बिखरी हुई है। जगदलपुर अंचल का बस्तर क्षेत्र प्राकृतिक दृष्टि से समृद्ध है। उपन्यास के आरंभ में जब देश में अंग्रेजों का शासन था, तब यहाँ पहुँचना भी दूभर होता था। बरसात के समय पूरा इलाका कीचड़ों से बजबजाता था। यातायात भी ठप हो जाता था और खाने-पीने के सामानों का भी अभाव झेलना पड़ता था। शानी ने इस अंचल की खूबसूरती के साथ-साथ यहाँ की परेशानियों को भी अपनी लेखनी से उभारा है। इस उपन्यास में अमराई और नीम के पेड़ की चर्चा सर्वाधिक है। मोती तालाब तो कथा के केंद्र में है ही। अमराई उन्मुक्तता का प्रतीक है तो नीम का पेड़ घर के किसी बुजुर्ग सा हर छोटी-बड़ी घटनाओं पर एकटक मौन नजर रखता हुआ है। नीम का पेड़ मोहसिन के विद्रोही स्वभाव को निहारता है तो सल्लो आपा की मृत्यु का भी गवाह है। मोहसिन और बब्बन के बचपन के चित्रण में अमराई, अमरूद और जामुन के बगीचों का विशेष महत्व है। उपन्यासकार ने बस्तर के भौगोलिक स्थिति के अनुरूप ही शाल के जंगल और उसकी चटक सुंदरता का वर्णन भी उन्होंने बखूबी किया है- ''गर्मियों के अंतिम दिन। शाल वृक्षों ने अपने पाँच पंखुड़ियों वाले कत्थई फूल धरती पर गिरा दिए थे और आकाश में बाँहें फैलाये हुए टहनियाँ पहली बरसात की बाट देख रही थीं। पेड़ों के नीचे-नीचे जहाँ तक निगाह जाती, शाल फूलों के पाँख पाँख सायों में छितराये पड़े मिलते।'' (शानी 2021:143)

मोती तालाब के जिक्र के बिना इस प्रकृति वर्णन की चर्चा शायद अधूरी ही रहेगी। शानी ने मोती तालाब के मार्फत तीनों पीढ़ियों को दिशा अवरुद्ध हो कर विनष्ट होते दिखलाया है। यह बात भी समझ से परे लगती है कि कथा में मोती तालाब का चित्रण लेखक ने किया है या मोती तालाब ने ही लेखक को ऐसी कहानी बुनने के लिए मजबूर किया है। मोती तालाब के काले जल का रूपक ही इस कथा का निष्कर्ष है। बब्बन सल्लो आपा को बचा सकता था, मोहसिन विक्षिप्त होने से बच सकता था, इस परिवार की रूढ़ियों पर पूर्ण विराम लग सकता था, परंतु तब मोती तालाब का बिंब इतना भीषण नहीं बन पाता। प्रकृति चित्रण के अलावा उपन्यास में वर्णित पर्व-त्योहार भी आंचलिकता के महत्वपूर्ण अंग बने हैं। शबेबारात का फातिहा और मुहर्रम, दोनों त्योहारों का वर्णन इस उपन्यास में हुआ है। इसके अलावा चहल्लुम का भी चित्रण है। शबेबारात और मुहर्रम दोनों त्योहारों का मनुष्य के अस्तित्व के साथ संबंध है। ''इन दोनों त्योहारों का संबंध मृत्यु और अवसाद से है। यह चित्रण भी प्रतीकात्मक है, और इस बात का संकेत करता है कि अवसाद और घुटन ही इस समाज की नियति है।'' (राय 2019:290)

कथावाचक 'मैं' यानी बब्बन फातिहा पढ़ते हुए पूरी कहानी को याद करता है। तीन पीढ़ियों के घुटन और अवसाद को इस त्योहार के सहारे दर्शाया गया है। मनुष्य के जीवन में उत्सव आनंद का प्रतीक माना जाता है, लेकिन उसके ठीक विपरीत यहाँ उदासी भरे दो त्योहारों का आरंभ और अंत में चित्रण मिलता है। फातिहा पढ़ने से जिस कहानी की शुरुआत होती है वह मुहर्रम तक आते-आते शिथिल हो जाती है। मुहर्रम के मेले में पूरा अंचल शामिल होता है। इसमें खोमचे वाले से लेकर चाय वाले तक सभी छोटे दुकानदारों का चित्रण है। मुहर्रम का वर्णन भी शानी के शैली के अनुरूप ही है - ''मर्सिया पढ़ने वालों के पीछे पीछे मातम करने और छातियाँ पीटने वाले पच्चीस तीस लोगों का समूह घेरा बनाकर चल रहा है। सबके शारीर पर काली कमीजें हैं, बाल बेतरतीब, आँखें डबडबायी और होठों पर हाय हुसैन की आह। कदम कदम पर जुलुस रुकता है, मर्सिया वाले कोई दर्दीला टुकड़ा उठाते हैं, और मातम वाले एक घेरा बनाकर शेर के हर शब्द और लय-तान के साथ समवेत रूप से अपनी-अपनी छातियाँ दोनों हाथों से कूटते हैं...।'' (शानी 2021:207) मुस्लिम समाज का चित्रण होने के बावजूद इस उपन्यास में शानी ने उर्दू

भाषा का बेवजह प्रयोग नहीं किया है। शानी की भाषा नई राह दिखाती है। इस उपन्यास की भाषा में बस्तर की महक के साथ-साथ देशीपन भी लबालब भरा हुआ है। अंचल में प्रचलित शब्दों के प्रयोग ने इसे और विशिष्ट बनाया है। जमुहाई, दुलदुल, बिसायन्ध, हौदिया, जमीकंद, दड़बानुमा आदि शब्द अंचल से निकलकर देशज शब्द बनते हैं।

5. निष्कर्ष :

निष्कर्षत: 'काला जल' उपन्यास अन्य आंचलिक उपन्यासों के बरक्स बिना किसी विशेष आग्रह या वर्णन वाला उपन्यास है। इसमें बस्तर अंचल का चित्रण है। वर्तमान समय में हमारे मानस पटल पर बस्तर की जो छवि बनी है, उससे कोसों दूर यह उपन्यास आजादी के पूर्व एवं पश्चात की सामाजिक स्थिति को दर्शाता है। राजनैतिक चित्रण में यह उपन्यास 'राग दरबारी' या 'मैला आँचल' जैसे उपन्यासों से बहुत पीछे है, परंतु शानी ने बस्तर के आँचलिक चित्रण को मेरीगंज के बराबर ला खड़ा किया है। मुस्लिम समाज के अंतर्विरोधों और सामाजिक रूढ़ियों का वास्तविक चित्रण मोती तालाब के काला जल बिंब को पुष्ट करता है। प्रकृति चित्रण, पर्व- त्योहारों और धार्मिक रीति-रिवाज में भी अंचल की गंध मौजूद है। शानी के आंचलिकता वर्णन ने इस कथा को बस्तर केंद्रित रखते हुए भी इसे अंचल से निकालकर पूरे देश की कथा बना दिया है। उपन्यास का विषय तत्कालीन समय की तमाम रूढ़ियों, विषमताओं और अंधविश्वासों पर केंद्रित है। बस्तर के जंगल, पेड़-पौधे, फल-फूल, जीव- जंतु आदि जीवंत हो उठे हैं। स्वतंत्रता संग्राम का चित्रण तत्कालीन ग्रामीण अंचलों में स्वाधीनता आंदोलन के प्रति दृष्टिकोण को उकेरता है। सुदूर कस्बाई समाज में स्वाधीनता संग्राम के सारे दृष्टिकोण वर्णित हैं। विभाजन का प्रश्न अभी भी आजादी के बाद का सबसे यक्ष प्रश्न है। भारी पलायन, दंगे, मारकाट, नुकसान के अलावा सांप्रदायिक तत्वों का उद्भव भी शामिल है। बहुत छोटे प्रसंग में इसका जिक्र होने के बावजूद यह प्रभावशाली है। बस्तर पिछले कई दशकों से नक्सली समस्या से जूझ रहा है। वर्तमान समय में इसलिए भी इस उपन्यास का महत्व ज्यादा है कि एक छोटे अंचल की कथा में देश के तमाम बड़े मुद्दे किस खूबसूरती के साथ अपनी नैसर्गिक गंध लिए शामिल हैं। बस्तर का प्राकृतिक सौंदर्य उसकी विरासत है, जिसके सारे पहलू इस उपन्यास में चित्रित हैं। आंचलिकता के कई पक्ष होते हैं मसलन प्राकृतिक चित्रण, भाषाई प्रभाव, लोक-पर्व-त्योहार, खान-पान आदि। शानी ने इस उपन्यास में बस्तर के इन तमाम पक्षों को उद्धृत करते हुए इस अंचल के सभी रीति-रिवाज और सामाजिक परंपराओं को भी अपनी लेखनी दी है। मुस्लिम समाज के बहाने तत्कालीन समय के अंचल विशेष का राजनैतिक और सामाजिक विचारों को भी दर्शाया है। तमाम पात्र अपने लोक-जुड़ाव के कारण ही विशिष्ट हैं। वे न तो अपनी मिट्टी छोड़ना चाहते हैं और न ही परंपरा। इस सम्मोहन का कारण ही आंचलिकता की पुष्टि है। अंतत: यह कहा जा सकता है कि 'काला जल' उपन्यास आंचलिक चित्रण के बहाने वर्तमान बस्तर की प्राकृतिक, राजनैतिक और सामाजिक पड़ताल है। शानी ने इस उपन्यास में छत्तीसगढ़ प्रांत के एक विशेष हिस्से के जीवन पद्धति एवं आंचलिकता को सर्वांगपूर्ण चित्रित करके हिंदी साहित्य में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. मिश्र, रामदरश, हिंदी उपन्यास एक अंतर्यात्रा, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2016 ई.
2. राय, गोपाल, हिंदी उपन्यास का इतिहास, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2019 ई.
3. वर्मा, डॉ. धीरेन्द्र, हिंदी साहित्य कोश' वाराणसी : ज्ञानमंडल प्रकाशन, द्वितीय संस्करण, 2020 ई.
4. शानी, काला जल, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2021 ई.
5. सिंह, शंभू, रांगेय राघव और आंचलिक उपन्यास, अजमेर : सुशील प्रकाशन, 1979 ई.

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

महाभोज : लोभ और लाभ की राजनीति

डॉ. संजीव मंडल

सहायक प्राध्यापक
हिंदी विभाग
नगांव महाविद्यालय
(ऑटोनोमस)
8135054304
666mandal@gmail.com

प्रस्तावना :

'महाभोज' उपन्यास हिंदी की प्रख्यात कथाकार मन्नू भंडारी द्वारा रचा गया है। यह उपन्यास सन 1979 ई. में प्रकाशित हुआ था। मन्नू भंडारी ने 'एक इंच मुस्कान' (1962 ई.), 'आपका बंटी' (1971 ई.), 'स्वामी' शीर्षक और तीन उपन्यासों की भी रचना की है। 'महाभोज' उपन्यास की कथा का मन्नू भंडारी ने 'महाभोज' नाम से ही नाट्य रूपांतर भी किया है। यह नाटक बहुत लोकप्रिय हुआ है। 'महाभोज' उपन्यास हिंदी का एक सशक्त राजनीतिक उपन्यास है । बिसू नामक एक व्यक्ति की मौत को दो राजनीतिक दल के नेता अपने फायदे के लिए भुनाना चाहते हैं। सरोहा विधानसभा क्षेत्र की सीट के लिए उपचुनाव होने वाला है और दोनों दल इस चुनाव को जीतना चाहते हैं। पिछली बार के चुनाव में हार गए भूतपूर्व मुख्यमंत्री इस सीट के लिए चुनाव में खड़े हो रहे हैं। इस कारण विरोधी दल के लिए यह चुनाव बहुत महत्व रखता है। साथ ही यह सत्तारूढ़ दल के लिए भी महत्व रखता है। इसके पीछे कारण यह है कि विरोधी दल के उम्मीदवार जो दस साल तक प्रांत के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, वे एक बार विधानसभा में चुनकर आ जाए तो वर्तमान मंत्रिमंडल को जोड़-गाँठ करके गिरा भी सकते हैं। बिसू के हत्यारे को सजा दिलाने की कसम खा रखी है बिसू के दोस्त बिंदा ने। पर वर्तमान मुख्यमंत्री उसी को बिसू का हत्यारा साबित कर देते हैं।

विश्लेषण :

'महाभोज' उपन्यास को मन्नू भंडारी बिसेसर की लाश के साथ शुरू करती हैं। बिसेसर जो मर चुका है, वह पूरे उपन्यास में छाया रहता है। जोरावर ने हरिजनों की बस्ती में आग लगवाई थी और नौ लोग इस आगजनी में मारे गए थे-

''महीने-भर पहले की ही तो बात है - गाँव की सरहद से जरा परे हटकर जो हरिजन-टोला है, वहाँ कुछ झोपड़ियों में आग लगा दी गई थी, आदमियों सहित। दूसरे दिन लोगों ने देखा तो झोपड़ियाँ राख में बदल चुकी थीं और आदमी कबाब में।'' (भंडारी 2021:7)

किसी दुर्घटना के बाद अपना उल्लू सीधा करने के लिए हमारे देश के नेता

दुर्घटनास्थल पर जाकर खोखली सहानुभूति प्रकट करते हैं और अखबार वाले भी अपना अखबार रंगने के लिए वहाँ पहुँचते हैं। किसी प्रकार की कोई मानवीयता इन लोगों में नहीं होती। आखिर किसी असहाय, मजलूम की हत्या से किसी को क्या फर्क पड़ता है। दुर्घटना का विवरण पढ़कर देशवासी भी बड़े आहत होते हैं, पर अखबार पढ़ने तक । पढ़ लेने के बाद जिस प्रकार अखबार रद्दी की टोकड़ी में चला जाता है, उसी प्रकार दुर्घटना के शिकार लोगों के लिए चिंता भी रद्दी की टोकड़ी में ही चली जाती है। उपन्यासकार ने इस संदर्भ में टिप्पणी की है –

''नेताओं ने गीली आँखों और रुँधे हुए गले से क्षोभ प्रकट किया और बड़े-बड़े आश्वासन दिए। अखबारनवीस आए तो दनादन उस राख के ढेर की ही फोटो खींचकर ले गए। दूसरे दिन अखबार में छापकर घर-घर पहुँचा भी दिया – इस घटना का सचित्र ब्योरा। किसी ने सवेरे खुमारी में अँगड़ाई लेते हुए, तो किसी ने चाय की चुस्की के साथ पढ़ा, देखा। देखते ही चेहरे पर विषाद की गहरी छाया पुत गई। चाय की घूँट भी कड़वा हो गई शायद। ढेर सारी सहानुभूति और दुख में लिपटकर निकला –'ओह, हॉरिबलजसिम्पली इनह्यूमन! कब तक यह सब और चलता रहेगा? त्...त्...त्!' और पन्ना पलट गया । थोड़ी देर बाद गाँव वालों की जिंदगियों की तरह ही अखबार भी रद्दी के ढेर में जा पड़ा।'' (भंडारी 2021:8)

पुलिस ने हरिजन बस्ती में आगजनी के केस को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। बिसेसर इस केस को पुन: चालू करने के लिए सबूत इकट्ठा कर रहा था। इसके अलावा चौदह क्लास तक पढ़ा बिसेसर गाँव वालों को सरकार द्वारा निर्धारित रेट से कम मजूरी पर काम न करने के लिए जागरूक करता रहता था। गाँव के बड़े किसान और अन्य संपन्न लोग इससे काफी तंग आ गए थे। अत: एक दिन जोरावर दो गुंडों द्वारा बिसेसर उर्फ बिसू की हत्या करवा देता है । इस हत्या के मामले का राजनीतिक फायदा उठाने के लिए भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुकुल बाबू और वर्तमान मुख्यमंत्री दा साहब पूरे उपन्यास में प्रयासरत हैं । सरोहा में उपचुनाव होने वाला है, जिसमें चुनाव में हार गए विरोधी पार्टी के सुकुल बाबू और दा साहब द्वारा समर्थित लखनसिंह एक दूसरे की प्रतिद्वंद्विता में आमने-सामने खड़े हो रहे हैं। जोरावर ने ही बिसू की हत्या करवाई है, यह बात सभी लोग जानते हैं। किंतु किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि उसके खिलाफ बयान दे सके। पर कोई साहस करता भी है तो उसकी बात कोई नहीं सुनता। उसे चुप करा दिया जाता है। लखनसिंह ने हिसाब लगाकर देख लिया है कि बिसू की हत्या के कारण अब उसका चुनाव में जीतना संभव नहीं होगा। विरोधी पार्टी इस घटना का पूरा फायदा उठाएगी। किसी व्यक्ति की हत्या हो जाना सत्तारूढ़ दल की कमजोरी और उसकी असमर्थता को ही दर्शाता है। अत: बिसू की मौत का जिम्मेदार दा साहब और उनकी पार्टी की असमर्थता को ही माना जाएगा। ऐसी हालत में उनके किसी उम्मीदवार का चुनाव में जीतना संभव नहीं रह जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि लखनसिंह चुनाव में हार जाएगा। लखनसिंह इस बात से दुखी भी है और बौखलाया हुआ भी है। दा साहब को वह कहता है–

''विरोधी दल के नेता इस घटना को ऐसा भुनाएँगे कि हम सब टापते ही रह जाएँगे। यह बिसू की नहीं, समझ लीजिए एक तरह से मेरी हत्या हुई है, मेरी।'' (भंडारी 2021:16)

दा साहब अखबार की स्वतंत्रता की बात करते हुए बड़े ही निर्लज्ज लगने लगते हैं । वे खुद 'मशाल' पत्र के संपादक दत्ता बाबू को उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ कुछ भी न छापने की हिदायत देते हुए लालच और धमकी एक साथ देते हैं। दा साहब नैतिकता की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं ।'मशाल' पत्र पर प्रतिबंध लगाने की बात जब लखनसिंह दा साहब से करता है, तब दा साहब नैतिकता बघारते हैं –

''अखबारों को तो आजाद रहना ही चाहिए । वे ही तो हमारे कामों का, हमारी बातों का असली दर्पण होते हैं । मेरा तो उसूल है कि दर्पण को धुँधला मत होने दो । हाँ, अपनी छवि देखने का साहस होना चाहिए आदमी में। बड़ी हिम्मत और बूता चाहिए उसके लिए । इससे

जो कतराता है, वह दूसरे को नहीं, अपने को ही छलता है।'' (भंडारी 2021:17)

एक दूसरी जगह दा साहब अखबारों की ईमानदारी और सच्ची बात कहने के साहस का पक्ष लेते हुए पूर्ववर्ती सरकार के अखबारों के साथ किए गए अन्याय पर खेद प्रकट करते हुए कहते हैं -

''पिछली सरकार ने कुछ अखबारों को विज्ञापन न देने का आदेश दे रखा था सरकारी महकमों में। सही बात कहने का साहस दिखलाया था इन अखबारों ने । उसी की सजा थी यह शायद । पर भाई मेरे, साहस को तो पुरस्कृत होना चाहिए। मैंने वे सारी पाबंदियाँ हटा दी हैं । अखबारों पर किसी तरह की भी पाबंदी हो, प्रजातंत्र की हत्या है यह ।'' (भंडारी 2021:44)



दा साहब पुलिस विभाग को ईमानदारी से कार्य करने की स्वतंत्रता दिए जाने के भी वकालत करते हैं । पर यह उनका ढोंग है । नीचता की पराकाष्ठा, क्योंकि बिंदा को बिसू की हत्या के मामले में फँसाने का आदेश उनका ही था। बिंदा जो बिसू का अभिन्न मित्र था। उसे जेल भेजकर जोरावर को बचाने के लिए उनके आदेश पर ही डी.आई.जी. सिन्हा ने झूठी रिपोर्ट तैयार की थी। पर दा साहब लखनसिंह को पुलिस विभाग की स्वतंत्रता पर भाषण देते हुए कहते हैं-

''पुलिसवालों का काम है कि बयानों और प्रमाणों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करें और ईमानदारी से करें। इसी बात की तनख्वाह दी जाती है उन्हें। ऊपर से आदेश थोपा जाएगा तो न्याय कैसे करेंगे? इन्हीं स्थितियों के खिलाफ लड़ने के लिए तो इतनी बड़ी क्रांति की हमने!'' (भंडारी 2021:20)

दा साहब के सामने विरोधी पार्टी तो है ही, अपनी पार्टी के अंदर भी उनके मंत्रिमंडल को गिराने की साजिश चल रही है । इन साजिश करने वाले नेताओं में प्रमुख हैं त्रिलोचनसिंह रावत उर्फ लोचन भैया । लोचन भैया ने और चार मंत्रियों को अपने साथ मिला लिया है, जो मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं । पार्टी के एक सौ चालीस सदस्यों में से पिचासी सदस्य उनके साथ हैं। लखनसिंह इस खतरे से आगाह करता है दा साहब को। वह कहता है-

''जानते तो हैं, लोचन भैया कितने दिनों से अपनी खिचड़ी अलग पका रहे हैं । देखिए, इस घटना से कैसा उफान आता है उनकी खिचड़ी में । जोड़-तोड़ करके अविश्वास का प्रस्ताव ले आए तो आपको भी लेने-के-देने पड़ जाएँगे मैं कहे देता हूँ।'' (भंडारी 2021:17)

मंत्रिमंडल गठित करते वक्त उन लोगों को प्राप्य नहीं मिला- यह उनका मूल अभियोग हैं । पार्टी के अध्यक्ष अप्पा साहब उसे समझाने का बहुत प्रयास करते हैं । पर उसके निर्णय को बदलने में असमर्थ रहते हैं। इसी के साथ उन्हें इस बात से भी आपत्ति है कि दा साहब ने अयोग्य होने पर भी लखनसिंह को सिर्फ इसलिए

सरोहा उपचुनाव का टिकट दिया है कि वह उनका चमचा है। लखनसिंह खुद भी यह अनुभव करता है कि चुनाव का टिकट पाने की योग्यता उसमें नहीं है। उपन्यासकार ने उसे पार्टी ऑफिस में टेबल-कुर्सियाँ उठाने लायक बताया है। लखनसिंह जानता है कि चुनाव अगर वह जीतेगा तो दा सहाब की वजह से ही-

''यह तो लखनसिंह भी जानता है कि अपनी योग्यता से नहीं, दा साहब की कृपा से ही उसे इस चुनाव के लिए टिकट मिला है । बहुत उठा-पटक करनी पड़ी है दा साहब को उसके लिए । सुकुल बाबू के मुकाबले तो उसकी कोई हस्ती नहीं; अपनी पार्टी के और लोगों के सामने भी बहुत हलका पड़ रहा था । पर दा साहब ने बाँह थामी तो सारे विरोधियों को चित करते हुए ला पटका किनारे पर । वरना उसकी अपनी लियाकत तो पार्टी-दफ्तर में कुर्सियाँ उठाने-बिछाने तक की ही है । यही उसका इतिहास भी रहा है । और यदि वह चुनाव जीता तो वह दा साहब की सूझ-बूझ और प्रयत्न से ही होगा।'' (भंडारी 2021:19)

सुकुल बाबू दस साल तक प्रांत के मुख्यमंत्री रहे हैं। पर पिछले चुनाव में वे हार गए। उनकी पार्टी सत्ता में नहीं आ पाई। पिछले आठ महीने से दा साहब की पार्टी सत्ता में है । पर सुकुल बाबू के सामने विधानसभा में पहुँचने का एक मौका आ गया है सरोहा में एक विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के रूप में । बिसू की हत्या से जीतने की संभावना भी बन गई है । एक बार विधानसभा में किसी प्रकार पहुँच जाए तो जोड़-तोड़ करके फिर से एक बार मुख्यमंत्री बनने की योजना भी बना ली है-

''एक बार जीतकर किसी तरह विधानसभा में पहुँच जाएँ तो फिर वहाँ बवंडर का सिलसिला शुरू करेंगे! जोड़-तोड़ करने की अपनी क्षमता पर काफी भरोसा है सुकुल बाबू को । फिर सत्तर दरारवाली खोखली नींव पर खड़े इस मंत्रिमंडल को गिराना यों भी कोई मुश्किल बात नहीं । अपने लोग जरा-सा साथ दें तो बाएँ हाथ का खेल है यह उनके लिए।'' (भंडारी 2021:27)

अपना उद्देश्य पूरा करने के लिए साम, दाम, दंड, भेद की नीति युगों-युगों से काम में लाई जाने वाली एक बहुत ही कारगर नीति है । दत्ता बाबू को अपने पक्ष में खबरे छापने के लिए मजबूर करने में दा साहब उपर्युक्त में से दो नीतियाँ अपनाते दाम और दंड की नीति। पहले तो दा साहब दत्ता बाबू को सरकारी विज्ञापन और कागज का कोटा देने का लालच देते हैं, अर्थात दाम नीति का प्रयोग करते हैं-

''सरकारी विज्ञापन मिलने लगे... कागज का कोटा मिल रहा है... ?

जी, उसी में थोड़ी दिक्कत पड़ रही है । बात यह... ।

.....

हो जाएगा...हो जाएगा । उसके लिए जो खानापूरी करनी है कर दीजिए। और कुछ परेशानी हो तो बताइए।'' (भंडारी 2021:45)

इसके बाद दा साहब दत्ता बाबू को एक प्रकार से धमकाते हैं, डर दिखाते हैं-

''आपके साप्ताहिक के कुछ अंक देखे हैं मैंने! बात की असलियत पर उतना ध्यान नहीं रहता आपका । जासूसी किस्से-कहानियों की तरह बहुत चटपटा और सनसनीखेज बनाकर छापते हैं आप बातों को। आगे से ऐसा न हो।'' (भंडारी 2021:45)

हरिजनों की बस्ती क्यों जलाई गई, बिसू की हत्या क्यों हुई आदि कई प्रश्न पाठकों के मन में उठते हैं। ये दो प्रश्न, ये दो घटनाएँ उपन्यास की चालिका शक्ति हैं । उपन्यास की सारी गतिविधि, सारी घटनाएँ इन्हीं की वजह से आकार लेती हैं । सुकुल बाबू के भाषण से सारी बातें बड़े सुलझे हुए ढंग से खुल जाती हैं-

''क्या दोष था इन हरिजनों का ? यही न कि सरकारी रेट पर मजदूरी माँग रहे थे ? गुनाह था यह ? पर शायद था - तभी तो जिंदा जला दिए गए और जिन्होंने जलाया, उन पर कोई उँगली उठाने वाला तक नहीं । बेचारे बिसू ने उँगली उठाने की कोशिश की तो हमेशा के लिए चुप करा दिया गया उसे।'' (भंडारी 2021:30)

राजनेता अपने फायदे के लिए पीड़ित के घर तक

जाना, उनसे मिलना, भीख के तौर पर थोड़ी राशि दे देना ही काफी मानते आ रहे हैं । उनकी सहानुभूति झूठी होती है । स्वार्थ से प्रेरित होता है उनका हर कदम। उनको सिर्फ दिखावा करना होता है। अगर उन्होंने समाज के लिए कुछ किया तो वह ज्यादा से ज्यादा लोग देख ले, उनका यही उद्देश्य होता है। सुकुल बाबू भी सभा करके लौट रहे होते हैं, तब उन्हें ख्याल आता है कि वे तो बिसू के घर जाना ही भूल गए । अत: वे गाड़ी मोड़कर बिसू के घर जाने लगते हैं । पर वहाँ उन्हें बिसू के माँ-बाप नहीं मिलते । घर में मौजूद दो बच्चे बताते हैं कि माँ-बाप दोपहर को ही शहर चले गए हैं । तब सुकुल बाबू अपने इस कार्य की उपयोगिता-व्यर्थता की बात सोचने लगते हैं-

''सुकुल बाबू थोड़ा ठनकते माथे से ही गाड़ी पर लौटे । बिसू के बाप को घर पर मिलना चाहिए था । वे आखिर बिसू की गमी में ही तो आए थे । कल से ऐलान करवा दिया था। उसके बावजूद कम्बख्त शहर चला गया । इन देहातियों का कोई भरोसा नहीं - किस करवट बैठें । आज उसे सुकुल बाबू की बातें सुननी चाहिए थीं। बातें न भी सुनता तो कम-से-कम उन्हें अपने घर आया तो देखता । खैर, गाँववालों ने तो देखा ही है - कैसे इतनी दूर पैदल चलकर वे गए । गाँववालों पर तो जरूर इसका असर हुआ होगा ।'' (भंडारी 2021:36)

बिसू की मौत से अगर कोई सबसे ज्यादा बौखलाया हुआ है तो वह है उसका मित्र बिंदा । पर विडंबना यह है कि अंत में दा साहब की साजिश का शिकार होकर वही बिसू का हत्यारा घोषित हो जाता है । पूरे उपन्यास में बिंदा एक तेज-तर्रार और बेखौफ पात्र है, जो बिसू की हत्या और हरिजन बस्ती की आगजनी की घटना के सबूत लेकर दोषियों को सजा दिलवाने के लिए दौड़-धूप करता है। दा साहब जब गाँव आकर बिसू की मौत पर घड़ियाली आँसू बहाते हैं, तब बिंदा उनकी पोल खोल देता है । बिंदा में क्रोध ज्यादा है और आक्रोश भी । उपन्यास के अंत में सारे खलपात्र भोज खा रहे हैं। लखनसिंह की ओर से जोरावर पार्टी देता है, क्योंकि हरिजनों का एक मुखिया यह आश्वासन देकर गया है

हर जगह लोभ और लाभ की राजनीति का बोलबाला है । सत्ता का लोभ बड़ा भयानक होता है । इस लोभ का कारण सत्ता से प्राप्त होने वाला लाभ ही है। सत्ता में रहने वालों को धन-जन सभी का लाभ होता है। सत्ता की दौड़ में कितने कितनों को कुचलकर आगे बढ़ जाना चाहते हैं और बढ़ जाते हैं - यह बताने की आवश्यकता नहीं। राजनीति एक युद्ध है । इस युद्ध में निहत्थे और असहाय लोग ही बलि का बकरा बनते हैं। कोई अगर कुछ अच्छा करना भी चाहता है, उसके सामने अपने पद पर बने रहने की चुनौती उसे करने नहीं देती।

कि उनके सारे वोट लखनसिंह को मिलेंगे । अत: लखनसिंह की जीत निश्चित हो जाती है । सुकुल बाबू और उनके साथी भी पार्टी कर रहे हैं कि उन्होंने एक पूरी तरह सफल ऐसी रैली निकाल ली जैसी रैली प्रांत के इतिहास में पहले कभी नहीं निकली थी । डी.आई.जी. सिन्हा भी पार्टी मना रहे हैं, क्योंकि दा साहब के कहे अनुसार रिपोर्ट बनाकर बिंदा को ही बिसू का हत्यारा साबित करने के कारण उनका प्रोमोशन हो गया है। वे आई.जी. बन गए हैं । 'मशाल' पत्र के संपादक दत्ता बाबू और उनके साथी भी पार्टी मना रहे हैं, क्योंकि दा साहब के पक्ष में खबरें छापने के कारण कागज की तंगी के इन दिनों में भी कागज के डबल कोटे का परमिट और ढेरों विज्ञापन उन्हें मिल गए हैं। बिसू की मौत का लाभ सभी ने उठाया है। सभी भोज खा रहे हैं । अत: यह महाभोज हैं। मेरे अनुसार उपन्यास का शीर्षक इसी कारण

महाभोज है।

अगर जुर्म किसी अमीर और संपन्न वर्ग के व्यक्ति के हाथों होता है, तो वह साफ बच जाता है । पर गरीब हर जगह पीसता है। हरिजनों की बस्ती में आग लगवाने वाला, बिसू की हत्या करवाने वाला संपन्न वर्ग का है । अत: उसे सजा होना या उस पर कोई आँच आना तो बहुत दूर की बात है । इन संपन्न लोगों के पैसे और रुतबे का लाभ उठाकर ही तो दा साहब जैसे लोग चुनाव जीतते हैं । जिनके बल पर सत्ता का सुख भोगने को मिलता है। जिस पेड़ पर बैठे हुए हैं, उसकी डाल काटने जितने मूर्ख तो नहीं होते राजनेता। बिंदा इस बात को भली प्रकार जानता है और दा साहब जैसी हस्ती पर आरोप लगाकर उनके सामने ही इस सत्य को व्यक्त करने का साहस भी उसमें है-

''प्रमाण की ऐसी की तैसी। कौन नहीं जानता कि आग किसने लगवाई ? आप नहीं जानते ? फिर पकड़वाते क्यों नहीं...अभी किसी गरीब का मामला होता तो पीसकर रख दिया जाता बेचारे को।'' (भंडारी 2021:70)

बिंदा में साहस है और अपने मित्र बिसू की मौत का दुख भी है। पर उसका आक्रोश ही उसके लिए मुसीबत का कारण बन जाता है। वह दा साहब को चुनौती देता हुआ कहता है-

''पुरानी बातों से बहकाइए मत । बिसू की मौत का हिसाब लेकर ही रहूँगा मैं आपसे...पाई-पाई का हिसाब । बिंदा डरेगा भी नहीं...चुप भी नहीं रहेगा और बिकेगा भी नहीं इन टुकड़ों से, जो आप डालने आए हैं ।'' (भंडारी 2021:71)

यह चुनौती दा साहब स्वीकार कर लेते हैं और बिंदा को बिसू की ही हत्या के आरोप में जेल भिजवा देते हैं। समाज में बिंदा जैसा सीधा और स्पष्टवादी आदमी खप नहीं सकता ।

आज राजनीति में कोई मूल्य नहीं रह गया है । नैतिकता, सत्य, न्याय जैसी अवधारणाएँ केवल एक-एक निर्जीव शब्द बनकर रह गई हैं । राजनेता अवसरवादी हो गए हैं । सत्ता के मद में चूर या सत्ता पाने को लालायित । इसके लिए कोई भी हथकंडा, कोई भी दाँव चलने में पल भर को भी नहीं झिझकते हैं । अपने स्वार्थ में लोगों को डराना-धमकाना, गुंडागर्दी करना ही आज की राजनैतिक सच्चाई है । धन बल और बाहुबल का भरपूर इस्तेमाल सत्ता पाने के लिए किया जाना आज एक आम बात है । सुकुल बाबू के साथी काशी की कही गई निम्नलिखित बात में राजनीति में विचारों का क्षरण और बाहुबल की आजमाइश के प्रमाण ही मिलते हैं-

''देखो, सुकुल बाबू, राजनीति हमारी विचार-शून्य तो थी ही...इधर कुछ सालों से आचार-शून्य हो गई है । पर राजनीति के नाम पर यह मारपीट और हुड़दंग मचाने वाली गुंडागर्दी हमारे बस की नहीं है ! साफ कहे देते हैं हम !'' (भंडारी 2021:81)

बिसेसर को सुकुल बाबू के शासनकाल में बिना आपराध के जेल में डाल दिया गया था। इस बात को भुनाने का प्रयास करते हुए बड़ी चालाकी से दा साहब बिसू की हत्या को आत्महत्या साबित कर देते हैं-

''बात एक अकेले बिसेसर की नहीं । ऐसे हजारों नेक और भले बिसेसर जेलों में ठूँस दिए गए थे। हम लोगों ने जब उन्हें छोड़ा तो एकदम पस्त ? सारी जीवनी-शक्ति ही निचुड़ गई हो जैसे। कुछ भी झेलने-सहने लायक नहीं छोड़ा उन्हें। इसकी आत्महत्या के पीछे यह भी एक कारण है ।'' (भंडारी 2021:72)

अपने विरोधी और दस साल तक प्रांत के मुख्यमंत्री रहे सुकुल बाबू के खिलाफ जहर उगलने में भी दा साहब नहीं चूकते। चुनाव के दौरान सभाओं में इस प्रकार की छींटाकशी आम बात हो गई है। अपने विपक्षी पर इल्जाम लगाकर अपने को पाक-साफ साबित करना राजनेताओं के चरित्र की एक विशेषता बन गई है । विपक्षी पर वार करते हुए जनता की तारीफ करना और जनता की शक्ति को सर्वोपरि साबित करने से बहुत से काम सध जाते हैं - यह बात हर राजनेता ने भलीभाँति हृदयंगम कर लिया है । दा साहब सभा में गाँव वालों को संबोधित करते हुए कहते हैं-

''इस बार तो देख लिया सबने कि जनता की एकता में बड़ा जोर है । तूफानी जोर । तूफान आता है तो

बड़े-बड़े राज्य उलट देता है। फिंका हुआ आदमी ही इस बात को सबसे ज्यादा महसूस करता है। कुर्सी पर बैठना है तो जनता में फूट डालो...कुर्सी बचानी है तो जनता में फूट डालो । जनता की एकता - कुर्सी के लिए सबसे बड़ा खतरा है।'' (भंडारी 2021:72)

इस भाषण की प्रतिक्रिया में बिंदा बहुत उपयुक्त बात ही कहता है कि सब एक ही जैसे हैं-

''तीस साल से आप लोगों की बातें ही तो सुनते-समझते आ रहे हैं । क्या हुआ आज तक ? पेट भरने के लिए अन्न नहीं, आपकी बातें...खाली...बातें! जैसे सुकुल बाबू, तैसे आप।'' (भंडारी 2021:72)

राजनीति में सच्चाई की जगह नहीं है । राजनीति में केवल लाभ देखा जाता है । सत्ता ऐसा चुंबक है, जिसके खिंचाव से बच कर निकलना किसी भी व्यक्ति के लिए संभव नहीं होता । बिसू की मौत पर सुकुल बाबू, दा साहब सभी उसके परिवारजनों के प्रति खोखली सहानुभूति दिखाते हैं। मौका मिलने पर बिसू के दोस्त बिंदा पर ही उसकी हत्या का आरोप लगाकर जेल भेज दिया जाता है । बिंदा की पत्नी रुक्मा बिसू की छात्रा रही है और बिसू की मौत पर वह बेहद दुखी होती है । बिसू से उसका पवित्र स्नेह का नाता है। इस स्नेह पर दा साहब अवैध संबंध का लेबुल लगाकर बिंदा द्वारा अपनी पत्नी के प्रेमी की हत्या को तर्कसम्मत सिद्ध करते हैं । बिंदा का बिसू से संबंध और बिसू की हत्या के मामले में बिंदा की तत्परता को इन संबंध में समझा जा सकता है-

बिंदा बिसू का खास दोस्त है...बेहद गुस्सैल और बेधड़क । डरता नहीं किसी से और न किसी का लिहाज करता है । उसकी बीवी रुक्मा भी बड़ी बदमिजाज और बदजबान औरत है । शादी से पहले बिसू के स्कूल में पढ़ती थी और बहुत मानती थी बिसू को। बिसू की मौत से दोनों बौखलाए फिर रहे हैं और कानूनी सलाह-मशवरा करने के लिए वकीलों के पास गए थे । दा साहब के हाथों बिकनेवाला जीव नहीं है वह! सरेआम गालियाँ देता फिरता है सबको ?'' (भंडारी 2021:76)

सत्य की तह तक जाने के लिए प्रयासरत एस.पी. सक्सेना को सस्पेंड कर दिया जाता है। दा साहब राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी हैं, जिनका खेल अमानवीय हो गया है । इस उपन्यास के अधिकतर क्षमतासंपन्न लोग स्वार्थी हैं। अपने स्वार्थ के लिए किसी को मार डालना, किसी को गलत आरोप में फँसाकर जेल भेज देना और किसी भी अधिकारी को निलंबित कर देना इनके लिए कोई बड़ी बात नहीं है । इन लोगों को एक पल के लिए भी पछतावा या दुख नहीं होता । सारे लोग स्वार्थ के कठोर पुतले हो गए हैं । सत्ता का मोह लोगों को इतना पतित बना सकता है, इतना नीचे गिरा सकता है । राजनेताओं में जमीर नाम की कोई चीज नहीं बची है।

लोचन बाबू दा साहब को मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए शक्ति परीक्षण का दिन तय करने के उद्देश्य से पार्टी के अध्यक्ष अप्पा साहब से मीटिंग करते हैं। अप्पा साहब अपनी पार्टी को टूटते हुए नहीं देखना चाहते। ऐसा होने पर पार्टी को बहुत नुकसान होगा । अत: वे लोचन बाबू को समझाने का बहुत प्रयास करते हैं। कम-से-कम सरोहा के उपचुनाव तक ठहर जाने को कहते हैं-

''देखो इस पार्टी को बनाने में तुम्हारा बहुत सहयोग रहा है और मैं जानता हूँ कि इस पार्टी में आस्था है तुम्हारी...बल्कि कहूँ कि मोह है तुम्हें । अपनी बनाई चीज से होता ही है । इसलिए कह रहा हूँ कि अपने इस निर्णय को थोड़े समय के लिए स्थगित ही रखो । चुनाव के बाद जैसा चाहोगे, वैसा ही होगा । निश्चय ही दा साहब को नए सिरे से अपने विधायकों का विश्वास प्राप्त करना होगा।'' (भंडारी 2021:58)

लोचन बाबू तो सोच रहे थे उनके साथ जो लोग मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने को तैयार हो गए हैं, वे दा साहब की नीतियों से असंतुष्टि और असहमति के कारण इस निर्णय पर पहुँचे हैं । पर जब राव और चौधरी इस काम के लिए कीमत देने की बात करते हैं, तब लोचन बाबू को अप्पा साहब की कही यह बात याद आती है कि जो लोग हर दिन बिकने के लिए तैयार खड़े रहते हैं, बड़ा प्रलोभन मिलने पर लोचन बाबू का भी साथ छोड़ देंगे। ऐसे लोगों के भरोसे कोई निर्णय लेना बेवकूफी

होगी-

''तुम जिन लोगों के भरोसे त्यागपत्र देने जा रहे हो, उन पर विश्वास कर सकते हो इतना कि और ज्यादा बड़ा प्रलोभन मिलने पर भी वे तुम्हारा साथ नहीं छोड़ेंगे ? फेन्स पर बैठकर हर दिन अपना मोल-भाव करने वाले लोगों के बूते पर तुम यह निर्णय ले रहे हो...मुझे डर है, तुम्हें कहीं मुँह की न खानी पड़े !'' (भंडारी 2021:56)

राव और चौधरी के मोल-भाव करने और उनके लालच को देखकर लोचन बाबू मानसिक द्वंद्व से ग्रस्त हो जाते हैं। उन्होंने कुछ अच्छा करने के लिए सुकुल बाबू की पार्टी छोड़ी थी, विधानसभा छोड़ी थी । पर अब उनके जरिए जो होने जा रहा है, वह उन्हें बहुत पीड़ा पहुँचाता है । वे अपने आप से प्रश्न करते हैं-

''क्या इसी परिवर्तन के लिए सुकुल बाबू की पार्टी और विधानसभा छोड़ी थी उन्होंने ? इसी क्रांति का सपना देखा था ? और क्या इसी टुच्चेपन की सौदेबाजी के लिए मंत्रिमंडल गिराने की बात सोच रहे हैं वे ? नाम, चेहरे, लेबुल भले ही अलग-अलग हों- पर अलगाव है कहाँ- सुकुल बाबू...दा साहब....राव...चौधरी... ।'' (भंडारी 2021:62)

इस उपन्यास के अंत में एस.पी. सक्सेना और रुक्मा को आगजनी और बिसू की मौत से संबंधित सबूत लेकर सेकेंड क्लास के रेल के डिब्बे में बैठे हुए दिखाया गया है। झूठ कितना भी बलबान हो सच हार नहीं मानता । विभिन्न घात-प्रतिघातों का अतिक्रमण करते हुए आखिर सच सामने आ सकता है। उपन्यास का अंत हमें ऐसी आशा करने का अवसर देता है ।

निष्कर्ष :

हर जगह लोभ और लाभ की राजनीति का बोलबाला है । सत्ता का लोभ बड़ा भयानक होता है । इस लोभ का कारण सत्ता से प्राप्त होने वाला लाभ ही है। सत्ता में रहने वालों को धन-जन सभी का लाभ होता है। सत्ता की दौड़ में कितने कितनों को कुचलकर आगे बढ़ जाना चाहते हैं और बढ़ जाते हैं - यह बताने की आवश्यकता नहीं। राजनीति एक युद्ध है । इस युद्ध में निहत्थे और असहाय लोग ही बलि का बकरा बनते हैं। कोई अगर कुछ अच्छा करना भी चाहता है, उसके सामने अपने पद पर बने रहने की चुनौती उसे करने नहीं देती। लोचन भैया कुछ सकारात्मक करना चाहते थे। पर उनके पास शक्ति नहीं थी। जिन लोगों का साथ वे चाहते थे, वे मतलब के यार थे। किसी सिद्धांत में उन लोगों का कोई विश्वास नहीं था। राजनीति में हमेशा हलचल होती रहती है ।

कौन किसे कब कहाँ उठा कर पटक दे अनुमान लगाना भी मुश्किल होता है । पर राजनेताओं की अपनी उठा-पटक में आम लोग ही धूल चाँटते हैं । आम लोग राजनेताओं के हाथ में खिलौनों की भाँति हो जाते हैं, जिनसे राजनेता जब चाहे खिलवाड़ कर सकते हैं और जब चाहे उसे तोड़ भी सकते हैं। उपन्यासकार ने सिर्फ एक उदाहरण पेश किया है।

देश-दुनिया में ऐसे हजारों बिसू हर दिन राजनेताओं के पद प्राप्त करने का साधन बनते रहे हैं। यह एक वास्तविकता है। इस वास्तविकता को उपन्यासकार ने बड़े ही सुलझे हुए ढंग से हमारे सामने पेश किया है। उपन्यासकार कहीं भी भावुक नहीं हो गई हैं । जो वास्तविकता है उसे बिल्कुल बेबाकी से उघाड़ कर रख दिया है। अलग-अलग राजनेताओं के चरित्र की बारीकियों को बड़े ही कौशल से हमारे सामने प्रस्तुत करने में उपन्यासकार सफल हुई हैं। यह उपन्यास हमारी देश-दुनिया की राजनीति का सच्चा चित्र प्रस्तुत करता है। ❑

ग्रंथ सूची :

भंडारी, मन्नू. महाभोज. ग्यारहवाँ संस्करण. दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन, 2021.

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

क्रांतिकारी पुरखिन मीरा

डॉ. रीता नामदेव

सह प्राध्यापक
हिंदी विभाग
भगिनी निवेदिता कॉलेज
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
पता : प्लॉट-110, खैरा एक्सटेंशन, नियर पेट्रोल-पंप, नजफगढ़, नई दिल्ली-110043
9953198016
reeta.namdev@bn.du.ac.in

शोध सार :

दास्तां के बंधन तोड़ने वाली स्त्रियों की पुरखिन है मीरा। गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म 'मीरा' उदाहरण है कि स्त्री के हाथ से कलम छीन ली गई तो उसे अपने संघर्ष का इतिहास अपने रक्त से लिखना पड़ा। मीरा ऐसे अलौकिक पुरुष से प्रेम करती है जो अशरीरी, अजन्मा है उसके प्रेम से स्वयं उसके पति भोजराज तक को कोई आपत्ति नहीं है। फिर भी समाज उसे स्वीकार नहीं करता, समाज के ठेकेदार उसे विष का प्याला पीने के लिए मजबूर करते हैं। फिर भी उसके प्राण बच जाते हैं, तब उसकी मृत्यु मंदिर में जिस तरह रहस्यमयी ढंग से होती है, उस रहस्य से आज तक पर्दा नहीं उठ सका है। हम इस फिल्म में यह भी देखते हैं कि लड़कियाँ राजनीतिक स्वार्थों के लिए बलिदान की जाती हैं और वे एक शब्द तक मुँह से नहीं निकालतीं।

भूमिका :

मध्यकालीन युग में देश छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित था। वे आपस में निरंतर लड़ते रहते थे। मुस्लिम आक्रमण भी लगातार हो रहे थे। मुस्लिम शासक तो हिंदुओं के साथ जो दुर्व्यवहार कर रहे थे, सो फिर भी शायद सहन हो जाता, किंतु स्वयं हिंदू, हिंदू के साथ जात-पात, छुआछूत, ऊँच-नीच के आधार पर जिस तरह से भेदभाव हो रहा था उससे आम जनता पर दोहरी मार पड़ रही थी। इससे यह संसार उनको नश्वर तथा निर्दयी प्रतीत होने लगा और वे परमात्मा की शरण में मन की शांति खोजने लगे! भविष्य में अपनी-अपनी कल्पना अनुसार समाज परिवर्तन की अभिलाषा वाले समाज की कविता अपने काव्य में करने लगे। जात-पात, छुआछूत का विरोध, साकार-निराकार सगुण-निर्गुण परमात्मा की स्थापना मध्य युग में की गई। ये सभी पुरुष संत, समाजसुधारक और कवि के रूप में युग के सितारे, साहित्य जगत के नक्षत्र बन गए, किंतु स्त्री की दुर्दशा की ओर ध्यान जाने की कौन कहे इन संत कवियों ने स्त्री के जीवन को और अधिक नारकीय बनाने वाले उपदेश दिए। सिर्फ सूरदास की गोपियाँ थीं, जो परपुरुष से ज्ञान के आवरण में स्वतंत्र प्रेम कर रही थीं।

विश्लेषण :

मध्यकालीन युग में स्त्री की दशा तो और भी अधिक शोचनीय थी! किसी ऐशोराम के लिए तो कहीं कोई राजनीतिक स्वार्थ-सिद्धि के लिए, संतान उत्पत्ति के लिए बहुविवाह की प्रथा चर्म पर पहुँच रही थी। स्त्री विलास की वस्तु बन कर रह गई थी! बड़े-बड़े राजाओं की अगर नजर तिरछी हो जाती तो रानियों का जीवन दासियों से भी कष्टकारक हो जाता था। अनेक पत्नियाँ सौतनों या प्रेमिकाओं के बीच अपना स्थान बनाए रखने की चिंता में सौंदर्य प्रसाधनों में डूबी रहती थीं। पुरुष, जोग ले या मर जाए दोनों ही स्थिति में अनेक स्त्रियाँ अनाथ हो जाती थीं। कोई राजा युद्ध में हार जाए तो स्त्रियों को जौहर करके सामूहिक आत्महत्या करनी पड़ती थी, वरना बलपूर्वक भी चिता में ढकेली जाती थीं। लगभग पति की मृत्यु होने पर भी स्त्रियों की दशा यही थी, स्वेछा से सती होकर आत्मदाह करना पड़ता था या बलपूर्वक पति की चिता में ढकेल दी जाती थी। मलिक मोहम्मद जायसी द्वारा रचित 'पद्मावत' में उपरोक्त वर्णन के चिन्ह बखूबी देखे जा सकते हैं। नारी का यह तिरस्कार और उपेक्षा देख कर एक स्त्री का इस नश्वर संसार, पुरुष-प्रधान समाज का अन्याय और अत्याचार देख कर यदि इस अन्यायी जगत से मोह-भंग हो जाता है तो समाज के ठेकेदार धर्म का दम भरने वाले किस तरह अत्याचार की सीमाओं को लाँघते हैं- यह हमें 'मीरा' फिल्म में बखूबी दृष्टिगोचर होता है।

सहायक प्राध्यापक नियुक्त होने के कुछ दिनों के उपरांत एक बार मुझे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रामवक्ष का वक्तव्य सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके वक्तव्य ने मेरे मस्तिष्क में प्रश्न उठाया। उस सामंती युग में राजसत्ता से टकराकर बाहर निकलना, ज्ञान की खोज करना, प्रेम करना, भक्ति करना मीरा का साहस था या दु:सहास, अधिकार था या अपराध! क्या यह वही संघर्ष नहीं था, जिससे आज तक नारी जूझती जा रही है! इन प्रश्नों ने मेरे मस्तिष्क में जिज्ञासा उत्पन्न कर दी! मुझे प्राथमिक कक्षा में सिखाई गई राग की एक पंक्ति बार बार याद आने लगी-

''लोग कहे मीरा बड़ी रे बावरी,
सास कहे कुल नासी रे।''

'मीरा' फिल्म देखने के बाद मुझे, 'मदर-इंडिया' का लता मंगेशकर और उषा मंगेशकर की आवाज में गाया वह गीत याद आने लगा-

''दुनियाँ में हम आए हैं तो,
जीना ही पड़ेगा।
जीवन है अगर जहर तो,
पीना ही पड़ेगा।''

न जाने क्यों हर युग में हर क्षण स्त्री को ही जहर क्यों पीना पड़ता है? अप्रत्यक्ष जहर पीने की आदत तो लगभग उसने डाल ली है, किंतु प्रत्यक्ष रूप में भी कैसे समाज उसे कभी प्यार से तो कभी दुत्कार कर जहर पिलाता है- यह हम 'मीरा' फिल्म में देखते हैं। कृष्णा मीरा की चचेरी बड़ी बहन, राजा वीरनदेव की बेटी है। पिता वीरनदेव कृष्णा का विवाह राजा विक्रमजीत के छोटे भाई भोजराज से तयकर देते हैं, जिस से पुरखों के समय से चल रही शत्रुता को मित्रता में बदला जा सके। कृष्णा का भाई जयमल उसका विवाह अजमेर के राज घराने में पक्की कर देता है! संयोग से दोनों ही परिवारों में एक ही तिथि निश्चित हो जाती है और दोनों तरफ से बरात आ जाती है। राजा वीरनदेव समझ जाते हैं कि अब हजारों लोग डोली के लिए कट कर मर जाएँगे। अपने दरवाजे पर रक्त की नदी बहने से बचाने के लिए वह कृष्णा को हीरे की अँगूठी दे कर कहते हैं बेटी मेरी इज्जत अब तुम्हारे हाथ में है। कृष्णा समझ जाती है कि उसे अब क्या करना है। बिना कोई प्रश्न किए अँगूठी से हीरा निकाल कर खा लेती है। (हीरा जहर का कार्य करता है, अर्थात हीरे में जहर होता है।)

''वीरनदेव—पता नहीं मैंने ठीक किया है, या भूल की है! बेटी, मैंने तुम्हारी शादी भोजराज से तय की थी। एक आदर्श के लिए। टुकड़ों-टुकड़ों में बँटे राजपूतों को बचाने का मेरे पास यही रास्ता था। बेटी! पुरखों से चली आ रही दुश्मनी को खत्म करने के लिए मैं अपनी जान के टुकड़े की कुर्बानी दे दूँ, किंतु सब बेकार हो गया! हजारों राजपूतों को कट मरने से बचाने का मेरे पास

कोई रास्ता नहीं है। बेटी! अब इसे तुम बचा सकती हो। बेटी!''

राणा विक्रमजीत को इस हत्या में कोई चाल लगती है। इस लिए वह क्रोधित हो कर कहते हैं, कृष्णा राठौरों की बेटी नहीं, सिसोदियों की बहू थी! अब इसकी अर्थी को अग्नि चितौड़ में ही दी जाएगी! उनके क्रोध से बचने के लिए तथा फिर उसी आदर्श के लिए कृष्णा की जगह अपने छोटे भाई की बेटी मीरा का विवाह भोजराज के साथ कर दिया जाता है। वीरनदेव की पत्नी रानी कुँवर बाई, राणा विक्रमजीत से बड़े गर्व से कहती है—

''मुझे गर्व है अपने पति पर जो अपने देश की जरूरत के लिए अपनी बेटी को जहर दे सकता है और उस से भी ज्यादा गर्व है अपनी बेटी पर जिसने पिता के आदर्श के लिए एक सवाल नहीं पूछा।''

इस फिल्म के आरंभ में कृष्णा से अपने आदर्श के लिए जहर खाने का अनुरोध किया जाता है और वह जहर खा लेती है। फिल्म के अंत में मीरा को समाज के ठेकेदार जबरदस्ती जहर देते हैं। मीरा का अपराध बस इतना है कि वह इस शरीर को नश्वर मानती है इसीलिए वह किसी पुरुष को नहीं, अपितु आदिपुरुष कृष्ण को अपना पति मानती है। इस युग में अनेक विचारधारा के संत-पुरुष हुए हैं, परंतु किसी को जहर नहीं खाना पड़ता, मगर मीरा को स्त्री होने का दंड देता है यह समाज।

पर्दा प्रथा, जात-पात, स्त्री-पुरुष का भेदभाव करने वाले समाज के नियम उसे व्यर्थ मालूम होते हैं। यही अपराध है उसका जिसके लिए उसे जहर का प्याला दिया जाता है। इस पर भी जब वह नहीं मरती, तब उसकी मृत्यु रहस्यमय ढंग से हो जाती है, जो आज भी रहस्य ही है। अब हम मीरा के कुछ प्रमुख संवादों को देखते हैं—

''मीरा की ननंद ऊदा—पूछिये इससे क्या कर रही थी वहाँ मंदिर में? और यह तारा किसने दिया है?

मीरा—झील किनारे एक बाबा थे, उन्होंने दिया है।

ऊदा—बाबा नहीं भैया, वही चमार रैदास।

मीरा प्रसन्न होकर—क्या, क्या वे संत रैदास थे!

ऊदा—भईया, जरा पूछो इस से कैसे हाथ-पैर मार मार कर नाच रही थी!

भोजराज—मीरा सुबह-शाम की उलझन न बनो मेरे लिये।

मीरा—इस घर में भजन-कीर्तन की रस्म नहीं है क्या!

भोजराज—इस घर की यही रस्म है कि इस घर की बहू बेटियाँ बिना आज्ञा के घर से बाहर नहीं जातीं।

मीरा —आपने कहा था मैं इस घर में बंदी नहीं हूँ।

भोजराज—तुम आजाद हो मैंने यह भी नहीं कहा था!''

मीरा की ननद ऊदा, मीरा के विरुद्ध, भोजराज के बड़े भाई राणा विक्रमजीत को भड़काने में सफल हो जाती है और मीरा को मायके जाने का हुक्म दे दिया जाता है! मेवाड़ पहुँचने पर भाई जयमल यह कहकर मीरा को दरवाजे से लौटा देता है कि अब उसके पाप-

पुण्य सब पति के घर में हैं। निराश मीरा वहाँ से लौट आती है। स्त्री को असहाय व कमजोर बनाए रखने के लिए समाज ने नियम बनाया कि मायके वाले लड़की को ससुराल में मिलने वाले दुख-सुख से मतलब न रखें और यह बात मायके वालों ने मान ली, क्योंकि उन्हें भी तो किसी की बेटी को अपने घर आज्ञाकारी सेविका बनाना था। आज्ञाकारी सेविका बनाने की कड़ी में स्त्री को कमजोर बनाने के उद्देश्य में सबसे पहले स्त्री के सिर से सुरक्षित छत छीन ली गई, धन के स्रोतों पर अधिकार छीन लिए गए। इसके बाद एक सुरक्षित छत के लिए और आर्थिक स्रोतों पर अधिकार पाने के लिए अपने दमनकारी नीति का हिस्सा स्त्रियों को बनाकर स्त्री को ही स्त्री के विरोध खड़ा कर दिया जैसे लोहा, लोहे को काटता है, वैसे ही स्त्री स्त्री की जड़ को काटने लगी और पुरुष का उद्देश्य सार्थक होने लगा।

मायके के दरवाजे से लौटी मीरा की हृदय गति कैसी रही होगी, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। मीरा के पति बड़े ही सहृदय हैं, जो शायद उसके दुख को कुछ कम करने के लिए घर में कृष्ण का मंदिर बनवा देते हैं ताकि वह घर से बाहर न जाए और अकबर के विरुद्ध युद्ध में चले जाते हैं। अपने साथ मीरा की लाई कृष्ण की मूर्ति को ऊदा, कुएँ में डाल देती है! मीरा को लगता है कि उसका न कोई मेवाड़ में है, न चितौड़ में! व्याकुल और घायल-हृदय मीरा इस संसार से विक्षुब्ध हो मन की शांति की तलाश में घर की चहारदीवारी से बाहर निकल जाती है। जोगन तो वह थी ही, मंदिर में पुजारियों-संतों के सुर में सुर मिला कर कृष्ण प्रेम के गीत गाने लगती है। उसकी आवाज से प्रभावित होकर बादशाह अकबर अपनी माला उपाहार में दे देते हैं। जिस बादशाह ने हजारों सिर कटाने वाले शूरवीरों के सामने अपना सिर नहीं झुकाया था, उसका सिर मीरा की मधुर आवाज और साहसपूर्ण उत्तर के सामने झुक जाता है। मीरा का यह साहस राणा विक्रमजीत की नजरों में इतना बड़ा अपराध होता है कि वे धर्म-अदालत बुलाने के लिए विवश हो जाते हैं। धर्म के ठेकेदार तो इस घड़ी की प्रतिक्षा कर ही रहे थे। वे मीरा से अनेक ऐसे प्रश्न करते हैं, जो पुरुष से नहीं किए जाते।

राज पुरोहित—ब्रह्मणों और प्रजा जनो! राज कुँवर भोजराज की पत्नी, राजरानी मीरा पर आरोप है कि इसने एक नहीं कई नियमों का खंडन किया है। उन पर विचार करने के लिए ये धर्म-अदालत बुलाई गई है। ईश्वर की इच्छा और प्रजाजनों की अनुमति से मैं धर्म-अदालत का कार्य आरंभ करता हूँ।

मीरा के दोष प्रजाजनों को पढ़कर सुनाए जाते हैं। जो दोष, जो आक्षेप मीरा के पति ने भी मीरा पर नहीं लगाए थे वे बातें भी मीरा के चरित्र का दोष बताई जाती हैं-

धर्मगुरु कहता है, प्रथम धर्मशास्त्र और समाज के नियम के अनुसार निश्चित है कि पत्नी अपने पति का धर्म स्वीकार करे। मीरा ने अपने पति का धर्म स्वीकार करने से इनकार किया। मीरा ने पर पुरुषों से संबंध जोड़े।

इस युग में स्त्री बिस्तर की शोभा तथा घर की टहल करने वाली दासी से अधिक अपना कोई महत्व नहीं रखती थी। एक पुरुष के मरने पर कई-कई स्त्रियाँ एक पुरुष के साथ जल जाती थीं या जला दी जाती थीं। किंतु उनकी आह सुनने के लिए कोई धर्म-अदालत नहीं थी। सूरदास की गोपियाँ इस समय भले ही आत्मा और परमात्मा के आवरण में कृष्ण के साथ अपने अपने घरों से निकल कर यमुनातट पर रास रचा रही थीं, किंतु यथार्थ धरातल की सच्चाई यही है कि एक हाड़-माँस स्त्री ने घर से बाहर उसी कृष्ण के लिए कदम रखा तो उस पर परपुरुषों के संयोग का लाँछन लगाकर ऐसा दंड देने की योजना बनाई गई कि दूसरी सभी स्त्रियों की रूह काँप जाए। फिर कोई स्त्री ऐसा साहस न कर सके।

''धर्म अदालत द्वारा मीरा से कई प्रश्न किए गए-

पुरोहित—क्या तुमने अपने पति का धर्म स्वीकारने से इनकार किया?

मीरा—मारो धर्म तो एकहि साँचो
भवसागर संसार सब आँचो।

महंत—क्या तुम स्वीकार करती हो कि भोजराज

के अलावा कोई और भी तुम्हारा पति है?

मीरा—जाके सिर मोर मुकुट,
मेरो पति सोई।

महंत—तो अदालत यह मान ले कि तुम्हारे एक नहीं दो पति हैं?

मीरा—मेरे तो गिरिधर गोपाल,
दूसरो न कोई।

महंत—पत्नी होने के नाते पति के प्रति तुम्हारे क्या कर्तव्य हैं?

उसे संतान भी दे सकती हो, जिसे तुम अपना पति मानती हो, नारी का यह कर्तव्य तो तुम अच्छी तरह जानती होंगी।

मीरा—मैं आत्मा हूँ शरीर नहीं। मैं भावना हूँ किसी समाज का विचार नहीं। मैं प्रेमी हूँ प्रेमिका नहीं। केवल प्रेम नाम की जोगन किसी संबंध की कड़ी नहीं। किसी परिवार के खूँटी से बंधी साँकल नहीं।''

मीरा ने संपूर्ण जनलोक के सामने अपनी सफाई दी और जिन अधिकारों को वे अपने हाथों में ले रही थी, उन पर अनेक तर्क भी दिए कि ये अधिकार मानव होने के कारण उसके अपने हैं। किंतु उसके हर तर्क को धर्म व समाज के ठेकेदारों ने नकार दिया। सिर्फ इसलिए कि वे हाड़-माँस के मनुष्य को अपना पति स्वीकार नहीं करती। अपना परमेश्वर नहीं मानती। अपने शरीर पर पुरुष को अधिकार नहीं दिया। संतान उत्पन्न करने वाली मशीन नहीं बनी। उसके इसी अपराध के लिए उसका मृत्यु-दंड निश्चित किया जाता है।

धर्म-अदालत मीरा को मृत्यु दंड की घोषणा कर ही रही थी कि राणा विक्रमजीत आकर धर्म-अदालत को बताते हैं कि—राजा वीरनदेव युद्ध में वीरगति को प्राप्त हो गए हैं। मीरा इस परिवार की आखिरी निशानी है। धर्म-अदालत मीरा का न्याय विचारते हुए उस पर दया और सहानुभूति के साथ विचार करे। इस अनुरोध पर धर्म-अदालत मीरा के सामने शर्त रखती है कि यदि वह अपने पति का धर्म स्वीकार कर ले और जनलोक के सामने क्षमा माँग ले तो उसे क्षमा कर दिया जाएगा, किंतु मीरा ऐसा नहीं करती और उसे जहर का प्याला पीने को दे दिया जाता है। जब उस जहर से मीरा की मृत्यु नहीं होती तब मंदिर में प्रवेश करने के बाद किसी को नहीं मालूम किस रहस्यमयी तरीके से उसकी मृत्यु हो जाती है। उसका शव तक किसी को नहीं मिलता। आज भी यह रहस्य अनुमानों के दायरे में ही सीमित है।

राजा वीरनदेव ने अपने देश की रक्षा के लिए अपनी बेटी कृष्णा को जहर दे दिया, बेटा जयमल उनकी आँखों के सामने ही मुगलों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हो गया था, स्वयं वे भी देश पर न्योछावर हो गए, विचारकर देखें तो मेवाड़ राजघराने का पूरा परिवार राणा विक्रमजीत के ध्वज की शान रखने के लिए बलिदान हो गया, किंतु अपने वचन से नहीं फिरा। सिर्फ वीरनदेव के भाई की बेटी मीरा ही आखिरी निशानी के रूप में राणा वंश में बची थी, मीरा के साथ जिस मेवाड़ ने अपना सर्वस्व चित्तौड़ को दे दिया था वही चित्तौड़ मीरा के अधिकारों की रक्षा तो क्या क्षमा भी नहीं कर सका। चित्तौड़ हजारों योद्धाओं तथा मेवाड़ के राजकुँवर जयमल का बलिदान और भोजराज के असंख्य घाव देख चुका था । आखिर कौन-सी विजय मिल गई थी राजपूतों को, यदि ऐसे में मीरा ने अपने सात्विक गुणों पर या फिर अपनी संगीत कला के प्रभाव से बादशाह का मन जीत लिया था तो क्या उसका अपराध यही था कि उसने बादशाह को तलवार से नहीं जीता। उस पर चाहे जितने अपराधों का आरोप हो, किंतु मुख्य अपराध तो उसका यही माना गया था कि वह अपने पति को परमेश्वर नहीं मानती। महंत बंद मंदिर खोलने की शर्त रखता है कि वह करवाचौथ का व्रत रखे। आखिरी-आखिरी समय तक अपने पति का धर्म स्वीकार करने और पिछले कार्यों के लिए क्षमा माँगने पर अदालत उसे क्षमादान देने के लिए तैयार हो जाती है। किंतु यहां प्रश्न यह उठता है कि यह धर्म सिर्फ स्त्री के लिए ही क्यों था? इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है कि पुरुष ने विवाह किया, किंतु घर की जिम्मेवारियों को माया-मोह के आवर्ण में स्त्री को सभी पापों और दुख की खान बताकर त्याग दिया, अब वह किसी दूसरे के योग्य भी नहीं रही, संतान भी नहीं दी, संतान उत्पन्न तो की, किंतु उसका पालन किए बिना अल्पायु में ही

त्याग दिया। स्त्री और संतान के प्रति बिना कर्तव्य पालन किए संत हो गए ऐसे पुरुषों को समाज ने कोई दंड नहीं दिया। अपितु उसे अपनी आँखों में बैठा कर उसके चरणों की पूजा की है और आज भी कर रहा है। क्या यही है धर्म ? क्या यही है राज-सत्ता का न्याय ?

जिन अधिकारों के लिए मीरा ने दासता के बंधनों को तोड़ा था उसमें परिवर्तन तो देखने को मिलता है, मगर संघर्ष भी जारी है।

1. मीरा, मंदिर जाती थी : आज स्त्री समाज के सभी संस्थानों में जाती है। मीरा का मंदिर जाना सिर्फ मंदिर जाना नहीं अपितु कैद की चारदीवारी को तोड़ कर स्वतंत्रता, समानता, एकता, मानवता, शिक्षा, ज्ञानचर्चा, आत्मोन्नत्ति का अधिकार है।

2. मीरा परदा-प्रथा का विरोध करती थी : आज यह प्रथा लगभग समाप्त हो गई है । कोई स्त्री अब इसे स्वीकार नहीं करना चाहती। वह जानती है कि इस परदे ने किस तरह उसके लिए पिंजरे का काम किया है।

3 नृत्य करती थी और भजन गाती थी : यदि किसी लड़की में नृत्यांगना या गायिका बनने के गुण हों तो वह अपनी इस कला से समाज में सम्मान प्राप्त करती है।

4 संतों के साथ आत्मा-परमात्मा की चर्चा करती थी : आज स्त्री शिक्षा के महत्व को सभी जानते हैं। वह विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में बैठकर समाज के सभी विषयों पर विचार-विमर्श करती है।

यह अधिकार अभी भी हर स्त्री को हर क्षेत्र में प्राप्त नहीं है। आवश्यकता अभी भी बड़े संघर्ष एवं बलिदान की है। यही अधिकार मीरा भी चाहती थी, जिसके लिए उसे मृत्यु दंड दिया गया था।

निष्कर्ष :

मैं उपरोक्त बिंदुओं पर विचार करती हूँ तो मुझे महसूस होता है कि पूर्व मध्यकाल में चाहे कितनी ही कुरीतियों-विकृतियों, आडंबरों को तोड़ने और धर्म तथा समाजसुधार की उन्नति पर आवाज उठी हो और कलम चली हो, किंतु स्त्री के अधिकारों को तो मीरा ने ही समझा था। इस महान नारी ने जो बलिदान आज से पाँच सौ वर्ष पूर्व किया था, उन्हीं अधिकारों के लिए नारी आज भी जूझ रही है। ❑

संदर्भ सूची :

फिल्म : मीरा
अभिनेता - हेमा मालिनी (मीरा), विनोद खन्ना-राणा भोजराज (मीरा के पति), शम्मी कपूर (विक्रमजीत)
निर्देशक- गुलजार/ पटकथा, संवाद-गुलजार
निर्माता- प्रेम जी/रिलीज वर्ष- 1979, सुचित्रा इंटरनेशनल द्वारा कृत
गायिका : लता मंगेशकर और उषा मंगेशकर,
गीत : दुनियाँ में आए हैं तो (फिल्म : मदर इंडिया)
पद्मावत / मलिक मोहम्मद जायसी / संपा. वासुदेव शर्ण अग्रवाल
गोस्वामी तुलसीदास : रामचरितमानस
आचार्य रामचंद्र शुक्ल : भ्रमर गीत सार
प्राथमिक कक्षा में सीखा गीत, अध्यापिका : शांती नंगल
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो. रामवक्ष का वक्तव्य, पुनष्चर्या पाठ्यक्रम वर्ष : 2010, स्थान : सीसीपीडी दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली-110007

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

भारतीय शिक्षा प्रणाली में शिक्षण का बदलता स्वरूप

डॉ. पवन कुमार दुबे

असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षक-शिक्षा विभाग, शिक्षा संकाय, नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), प्रयागराज (उ.प्र.),
9452223717
pawandubeypbh@gmail.com

सारांश :

शिक्षा के माध्यम से पुरानी पीढ़ी के व्यक्तियों द्वारा नई पीढ़ी के विद्यार्थियों का बौद्धिक, सांवेगिक, सामाजिक, शारीरिक विकास आदि व्यक्तित्व के सभी पहलुओं का समन्वित रूप से विकास करना प्रमुख दायित्व होता है। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास में शिक्षकों की महती भूमिका होती है। भारतीय परंपरा में शिक्षक द्वारा अपने विद्यार्थियों को शिक्षा देने के तरीके (विधियों) में समय-समय पर परिवर्तन आता रहा है, कभी शिक्षक-केंद्रित शिक्षण तो कभी छात्र-केंद्रित।

वर्तमान समय में छात्र-केंद्रित शिक्षा पद्धति होने के कारण शिक्षक के दायित्व में भी बदलाव आता रहा है। शिक्षक की जो शिक्षण विधि मौखिक या व्याख्यान विधि से प्रारंभ होकर धीरे-धीरे संश्लेषण, विश्लेषण, आगमन, निगमन, दृष्टांत, कहानी-प्रश्नोत्तर करके सीखना, खोज विधि, डाल्टन विधि, प्रोजेक्ट विधियों के साथ-साथ कुछ नवीन पद्धति का भी समावेश होता रहा है। उच्च शिक्षा में कुछ डिजिटल पहल की गई है, जैसे स्वयं एवं स्वयं प्रभा, राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी (NAD), नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी (NAD), राष्ट्रीय शिक्षा मिशन, आईसीटी के माध्यम से नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी इनहांसिंग लर्निंग, ई-शोध सिंधु, आभासी वर्चुअल लैब्स, ई-यंत्र, कैंपस कनेक्टिविटी, शिक्षण से बात करें (टॉक टू टीचर) ई-आचार्य, ई-कल्प एवं ई-विद्वान आदि के माध्यम से शिक्षण में इंटरनेट द्वारा क्रांतिकारी परिवर्तन किया जा रहा है।

कुँजी शब्द :

शिक्षा प्रणाली, शिक्षण, शिक्षण स्वरूप।

प्रस्तावना :

मानव एक सामाजिक प्राणी है तथा समाज में रहते हुए वह सभी क्रिया-कलापों को संपन्न करता है। समाज अपनी आवश्यकता को पूरा करने हेतु मनुष्य पर आश्रित होता है, अस्तु इस कार्य में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा समाज की संरचना में आमूल-चूल परिवर्तन होता है, जिसका उद्देश्य एक प्रगतिशील एवं उन्नतशील

समाज का निर्माण करना होता है। शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से व्यक्ति के व्यवहार में यथोचित सकारात्मक परिवर्तन किया जाता है। किसी भी व्यक्ति, समाज अथवा राष्ट्र की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति अधिकतर उसकी शिक्षा पर निर्भर करती है। अत: जिस देश का शैक्षिक स्तर उन्नत होगा, वहाँ का आर्थिक स्तर भी उन्नत होगा। शिक्षा के तंत्र को प्रतिबिंबित करने हेतु उसकी प्रणाली अथवा पद्धति को भी सुनियोजित एवं सुस्पष्ट होना चाहिए। भारतीय शिक्षा का अपना एक इतिहास रहा है। हमारे यहाँ यूँ तो शिक्षा-दीक्षा कार्य अति प्राचीनकाल से किए जाते रहे हैं। औचारिक तरीके से इसका इतिहास वैदिक काल से देखने को मिलता है। सभी कालों यथा- बौद्ध काल, मुस्लिम एवं ब्रिटिश काल आदि सभी की अपनी शिक्षा प्रणाली रही है। प्राचीन काल में हमारे यहाँ गुरुकुल शिक्षा-प्रणाली रही है।

भारत पर अनेक लोगों ने शासन किया और सभी ने अपनी आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा पद्धति को क्रियान्वित किया, जिसमें जब अंग्रेज भारत पर शासन कर रहे थे, तब इस गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को मिटाना प्रारंभ किया। तत्पश्चात 1830 में लॉर्ड 'थामस बर्विगटन मैकाले' आधुनिक शिक्षा (ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली) को भारत लाए, जिससे भारतीय शिक्षा प्रणाली में आमूल-चूल परिवर्तन हुए। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात कुछ भारतीय दर्शन की महत्ता एवं विचारधारा को शिक्षा-प्रणाली में शामिल करने हेतु विभिन्न आयोगों एवं समितियों ने सिफारिशें कीं तथा विभिन्न राष्ट्रीय शिक्षा नीतियाँ आईं, जिसके कारण शिक्षा संबंधी विविध आयामों में भी परिवर्तन आता गया। इस संबंध में 'अखिल भारतीय शिक्षा समिति' एवं 'बेसिक शिक्षा समिति' का गठन किया गया, जिसके द्वारा कुछ योजनाएँ बनाई गईं, फलस्वरूप विभिन्न स्तर (प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च) के शिक्षण संस्थान स्थापित किए गए।

संपूर्ण शिक्षा प्रणाली में छात्र, शिक्षक एवं पाठ्य-वस्तु की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इन तीनों स्तंभों में शिक्षक भी महत्वपूर्ण अंग होता है। शिक्षा की प्रक्रिया में शिक्षक विद्यार्थियों को प्रेरित, प्रोत्साहित एवं शिक्षित करने का कार्य करता है। इस संदर्भ में डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार, ''समाज में अध्यापक का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है, वह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को बौद्धिक परंपराएँ तथा तकनीकी कौशल पहुँचाने का केंद्र है एवं सभ्यता के प्रकाश को प्रज्ज्वलित रखने में सहायता देता है।''[1]

एक शिक्षक शिक्षण कार्य को अधिक रोचक बनाने हेतु कई नई तकनीकों का भी प्रयोग करता है, जिसमें शिक्षण के तीनों अवस्थाओं यथा-पूर्व क्रियात्मक, अंत:क्रियात्मक एवं उत्तर क्रियात्मक में शिक्षक अपने शिक्षण के उत्तरदायित्वों को विभिन्न गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यवहार में शिक्षण अधिगम के फलस्वरूप परिवर्तन लाता है। शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का संपादन शिक्षक अति प्राचीन काल से कर रहा है, जिसमें समय एवं परिस्थितियों के अनुकूल भिन्न-भिन्न स्वरूपों में हमारे समक्ष आती रही है। शिक्षण विधियों के स्वरूपों में जो परिवर्तन देखा जा रहा है, इसका प्रभाव शिक्षण के परिणामों पर सहज ही परिलक्षित हो रहा है, जो कि विश्लेषण का विषय है।

विभिन्न कालों में शिक्षण का स्वरूप :

भारत वर्ष में शिक्षा का इतिहास कई कालखंड में देखने को मिलता है। वैदिक काल में गुरुकुल प्रणाली प्रचलन में थी, जिसके अंतर्गत मौखिक रूप से शिक्षा देने कार्य प्रश्नोत्तर, वाद-विवाद, शास्त्रार्थ विधि, अग्रशिष्य प्रणाली (कक्षा नायकीय पद्धति), उदाहरण, सूत्र एवं मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के प्रयोग के अतिरिक्त वैदिक काल की कुछ अन्य विधियों में लोकोक्ति, कहानी के साथ ही कुछ शिक्षण सूत्रों का भी प्रयोग शिक्षक करता था।

बौद्ध काल में शिक्षण विधियों का जो रूप मिलता है, उनमें कुछ प्रमुख-व्याख्यान प्रणाली, सम्मेलन, प्रवचन विधि (अशुद्धियों के शोधन के साथ), कक्षा नायकीय पद्धति, प्रश्नोत्तर प्रणाली देशाटन एवं प्रकृति निरीक्षण विधि, वाद-विवाद एवं शास्त्रार्थ प्रणाली, पुस्तकों का अध्ययन एवं निध्यासन आदि के माध्यम में शिक्षण कार्य किया जाता था।

मुस्लिम काल में भी शिक्षक शिक्षण कार्य अनुकरण, अभ्यास, स्मरण, भाषण, व्याख्यान, तर्क स्वाध्याय प्रदर्शन एवं प्रयोग आदि विधियों को प्रयोग करता था। ब्रिटिश शासन काल में भी शिक्षण की विधियों में कुछ विशेष बदलाव देखने को नहीं मिलता है, बल्कि पूर्व के कालों की भाँति ही था।

ब्रिटिश शासन में शिक्षा से संबंधित कुछ आयोग गठित किए गए, जिसने विभिन्न शैक्षिक पहलुओं पर अपनी संस्तुतियाँ दीं, जिससे शिक्षा जगत में सुधार होते गया। इन आयोगों में मुख्यत: वुड का घोषणा पत्र 1954 हंटर आयोग (भारतीय शिक्षा आयोग), 1882 भारतीय विश्वविद्यालय आयोग 1902, कलकत्ता विश्वविद्यालय आयोग (सेंडलर आयोग) 1919, सार्जेंट योजना 1944 आदि के द्वारा शैक्षिक ढाँचे का आधारभूत परिमार्जन किया गया। भारत की आजादी के बाद भारतीय दर्शन को आधार मानकर विभिन्न आयोगों ने अपनी सिफारिशें दीं, जिनमें से कुछ प्रमुख आयोग- विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (राधाकृष्ण आयोग) 1949, माध्यमिक शिक्षा आयोग (मुदालियर आयोग) 1953, शिक्षा आयोग (कोठारी आयोग) 1966 एवं राष्ट्रीय ज्ञान आयोग 2009 आदि ने शिक्षा के सभी पहलुओं में शिक्षण, अधिगम एवं मूल्यांकन आदि को समुन्नत करने हेतु सुझाव दिए। परिणामस्वरूप यथासंभव कार्यान्वित किया जा रहा है।

शिक्षण की प्रक्रिया एवं उसके रूप में इंटरनेट का आविष्कार वैश्विक परिदृश्य में अमेरिका में होने के बाद परिवर्तन देखा जाने लगा। भारत में जन सामान्य हेतु इंटरनेट सेवा की शुरुआत 15 अगस्त, 1995 को विदेश संचार निगम लिमिटेड द्वारा की गई। इसका प्रयोग शिक्षण अथवा शैक्षिक क्षेत्र में भी किया जाने लगा।

21वीं सदी में शिक्षण का स्वरूप :

इंटरनेट के प्रचलन के साथ ही शिक्षण, शोध एवं मूल्यांकन आदि शैक्षिक क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन

देखे जा सकते हैं। इसका प्रभाव शिक्षण के तीनों स्तर (स्मृति, बोध एवं चिंतन) पर देखा जा सकता है। अन्य प्राचीन काल से चली आ रही शिक्षण विधियों के साथ ही डिजिटल अधिगम, सिंक्रोनस एवं एसिंक्रोनस के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण के साथ ही अध्ययन सामग्री को भी ई-मेल आदि के माध्यम से उपलब्ध करवाया जा रहा है। टेलीकॉन्फ्रेंसिंग, वीडियो कांफ्रेंसिंग, रेडियो, टेलीविजन आदि का भी उपयोग करते हुए आज सुदूर बैठे हुए छात्रों तक शिक्षा के अवसरों को आसानी से पहुँचाया जा रहा है। पुस्तकों की पहुँच छात्रों एवं शिक्षकों के लिए डिजिटल रूप से स्थापित पुस्तकालयों के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। अत: 21वीं सदी में शिक्षण का स्वरूप काफी परिवर्तित हो गया है। उच्च शिक्षण संस्थाओं पर बदलाव का सबसे बड़ा दबाव वर्तमान समय में दिख रहा है, जहाँ लचीले, वैयक्तिकृत एवं वास्तविक समय के शैक्षिक अनुभव की माँग बढ़ गई है, जहाँ उच्च शिक्षण संस्थाओं को छात्रों के अनुभव के केंद्र में रखने की आवश्यकता है (यसनर[2] 2020, होस्किन्स [3] 2018; स्टोक्स तथा अन्य [4] 2019) के अध्ययन से प्राप्त परिणाम यह पुष्ट करता है कि डिजिटल परिवर्तन के मूल में उसके छात्र हैं और प्रौद्योगिकी केवल उपकरण हैं, जहाँ 94 प्रतिशत साक्षात्कारकर्ताओं का मानना है कि डिजिटल परिवर्तन का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम छात्रों में सुधार करना है।

प्रसन्ना एवं चौधरी [5] (2013) संकेत देते हैं कि संतुष्ट छात्र किसी विश्वविद्यालय के लिए सबसे अच्छा विज्ञापन हैं, इसके अतिरिक्त, सेरेस तथा अन्य [6] (2018) एवं स्पाइज[7] (2017) के शोध के परिणाम इंगित करते हैं कि उच्च शिक्षा के डिजिटल परिवर्तन का लक्ष्य उपयोगकर्ताओं पर केंद्रित सेवाएँ प्रदन करने के लिए काम करने के नए तरीके तैयार करना है।

विभिन्न काल की शिक्षण पद्धति का वर्तमान में प्रभाव एवं उपयोगिता :

वैदिक काल से प्रारंभ हुई शैक्षिक प्रणाली से लेकर वर्तमान समय तक की शिक्षण की विधियाँ नवीन शिक्षण विधियों के लिए आधार का कार्य करती हैं। शिक्षण विधि पद का प्रयोग व्यापक अर्थ में होता है। एक तरफ तो इसके अंतर्गत अनेक प्रणालियाँ एवं योजनाएँ शामिल की जाती हैं तथा दूसरी तरफ हम कह सकते हैं कि इसका क्षेत्र अधिक व्यापक है, इसमें मौखिक विधि, वाद-विवाद विधि, प्रश्नोत्तर विधि उदाहरण सूत्र आदि का वर्तमान की संश्लेषण, विश्लेषण, आगमन-निगमन करके सीखना आर्मस्ट्रांग की शोध विधि, लिपेट्रिक की प्रोजेक्ट विधि, हेलेन पार्कहस्ट्र की डाल्टर योजना विधि से घनिष्ठ संबंध है। बल्कि यूँ कहे कि यह नवीन विधियों को आधार प्रदान करने का कार्य प्राचीन काल में प्रचलित शिक्षण विधियाँ ही हैं।

डिजिटल लर्निंग में भी प्राचीन काल की शिक्षण विधियों का अधिक उपयोग किया जाता है। अत: हम कह सकते हैं कि प्राचीन काल से ही शिक्षण के क्षेत्र में उपयोग में लाई जा रही विधियाँ वर्तमान परिदृश्य में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही हैं।

शैक्षिक क्षेत्र में शिक्षण हेतु कुछ प्रमुख डिजिटल पहल :

शिक्षण के क्षेत्र को और भी प्रभावी एवं व्यापक रूप प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हीं में से कुछ डिजिटल पहल हैं, जो इस प्रकार हैं-

स्वयं एवं स्वयं प्रभा :

इसकी शुरुआत डिजिटल क्रांति के रूप में 9 जुलाई, 2017 को तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा की गई।

- स्टडी बेब्स ऑफएक्टिव लर्निंन फॉर यंग स्पायरिंग माइंड्स (SWAYAM) यह कक्षा 9वीं से स्नातकोत्तर स्तर तक ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है।
- स्वयं प्रभा 24 घंटे सप्ताह में सातों दिन संपूर्ण देश में D.T.H. के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले 32 चैनल प्रदान करता है। इसका प्रसारण प्रतिदिन 4

घंटे और पाँच बार किया जाता है। इसके अतिरिक्त शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शैक्षिक डिपाजिटरी (NAD)एवं राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी (N.D.L.) प्रारंभ की।

● राष्ट्रीय शिक्षा मिशन आई.सी.टी. के माध्यम से नामांकन दर (GER)में 5 प्रतिशत की वृद्धि करना है तथा ऑनलाइन शिक्षकों की उपलब्धता भी इसका प्रमुख उद्देश्य है।

● नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलाजी एनहांसिंग लर्निंग (N.P.T.E.L) योजना शिक्षा मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित है, जो कि भारत की सात I.I.T. एवं I.T.Sc. बंगलौर द्वारा प्रारंभ की गई। यह वेब आधारित लर्निंग विकसित करती है।

● फोजी FOSSEE फ्री एंड ओपेन सोर्स सॉफ्टवेयर फॉर एजुकेशन एक प्रकार का ओपेन सोर्स सॉफ्टवेयर को शैक्षिक संस्थानों को उपयोग हेतु बढ़ावा देने वाली एक परियोजना है। इसके माध्यम से लगभग 2000 से अधिक के कॉलेजों के छात्र एवं शिक्षक शिक्षण सामग्री जैसे-प्यूटोरियल्स, डाक्यूमेंटेशन जागरूकता कार्यक्रम (ट्रेनिंग कार्यक्रम) आदि संचालित किया जाता है।

● **वर्चुअल लैब :**

यह एक ऐसी योजना है, जो व्यक्ति के ज्ञान एवं समझ का मूल्यांकन करने एवं प्रश्नों के उत्तर देने हेतु पूर्णतया इंटरैक्टिव सिमुलेशन एनवायरमेंट विकसित करती है। समस्या समाधान की क्षमता को विकसित करने हेतु आधुनिकतम कम्प्यूटर सिमुलेशन तकनीक के साथ आभासी प्रयोगशाला को विकसित करती है। यह लगभग 15 लाख से अधिक छात्रों को लाभ प्रदान कर रही है।

● **ई-शोध सिंधु :**

इसके अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय ई-जर्नल्स एवं ई-पुस्तकें उच्च शिक्षण संस्थाओं को उपलब्ध कराई जाती हैं। इसको शिक्षा मंत्रालय ने तीन संस्थाओं को मिलाकर स्थापित किया है-

● UGC-INFONET डिजिटल लाइब्रेरी कंसोर्टियम

● N-LIST (नेशनल लाइब्रेरी एंड इनफॉर्मेशन सर्विसेज इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर स्कॉलर कॉन्टेंट)

● INDEST-AICTE (इंडियन नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी इन इंजीनियरिंग साइंसेस एंड टेक्नोलॉजी)

● इस योजना को INFIBNET गांधीनगर गुजरात लागू कर रहा है।

● **ई-यंत्र :**

यह 'नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू इनफॉर्मेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी (NMEICT) की पहल है। इसमें रोटिक्स के माध्यम से इंजीनियरिंग के छात्रों की प्रतिभागिता बढ़ाई जाती है तथा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाता है।

● **शिक्षक से बात करें (टॉक टू टीचर) :**

यह शिक्षा पर राष्ट्रीय मिशन है, जो कि 'आई.आई.टी. बाम्बे' द्वारा विकसित किया गया। इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के साथ ही अमृता विश्वविद्यालय द्वारा विकसित 'ए-ब्यू सहयोग' एक प्लेटफॉर्म, जहाँ पर देश भर के संकायों (फैकल्टी) को आभासी कक्षाएँ प्रदान करने हेतु विकसित किया गया है।

● **ई-आचार्य :**

यह NMEICT का इंटीग्रेटेड ई-कंटेंट पोर्टल है, जिसके द्वारा सभी सामग्री इसके डिपाजिटरी प्लेटफॉर्म पर INFLIBNET सेंटर गांधीनगर में रखी गई है।

● **ई-कल्प :**

यह शिक्षा मंत्रालय एवं NMEICT की पहल पर आधारित है। यह भारत में डिजाइन हेतु डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म बनाता है। यह एक प्रकार का शिल्प क्षेत्र सहित डिजिटल डिजाइन संसाधन डेटाबेस हायर लर्निंग हेतु सोशल नेटवर्किंग है।

- **ई-विद्वान :**

यह इनफॉर्मेशन एवं लाइब्रेरी नेटवर्क से संबंधित है। इसको NMEICT से वित्तीय एवं विशेषज्ञता के रूप में सहायता मिलती है। यह शोध लेखों को एकत्रित करता है एवं नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य करता है।

- **साक्षात पोर्टल :**

यह राष्ट्रीय मिशन पोर्टल द्वारा भारतीयों को नि:शुल्क शिक्षा इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध कराता है। इसमें शैक्षिक संसाधनों, छात्रवृत्ति, टेस्टिंग एवं चर्चा के अवसर उपलब्ध होते हैं।

- **राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क** (NKN) :

इसके माध्यम से विज्ञान पाठ्यक्रम एवं वाई-फाई कनेक्टिविटी के साथ सभी छात्रों को डिजिटल परिसरों, वीडियो कॉन्फ्रेंस, कक्षा हॉट-स्पॉट, लैपटॉप एवं डेस्कटॉप आदि उपलब्ध करवाए गए हैं।

- **एडुसेट** (EDUSET) :

इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में सैटेलाइट कनेक्टिविटी आई। इग्नू ऑन लाइन पाठ्यक्रम को प्रस्तुत करने के लिए उपग्रह, टी.वी., इंटरनेट आदि का प्रयोग कर रहा है।

- **वृहस्पति :**

यह ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म का ओपेन स्रोत है। इसे आई.आई.टी. कानुपर द्वारा विकसित किया गया है।

- **ग्रिड गरूण :**

यह डेटा और अन्य अनुप्रयोगों के विकसित करने हेतु शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं अनुसंधान समुदायों को एक साथ लाने वाला पहला ग्रिड है। यह राष्ट्रीय ज्ञान आयोग से जुड़ा है।

निष्कर्ष एवं सुझाव :

भारत वर्ष ही नहीं, किसी भी राष्ट्र की प्रगति का माध्यम शैक्षिक रूप से संपन्नता होती है। अत: निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि प्रत्येक राष्ट्र अपनी शिक्षा पद्धति अथवा शिक्षा प्रणाली सुदृढ़ एवं सशक्त रखना चाहता है। भारतीय शिक्षा में प्राचीन समय से वर्तमान तक विभिन्न कालखंडों में शिक्षण का स्वरूप समयानुरूप परिमार्जित होता रहा है, जिसका परिणाम परंपरागत शिक्षण विधियों के साथ नवीन शिक्षण विधियों जैसे आनुभविक अधिगम, प्रोजेक्ट विधि, स्मार्ट कक्षा-कक्ष शिक्षण, मिश्रित शिक्षा प्रणाली, एवं बहु विषयक शिक्षण विधियों का भी प्रयोग होने लगा है। भावी शिक्षण विधियों के रूप में यह कहा जा सकता है कि बहुआयामी शिक्षण को शामिल किया जाना चाहिए। शिक्षण में आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए शिक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है। ❑

संदर्भ ग्रन्थ सूची :

1. कुमार, विमल-शिक्षक एवं समाज: एक पुनर्दृष्टि, दृष्टि, नई दिल्ली, 6 सितम्बर 2022, पृष्ठ संख्या 1-2
2. यसनर-इन ए0, फर्नांडिज ; बी0, गोमेज ; के0, बिन्जाकू एवं ई0के0, मे0से0, (2023) उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल परिवर्तन पहल: एक बहुभाषी साहित्य समीक्षा एजूकेशन एण्ड इनफारमेशन टेक्नोलॉजी, 28 (1), 12351-12382, (2020)
3. होस्किन्स-इन ए0, फर्नांडिज ; बी0, गोमेज ; के0, बिन्जाकू एवं ई0के0, मे0से0, (2023) उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल परिवर्तन पहल: एक बहुभाषी साहित्य समीक्षा एजूकेशन एण्ड इनफारमेशन टेक्नोलॉजी, 28 (1), 12351-12382, (2018)
4. स्टोक्स तथा अन्य- इन ए0, फर्नांडिज ; बी0, गोमेज ; के0, बिन्जाकू एवं ई0के0, मे0से0, (2023) उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल परिवर्तन पहल: एक बहुभाषी साहित्य समीक्षा एजूकेशन एण्ड इनफारमेशन टेक्नोलॉजी, 28 (1), 12351-12382, (2019)
5. प्रसन्ना, पी0 एवं चौधरी, एस0-उच्च शिक्षा में परिवर्तन के तरीके, (2013) उपलब्ध:

https://www.cognizant.com/insightwhitepapers/transfromation-strategies-for higher-education.pdf.

6. सेरेस तथा अन्य-इन ए0, फर्नांडिज ; बी0, गोमेज ; के0, बिन्जाकू एवं ई0के0, मे0से0, (2023) उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल परिवर्तन पहल: एक बहुभाषी साहित्य समीक्षा एजूकेशन एण्ड इनफारमेशन टेक्नोलॉजी, 28 (1), 12351-12382, (2018)
7. स्पाइज-इन ए0, फर्नांडिज ; बी0, गोमेज ; के0, बिन्जाकू एवं ई0के0, मे0से0, (2023) उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल परिवर्तन पहल: एक बहुभाषी साहित्य समीक्षा एजूकेशन एण्ड इनफारमेशन टेक्नोलॉजी, 28 (1), 12351-12382, (2017)
8. मदान, के0वी0एस0 एवं मदान अंशु बाला-शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता, पियरसन एजूकेशन पाब्लिकेशन, (2020)
9. मंगल, एस0के0 एवं मंगल उमा-शिक्षा तकनीकी, पी0एच0आई0 लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली-110092, (2019)
10. लाल, रमन बिहारी एवं शर्मा कृष्ण कान्त-भारतीय शिक्षा का इतिहास, विकास एवं समस्याएँ, आर लाल बुक डिपो, मेरठ, उ0प्र0 250001, (2013)
11. कुलश्रेष्ठ, डॉ0 एस0पी0-शैक्षिक तकनीकी के मूल आधार, अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा; 2 उ0प्र0, (2008)
12. सिंह, डॉ0 कर्ण-भारत में शिक्षा प्रणाली का विकास, गोविन्द प्रकाशन लखीमपुर खीरी-262701, (2013)

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

ऑनलाइन शिक्षा प्रोग्राम प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति शिक्षकों का दृष्टिकोण : एक अध्ययन

डॉ. रुचि दुबे
असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा शास्त्र विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश-211001
9415237694
ruchidubey31@gmail.com

डॉ. विधु शेखर पाण्डेय
असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षक-शिक्षा विभाग, शिक्षा संकाय, नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), प्रयागराज (उ.प्र.),
7985571465
vvv.net007@gmail.com

सारांश :

प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य ऑनलाइन शिक्षा प्रोग्राम प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति शिक्षकां के दृष्टिकोण का अध्ययन करना था। न्यादर्श के रूप में प्रयागराज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के तीन वित्तपोषित एवं तीन स्ववित्तपोषित विद्यालयों से 100 शिक्षकों का चयन यादृच्छिक न्यादर्श विधि से किया गया है। अध्ययन हेतु आँकड़ों के संग्रहण क लिए स्वनिर्मित प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति शिक्षक दृष्टिकोण मापनी उपकरण का प्रयोग किया गया है। प्रदत्तों के विश्लेषण हेतु प्रतिशत विश्लेषण एवं टी-अनुपात का प्रयोग किया गया है एवं निष्कर्ष के रूप में पाया गया कि शहरी विद्यालय के शिक्षक ग्रामीण विद्यालय के शिक्षकों की अपेक्षा प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति अधिक जागरूक हैं; वित्तपोषित विद्यालय के शिक्षक, स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों की अपेक्षा अधिक प्रज्ञाता दिशा-निर्देश से संतुष्ट हैं; वित्तपोषित विद्यालय के शिक्षक, स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों की अपेक्षा अच्छी तरह प्रज्ञाता गाइडलाइन का पालन करते हैं; ज्यादातर शिक्षकों का मानना है कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश ऑनलाइन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करता है; ज्यादातर शिक्षकों का मत है कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश डिजिटल शिक्षा और शिक्षक प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय पहल है; वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर है एवं ग्रामीण एवं शहरी विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर है।

कुंजी शब्द : ऑनलाइन शिक्षा, प्रज्ञाता दिशा-निर्देश, अधिगम, शिक्षक आदि।

प्रस्तावना :

वर्तमान परिदृश्य में डिजिटल शिक्षा एक नवीन एवं उभरता हुआ क्षेत्र है, जो प्रमुख रूप से ऑनलाइन माध्यम का उपयोग करते हुए सीखने एवं सीखाने की प्रक्रिया से संबंधित है। यह डिजिटल माध्यम पाठ संसाधनों को साझा करने और असाइनमेंट ऑनलाइन माध्यम से जमा करने वाले विद्यार्थियों की क्रिया कलाप से विकसित हुआ है। जिससे ऑडियो, विडियो एवं मल्टीमीडिया संसाधनों जैसे विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध हुई है। शिक्षा आज डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से काफी सुगम हो गयी है, जो राज्य/केन्द्र शासित प्रदेशों में कई शिक्षकों द्वारा शिक्षण प्रक्रिया में ICT को एकीकृत कर उपयोग किया जा रहा है। [1]

14 जुलाई 2020 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय (भारत सरकार) ने कोविड-19 महामारी के दौरान स्कूल शिक्षा के संचालन हेतु एक गाइडलाइन तैयार की, जिसको 'प्रज्ञाता' नाम दिया गया हैं इस दिशा निर्देशन में उन विद्यार्थियों के लिए जिनके पास उपकरण है तथा जिनके पास नहीं है या सीमित है, दोनों के लिए एन.सी.ई.आर.टी. के वैकल्पिक शैक्षणिक कलेण्डर के उपयोग पर बल दिया गया है। इसलिए विभिन्न डिजिटल माध्यमों से मौखिक एवं गैर-मौखिक तरीकों से संवाद करते हुए शिक्षकों का अत्यधिक सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है।[2] प्राथमिक स्तर पर परामर्शदाता होने के कारण शिक्षकों पर विद्यार्थियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के देखभाल की जिम्मेदारी होती है। शिक्षक, विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति शिक्षकों का दृष्टिकोण जानना अत्यन्त आवश्यक विषय है। प्रज्ञाता डिजिटल शिक्षा के प्रमुख आठ चरण इस प्रकार हैं [3]-**(i) योजना :** विद्यार्थियों के ऑनलाइन सीखने के लिए शिक्षक द्वारा विस्तारपूर्वक पाठ योजना तैयार करना; प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या' ऑनलाइन कक्षा की अवधि एवं समय-सारणी पाठ; आयु एवं कक्षा के अनुसार पाठ्यक्रम की योजना; वार्षिक कैलेण्डर तैयार करना; विद्यार्थियों के लिए डिजिटल उपकरणों की पहुँच; शिक्षकों अथवा विद्यालय के लिए डिजिटल उपकरणों की उपलब्धता; सकुशल एवं सुरक्षित परिवेश; तथा सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन **(ii) समीक्षा :** विद्यालय या शिक्षकों के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों की पहचान करने तथा विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों के लिए विभिन्न उपकरणों या माध्यमों का निर्धारण करने के पश्चात् समीक्षा करना; समयावधि; संसाधन की गुणवत्ता; असाइनमेंट के दायरे; आकलन के तरीके; साइबर सुरक्षा; तथा तकनीकों के साथ विषयों की उपलब्धता [4] **(iii) व्यवस्था :** एकत्र की गयी सूचनाओं की समीक्षा के बाद, उनके दैनिक/साप्ताहिक अथवा मासिक संप्रेषण के लिए उनकी उचित व्यवस्था और संगठन किया जाना चाहिए। **(iv) मार्गदर्शन :** शिक्षकों के मार्गदर्शन के अन्तर्गत अथवा स्व-अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा सीखे जाने वाले विषयों के बारे में माता-पिता अथवा विद्यार्थियों को सूचित करने की आवश्यकता है। इंस्टैंट तत्काल मैसेजिंग एस.एम.एस., विडियो चैटिंग जैसे विभिन्न तरीकों का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जा सकता है। **(v) बातचीत (वार्ता):** मार्गदर्शन के दौरान शिक्षकों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि समूह के सदस्यों एवं विद्यार्थियों में सीखने के प्रति अभिरूचि जाग्रत हो और विद्यार्थी गतिविधियों के माध्यम से भी सीखें।[5] **(vi) कार्य सौंपना :** असाइनमेंट; दो अथवा तीन विषयों को पूरा करने के पश्चात् शिक्षक, विद्यार्थियों को कुछ रोचक कार्य दे सकते हैं। ये रचनात्मक कार्य (असाइनमेंट) विद्यार्थियों के पास उपलब्ध तकनीकी उपकरणों के आधार पर व्यक्तिगत कार्य या समूह गतिविधियाँ हो सकती हैं। **(vii) पता लगाना :** सत्र के दौरान की गयी परिचर्चा और दिये गए कार्य का पता लगाना अथवा फॉलोअप बहुत अनिवार्य है; शिक्षकों को छात्रों में विकसित आदतों-कौशलों व मूल्यों का पता लगाना होगा, क्योंकि वे वैकल्पिक दृष्टिकोणों का उपयोग करके शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। **(viii) सराहना :** आवश्यक है कि प्रत्येक कार्य पूर्ण होने पर शिक्षक बच्चों की प्रशंसा संदेश भेजकर अथवा उन्हें फोन करके उनकी सराहना करें।[6] कुमार [7] (2011) ने ई-अधिगम के प्रति उच्च शिक्षा में अध्यापनरत शिक्षकों के दृष्टिकोण का अध्ययन किया तथा निष्कर्ष के रूप में पाया कि तकनीकी रूप से सक्षम एवं अक्षम शिक्षकों में ई-अधिगम के प्रति दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर है। प्रस्तुत अध्ययन में ऑनलाइन शिक्षा प्रोग्राम प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति शिक्षकों के दृष्टिकोण का अध्ययन किया जा रहा है।

अध्ययन का उद्देश्य : प्रस्तुत अध्ययन में निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किए गए हैं -

1. वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण का अध्ययन करना।
2. ग्रामीण एवं शहरी विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण का अध्ययन करना।

सहायक उद्देश्य –

1. वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा–निर्देश के प्रति दृष्टिकोण की तुलना करना।
2. ग्रामीण एवं शहरी विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा–निर्देश के प्रति दृष्टिकोण की तुलना करना।

परिकल्पना : सहायक उद्देश्य की प्राप्ति हेतु निम्नलिखित परिकल्पना बनाई गयी है–

1. वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा–निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2. ग्रामीण एवं शहरी विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा–निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

शोध प्रविधि :

शोध विधि – प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक अनुसंधान की सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

समष्टि एवं न्यादर्श – वर्तमान अध्ययन हेतु प्रयागराज जनपद के 100 माध्यमिक स्तर (सीनियर सेकेण्ड्री) के शिक्षकों को समष्टि में शामिल किया गया है। न्यादर्श के रूप में प्रयागराज शहरी क्षेत्र के तीन वित्तपोषित विद्यालयों, यथा–कर्नलगंज इण्टरमीडिएट कॉलेज, के0पी0 इण्टरमीडिएट कॉलेज एवं आर्य कन्या इण्टरमीडिएट कॉलेज से 23 शिक्षकों एवं तीन स्ववित्तपोषित विद्यालयों यथा–रानी रेवती देवी इण्टरमीडिएट कॉलेज, माधव ज्ञान केन्द्र इण्टरमीडिएट कॉलेज एवं बाल विद्या मन्दिर इण्टरमीडिएट कॉलेज, प्रयागराज से 27 शिक्षकों तथा प्रयागराज ग्रामीण क्षेत्र के तीन वित्तपोषित विद्यालयों यथा–गोपाल विद्यालय इण्टरमीडिएट कॉलेज, सरदार पटेल इण्टरमीडिएट कॉलेज एवं गोस्वामी तुलसीदास कृषक इण्टरमीडिएट कॉलेज, कोराँव, प्रयागराज से 28 शिक्षकों और तीन स्ववित्तपोषित विद्यालयों यथा–रमा निवास इण्टरमीडिएट कॉलेज, कोराँव, मनबोध बालिका इण्टरमीडिएट कॉलेज, कोराँव तथा आद्या प्रसाद इण्टरमीडिएट कॉलेज, कोराँव, प्रयागराज से 22 शिक्षकों का चयन यादृच्छिक न्यादर्श विधि से किया गया है।

उपकरण – अध्ययन हेतु आँकड़ों के संग्रहण के लिए स्वनिर्मित प्रज्ञाता दिशा–निर्देश के प्रति शिक्षक दृष्टिकोण मापनी का प्रयोग किया गया है।

प्रयुक्त सांख्यिकी – प्रज्ञाता दिशा–निर्देश के प्रति शिक्षकों के दृष्टिकोण के अध्ययन करने के लिए प्रतिशत विश्लेषण एवं शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा–निर्देशन के प्रति दृष्टिकोण की तुलना हेतु टी–परीक्षण का प्रयोग किया गया है।

आँकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या :

सारणी सं.–1

प्रज्ञाता दिशा–निर्देश के प्रति वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित शिक्षकों के दृष्टिकोण का प्रतिशत विश्लेषण

क्र. सं.	कथन	वित्तपोषित/ स्ववित्तपोषित	N=100		
			सहमत	अनिर्णय	असहमत
1.	प्रज्ञाता दिशा–निर्देश ऑनलाइन/डिजिटल शिक्षा के तरीके सुनिश्चित करता है।	वित्तपोषित	96	2	2
		स्ववित्तपोषित	88	2	10
2.	प्रज्ञाता दिशा–निर्देश विद्यार्थियों के दृष्टिकोण से विकसित किया गया है।	वित्तपोषित	84	6	10
		स्ववित्तपोषित	74	16	10
3.	प्रज्ञाता दिशा–निर्देश में बच्चों के सम्पूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए डिजिटल शिक्षा का क्रियान्वयन किया गया है।	वित्तपोषित	82	12	6
		स्ववित्तपोषित	60	28	12
4.	प्रज्ञाता दिशा–निर्देश शाला प्रमुखों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए दिशा–निर्देश सुनिश्चित करता है।	वित्तपोषित	80	10	10
		स्ववित्तपोषित	54	40	6

5.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षण में साइबर सुरक्षा एवं निजता की नीतियों को ध्यान में रखा गया है।	वित्तपोषित	66	28	6
		स्ववित्तपोषित	60	22	18
6.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सहायक है।	वित्तपोषित	82	14	4
		स्ववित्तपोषित	88	8	4
7.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन अधिगम योजना प्रारूप तैयार करती है।	वित्तपोषित	86	10	4
		स्ववित्तपोषित	74	24	2
8.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करता है।	वित्तपोषित	72	18	10
		स्ववित्तपोषित	42	42	16
9.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश छात्रों के अधिगम को प्रभावित करता है।	वित्तपोषित	76	16	8
		स्ववित्तपोषित	46	34	20
10.	अध्यापक प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के पालन में समर्थ है।	वित्तपोषित	64	24	12
		स्ववित्तपोषित	66	20	14
11.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों में सामंजस्य स्थापित करने में सहायक है।	वित्तपोषित	64	28	8
		स्ववित्तपोषित	48	36	16
12.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश अध्यापक योजना और शिक्षण-प्रक्रिया में सामंजस्य स्थापित कर पाता है।	वित्तपोषित	62	26	12
		स्ववित्तपोषित	56	22	22
13.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के आने से ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है।	वित्तपोषित	82	16	02
		स्ववित्तपोषित	58	26	16
14.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के ऑनलाइन अधिगम में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।	वित्तपोषित	68	24	08
		स्ववित्तपोषित	64	20	16
15.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश में रोजगार पहलुओं पर ध्यान दिया गया है।	वित्तपोषित	50	36	14
		स्ववित्तपोषित	32	54	14
16.	ऑनलाइन शिक्षा के लिए राज्यों को अपने अनुसार दिशा-निर्देश निर्धारित करने की पूर्ण स्वतंत्रता है।	वित्तपोषित	66	24	10
		स्ववित्तपोषित	72	22	06
17.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षा के लिए डिजिटल संसाधन सुनिश्चित करता है।	वित्तपोषित	80	18	02
		स्ववित्तपोषित	72	12	16
18.	पीएम ई-विद्या योजना के अन्तर्गत डिजिटल/ ऑनलाइन शिक्षा के बहु-अधिगम विकसित किये गये हैं।	वित्तपोषित	88	06	06
		स्ववित्तपोषित	78	20	02
19.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश डिजिटल शिक्षा और शिक्षक प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय पहल को बढ़ाना है।	वित्तपोषित	82	14	04
		स्ववित्तपोषित	82	08	10
20.	आप प्रज्ञाता दिशा-निर्देश में शारीरिक, मानसिक और कल्याण आदि विषयों में सतर्कता बरतने के पक्ष में है।	वित्तपोषित	76	18	06
		स्ववित्तपोषित	68	22	10

सारणी-1 के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि 96% वित्तपोषित एवं 88% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश ऑनलाइन/डिजिटल शिक्षा के तरीके सुनिश्चित करता है; 84% वित्तपोषित एवं 74% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों के दृष्टिकोण से विकसित किया गया है; 82% वित्तपोषित एवं 60: स्ववित्तपोषित शिक्षक इस बात से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश में बच्चों के सम्पूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए डिजिटल शिक्षा का क्रियान्वयन किया गया है; 80% वित्तपोषित एवं 54% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शाला प्रमुखों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए दिशा-निर्देश सुनिश्चित करता है; 66% वित्तपोषित एवं 60% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षक में साइबर सुरक्षा एवं निजता की नीतियों को ध्यान में रखा गया है; 82% वित्तपोषित एवं 88% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सहायक है; 86% वित्तपोषित एवं 74% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन अधिगम योजना प्रारूप तैयार करती है; 72% वित्तपोषित एवं 42% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करता है; 76% वित्तपोषित एवं 46% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश छात्रों के अधिगम को प्रभावित करता है; 64% वित्तपोषित एवं 66% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि अध्यापक प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के पालन में समर्थ हैं; 64% वित्तपोषित एवं 48% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों में सामंजस्य स्थापित करने में सहायक है; 62% वित्तपोषित एवं 56% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश अध्यापक योजना और शिक्षण प्रक्रिया में सामंजस्य स्थापित कर पाता है; 82% वित्तपोषित एवं 58% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देशन के आने से ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है; 68% वित्तपोषित एवं 64% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के ऑनलाइन अधिगम में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा; 50% वित्तपोषित एवं 32% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देशन में रोजगार पहलुओं पर ध्यान दिया गया है; 66% वित्तपोषित एवं 72% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि ऑनलाइन शिक्षा के लिए राज्यों को अपने अनुसार दिशा-निर्देश निर्धारित करने की पूर्ण स्वतंत्रता है; 80% वित्तपोषित एवं 72% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षा के लिए डिजिटल संसाधन सुनिश्चित करता है; 88% वित्तपोषित एवं 78% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि पीएम ई-विद्या योजना के अन्तर्गत डिजिटल ऑनलाइन शिक्षा के बहु-अधिगम विकसित किये गये हैं; 82% वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित, दोनों शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश डिजिटल शिक्षा और शिक्षक-प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय पहल को बढ़ाना है; तथा 76% वित्तपोषित एवं 68% स्ववित्तपोषित शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि आप प्रज्ञाता दिशा-निर्देश में शारीरिक, मानसिक एवं कल्याण आदि विषयों में सतर्कता बरतने के पक्ष में हैं।

सारणी सं.-2

प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति ग्रामीण एवं शहरी शिक्षकों के दृष्टिकोण का प्रतिशत विश्लेषण

क्र. सं.	कथन	वित्तपोषित/ स्ववित्तपोषित	N=100		
			सहमत	अनिर्णय	असहमत
1.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश ऑनलाइन/डिजिटल शिक्षा के तरीके सुनिश्चित करता है।	ग्रामीण	90	02	08
		शहरी	92	02	06
2.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों के दृष्टिकोण से विकसित किया गया है।	ग्रामीण	72	16	12
		शहरी	86	06	08
3.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश में बच्चों के सम्पूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए डिजिटल शिक्षा का क्रियान्वयन किया गया है।	ग्रामीण	68	16	16
		शहरी	74	24	02
4.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शाला प्रमुखों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए दिशा-निर्देश सुनिश्चित करता है।	ग्रामीण	70	20	10
		शहरी	64	28	08
5.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षण में साइबर सुरक्षा एवं निजता की नीतियों को ध्यान में रखा गया है।	ग्रामीण	52	32	16
		शहरी	74	18	08
6.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सहायक है।	ग्रामीण	82	14	04
		शहरी	88	08	04
7.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन अधिगम योजना प्रारूप तैयार करती है।	ग्रामीण	76	18	06
		शहरी	84	14	02
8.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करता है।	ग्रामीण	62	24	14
		शहरी	52	36	12
9.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश छात्रों के अधिगम को प्रभावित करता है।	ग्रामीण	66	18	16
		शहरी	56	32	12
10.	अध्यापक प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के पालन में समर्थ है।	ग्रामीण	52	28	20
		शहरी	78	16	06
11.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों में सामंजस्य स्थापित करने में सहायक है।	ग्रामीण	60	20	20
		शहरी	46	50	04
12.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश अध्यापक योजना और शिक्षण-प्रक्रिया में सामंजस्य स्थापित कर पाता है।	ग्रामीण	48	30	22
		शहरी	70	18	12
13.	प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के आने से ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है।	ग्रामीण	72	16	12
		शहरी	68	26	06

14. प्रज्ञाता दिशा-निर्देश से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के ऑनलाइन अधिगम में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।	ग्रामीण	58	26	16
	शहरी	74	18	08
15. प्रज्ञाता दिशा-निर्देश में रोजगार पहलुओं पर ध्यान दिया गया है।	ग्रामीण	48	36	16
	शहरी	40	54	06
16. ऑनलाइन शिक्षा के लिए राज्यों को अपने अनुसार दिशा-निर्देश निर्धारित करने की पूर्ण स्वतंत्रता है।	ग्रामीण	72	18	10
	शहरी	66	28	06
17. प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षा के लिए डिजिटल संसाधन सुनिश्चित करता है।	ग्रामीण	78	22	10
	शहरी	84	08	08
18. पीएम ई-विद्या योजना के अन्तर्गत डिजिटल/ऑनलाइन शिक्षा के बहु-अधिगम विकसित किये गये हैं।	ग्रामीण	82	12	06
	शहरी	84	14	02
19. प्रज्ञाता दिशा-निर्देश डिजिटल शिक्षा और शिक्षक प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय पहल को बढ़ाना है।	ग्रामीण	74	18	08
	शहरी	90	04	06
20. आप प्रज्ञाता दिशा-निर्देश में शारीरिक, मानसिक और कल्याण आदि विषयों में सतर्कता बरतने के पक्ष में है।	ग्रामीण	64	18	18
	शहरी	80	16	04

सारणी-2 के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि 90% ग्रामीण एवं 92% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश ऑनलाइन/डिजिटल शिक्षा के तरीके सुनिश्चित करता है; 72% ग्रामीण एवं 86% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों के दृष्टिकोण से विकसित किया गया है; 68% ग्रामीण एवं 74% शहरी शिक्षक इस बात से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश में बच्चों के सम्पूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए डिजिटल शिक्षा का क्रियान्वयन किया गया है; 70% ग्रामीण एवं 64% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शाला प्रमुखों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए दिशा-निर्देश सुनिश्चित करता है; 52% ग्रामीण एवं 74% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षक में साइबर सुरक्षा एवं निजता की नीतियों को ध्यान में रखा गया है; 82% ग्रामीण एवं 88% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सहायक है; 76% ग्रामीण एवं 84% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन अधिगम योजना प्रारूप तैयार करती है; 62% ग्रामीण एवं 52% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करता है; 66% ग्रामीण एवं 56% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश छात्रों के अधिगम को प्रभावित करता है; 52% ग्रामीण एवं 78% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि अध्यापक प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के पालन में समर्थ हैं; 60% ग्रामीण एवं 46% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश विद्यार्थियों में सामंजस्य स्थापित करने में सहायक है; 48% ग्रामीण एवं 70% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश अध्यापक योजना और शिक्षण प्रक्रिया में सामंजस्य स्थापित कर पाता है; 72% ग्रामीण एवं 68% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देशन के आने से ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था

की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है; 58% ग्रामीण एवं 74% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के ऑनलाइन अधिगम में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा; 48% ग्रामीण एवं 40% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देशन में रोजगार पहलुओं पर ध्यान दिया गया है; 72% ग्रामीण एवं 66% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि ऑनलाइन शिक्षा के लिए राज्यों को अपने अनुसार दिशा-निर्देश निर्धारित करने की पूर्ण स्वतंत्रता है; 78% ग्रामीण एवं 84% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षा के लिए डिजिटल संसाधन सुनिश्चित करता है; 82% ग्रामीण एवं 84% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि पीएम ई-विद्या योजना के अन्तर्गत डिजिटल ऑनलाइन शिक्षा के बहु-अधिगम विकसित किये गये हैं; 74% ग्रामीण एवं 90: शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश डिजिटल शिक्षा और शिक्षक-प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय पहल को बढ़ाना है; तथा 64% ग्रामीण एवं 80% शहरी शिक्षक इस कथन से सहमत हैं कि आप प्रज्ञाता दिशा-निर्देश में शारीरिक, मानसिक एवं कल्याण आदि विषयों में सतर्कता बरतने के पक्ष में हैं।

सारणी संख्या-3

वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण का मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-अनुपात

समूह	**न्यादर्श (N)**	मध्यमान **(M)**	मानक विचलन **(SD)**	**t** = अनुपात
वित्तपोषित विद्यालय	51	38.46	6.32	2.90*
स्ववित्तपोषित विद्यालय	49	35.30	3.12	

* .01 स्तर पर सार्थक है।

सारणी-3 से स्पष्ट है कि वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में अन्तर की सार्थकता के लिए टी-अनुपात (=2.90) है, जो कि .01 सार्थकता स्तर पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना ''वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है'' अस्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर है। इसका कारण यह हो सकता है कि वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित शिक्षकों में डिजिटल शिक्षा एवं ऑनलाइन निर्देशन के प्रति एक समान जागरूकता नहीं है अर्थात् स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों की तुलना में वित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों में प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति जागरूकता अधिक है।

सारणी संख्या-4

ग्रामीण एवं शहरी विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण का मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-अनुपात

समूह	**न्यादर्श (N)**	मध्यमान **(M)**	मानक विचलन **(SD)**	**t** = अनुपात
ग्रामीण विद्यालय	50	34.30	3.36	2.02**
शहरी विद्यालय	50	37.42	7.32	

* .05 स्तर पर सार्थक है।

सारणी-4 से स्पष्ट है कि ग्रामीण एवं शहरी विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में अन्तर की सार्थकता के लिए टी-अनुपात (=2.02) है जो कि .05 सार्थकता स्तर पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना ''ग्रामीण एवं शहरी विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है'' अस्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि ग्रामीण एवं शहरी विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर है। इसका कारण यह हो सकता है कि ग्रामीण एवं शहरी परिक्षेत्र के विद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकों में आई.सी.टी. आधारित दिशा-निर्देशन देने में समानता नहीं होगी अर्थात् ग्रामीण विद्यालय के शिक्षकों की तुलना में शहरी विद्यालय के शिक्षकों में प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति जागरूकता अधिक है।

निष्कर्ष :

प्रस्तुत अध्ययन में उपरोक्त व्याख्या से इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि-

1. शहरी विद्यालय के शिक्षक ग्रामीण विद्यालय के शिक्षकों की अपेक्षा प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति अधिक जागरूक हैं।
2. वित्तपोषित विद्यालय के शिक्षक, स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों की अपेक्षा अधिक प्रज्ञाता दिशा-निर्देश से संतुष्ट हैं।
3. वित्तपोषित विद्यालय के शिक्षक, स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों की अपेक्षा अच्छी तरह प्रज्ञाता गाइडलाइन का पालन करते हैं।
4. ज्यादातर शिक्षकों का मानना है कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश ऑनलाइन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करता है।
5. ज्यादातर शिक्षकों का मत है कि प्रज्ञाता दिशा-निर्देश डिजिटल शिक्षा और शिक्षक प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय पहल है।
6. वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर है।
7. ग्रामीण एवं शहरी विद्यालय के शिक्षकों का प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर है।

शैक्षिक निहितार्थ :

प्रस्तुत अध्ययन से प्राप्त परिणाम यह बताते हैं कि शिक्षकों को प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति जानकारी रखना एवं उसका पालन करना अति आवश्यक है। इसके अभाव में शैक्षिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होगी एवं शिक्षण अधिगम प्रक्रिया प्रभावशाली नहीं होगी। प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के जारी होने से ऑनलाइन कक्षा शिक्षण में जो शिक्षक व छात्र शिक्षण प्रक्रिया में रूचि लेते हैं, उसके परिणामस्वरूप शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होना प्रतीत होता है। प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के द्वारा शिक्षक छात्रों को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने का प्रयास करते हैं, जिससे विद्यार्थियों का उच्च शैक्षिक उन्नयन हो सकेगा। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ शिक्षक ई-विषय वस्तु साझा करके, उनका मार्गदर्शन कर सकते हैं कि घर में उपलब्ध उपकरणों के माध्यम से विषयवस्तु का प्रयोग करके विद्यार्थी सीख सकें। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. www.education.gov.in
2. www.patrika.com
3. https://ncert.nic.in
4. www.sansar lochan.in
5. www.readly.com
6. https://shodhganga.inflibnet.ac.in
7. कुमार, के.आर.- इन सन्दीप कुमार (2022). ऑनलाइन डिजिटल शिक्षा प्रोग्राम प्रज्ञाता दिशा-निर्देश के प्रति शिक्षकों के दृष्टिकोण का अध्ययन। लघु शोध प्रबंध, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, (2011)

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

'ढिबरी टाइट' कहानी संग्रह में अभिव्यक्त समाज के विभिन्न स्वरूप

पूर्णिमा सिंह

सहायक अध्यापिका
हिंदी विभाग
के.सी. दास कॉमर्स कॉलेज
गुवाहाटी
8638611129
purnimaraisingh@gmail.com

शोध सार :

प्रवासी साहित्य आज भी चर्चा का विषय बना हुआ। तेजेन्द्र शर्मा प्रवासी साहित्य के एक प्रमुख हस्ताक्षर हैं। उन्होंने साहित्य की अन्य विधाओं में भी अपनी कलम चलाई है, लेकिन मूलत: वे एक कहानीकार हैं। 'स्मृतियों के घेरे में' तेजेन्द्र शर्मा की प्रमुख पुस्तक है। इसके अतंर्गत तीन संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। इन्हीं में से एक संग्रह है 'ढिबरी टाइट'। इसका प्रकाशन 1994 में हुआ। इस संग्रह में तेजेन्द्र शर्मा की दस कहानियाँ हैं। इन सभी कहानियों में मानवनीय संवेदना, शोषण, अकेलापन इत्यादि विषयों का वर्णन है। इस संग्रह का प्रकाशन उनके विदेश जाने से पूर्व हो गया था। सभी कहानियाँ स्वदेश में लिखी गई हैं, परंतु अधिकतर कहानियों में विदेश की बातें और वहाँ बसे भारतीयों के दर्द को दर्शाया गया है। उनकी इन कहानियों में भारतीय संस्कृति की तस्वीर झलकती है। साथ ही एयर इंडिया में कार्य करते विदेश में रह रहे भारतीयों के दर्द को लेखक काफी करीब से देखते हैं और कुछ विषय उन्हें काफी प्रभावित करते हैं।

बीज शब्द :

दर्द, भाव, संस्कृति, मानवीय संवेदना, अकेलापन, विदेश, शोषण, लालच।

प्रस्तावना :

मानव जीवन का साहित्य से गहरा संबंध है। साहित्य के द्वारा मनुष्य के जीवन में जो कुछ घटित हो रहा है, वह सहजता से पता चल जाता है। साहित्य अनुभव के आधार पर रचित किया जाता है, जिनका आदान-प्रदान सहजता से हो जाता है। तेजेन्द्र जी का साहित्य उनके निजी अनुभव द्वारा रचित है। जो कुछ समाज में देखा उसे ही उन्होंने पाठक के साथ साझा करने का प्रयास किया है। विषय में यथार्थता है। इस संग्रह की कहानियों के नाम इस प्रकार हैं- ढिबरी टाइट, एक ही रंग, भँवर, नई दहलीज, नवयुग, सिलवटें, प्रश्न अनुतरित, धुंधली सुबह, दूसरे श्रवण का शिकार मुट्ठी भर रोशनी। तेजेन्द्र जी ने जो भी दृश्य देखा, उसे अपनी लेखनी द्वारा पाठकों तक पहुँचाया। जीवन में नित नए परिवर्तन आते रहे, उसके

साथ नए अनुभव भी जुड़ते गए। इसका मूल कारण उनकी नौकरी है, जो सदैव एक स्थान से दूसरे स्थान पर विचरण करने की थी। इस कारण उनके अनुभव कोश में नित नए अनुभव जुड़ते गए और वह कहानी बन कर पाठकों के सम्मुख पहुँचते रहे।

कथानक के आधार पर मानवीय संवेदनाओं का विश्लेषण :

इस संग्रह की प्रथम कहानी 'ढिबरी टाइट' है, जिसमें तेजेन्द्र जी ने एक संपन्न परिवार के नायक गुरमीत की मानसिक स्थिति एवं उसके साथ हुए हादसे का वर्णन किया है। आवश्यकता की सभी वस्तुएँ होने के बावजूद उसके मन में विदेश जाने की प्रबल इच्छा है। घर वालों के मना करने के बावजूद वह अपनी इच्छा को पूर्ण करने में सफल हो जाता है और कुवैत चला जाता है। कुछ दिन परिवार से दूर रहने के कारण उसे अकेलापन महसूस होने लगता है। पत्नी गर्भवती थी, दूसरी संतान की खुशी घर पर दस्तक दे रही थी। पत्नी गुरमीत से काम पर न जाने को कहती है। परंतु गुरमीत कुलवंत की बात को अनसुना कर चला जाता है। जिस बात का डर था, वही हो जाता है। विदेश में जाकर रहने वाले युवाओं की सबसे बड़ी समस्या भाषा की होती है। गुरमीत को भी इस भाषाई समस्या का सामना करना पड़ता है। कुवैत की अरबी भाषा गुरमीत को नहीं आती थी। भाषा न समझ आने के कारण कहानी के नायक गुरमीत को जिस त्रासदी का सामना करना पड़ता है, उसका लेखक ने बड़ा ही मार्मिक चित्र प्रस्तुत किया है। विदेश में रहने वाले अधिकतर युवाओं को इस दर्द से गुजरना पड़ता है। भाषा की अज्ञानता के कारण कितने ही परिवार तहस-नहस हो जाते हैं, उसकी पीड़ा को समझने में लोग असमर्थ रहते है। जीविकोपार्जन के लिए अधिकतर युवा विदेश जाने का निर्णय लेते हैं। ''हरामजादो! वह दहाड़ा, मैं तुम्हें जिंदा नहीं छोड़ूँगा। एक-एक को मार डालूँगा ...सबको चुन-चुनकर मर डालूँगा।[1] इसका असर जीवन पर ही नहीं पड़ता, बल्कि परिवार का हरेक व्यक्ति इससे प्रभावित होता है। इसका वर्णन तेजेन्द्र जी ने 'ढिबरी टाइट' कहानी में किया है। अपने दोस्त दिनेश की सहायता लेकर तेजेन्द्र जी ने गुरमीत की विदेश जाने की इच्छा को पूर्ण किया। गुरमीत की नौकरी कुवैत में लग गई। भाषा न समझने के कारण जो सजा मिलती है, उसका दर्दनाक दृश्य प्रस्तुत किया गया है। कुछ दिनों बाद दिनेश ने मुझे कुवैत बुलाया, पर नौकरी की विवशता के कारण पहुँचने में देरी हुई। पहुँचने के बाद जो देखा-उस जिंदादिल गुरमीत को एक जिंदा लाश बना देने के लिए किसे कसूरवार ठहराया जाए नियति को या ....। और मैं कुछ भी नहीं सोच पा रहा था; केवल गुरमीत की एक ही बात हथौड़े की तरह, बार-बार मेरे दिमाग में बजे जा रही थी....यहाँ की पुलिस बड़ी खराब है जी। इस घटना ने तेजेन्द्र जी को झकझोर डाला। अपनी आँखों के सामने हँसते-खेलते परिवार को भाषा की अज्ञानता के कारण तहस-नहस होते देखा। 'एक ही रंग' कहानी का नायक सुदर्शन नाई स्कूल के सामने फुटपाथ पर अपनी दुकान लगाकर जीविकोपार्जन चलाता है। इस कारण उसे कई प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ता है। इसी बीच सरकार द्वारा स्कूल की दीवार को उठाने का निर्णय लिया गया। अधिकतर लोग इस निर्णय से नाखुश थे, परंतु सुदर्शन नाई इस निर्णय से खुश था। उसकी समस्या का समाधान होने वाला था, परंतु मन में अनगिनत शंकाओं ने घर कर लिया था। एक नई समस्या सुदर्शन नाई के दिल पर दस्तक दे रही थी। उसे लगता था परिस्थितियाँ कभी भी विपरीत हो सकती हैं। इसलिए हर आने-जाने वाले लोगों से कहता है, आपके भरोसे दिन काट रहा हूँ, लालाजी जरा दया दृष्टि रखिएगा। राजनेताओं के किए हुए वादे उसकी दुकान को न बचा सके। नगर निगम वाले आकर उसके सपने को चकनाचूर कर देते हैं। उसने महसूस किया कि दीवार पर किया रंग, ढलते सूरज का रंग और उसके आँसुओं का रंग एक ही है। फुटपाथ पर जीविकोपार्जन चलाने वालों की त्रासदी का वर्णन किया गया है। आशा की किरण अति शीघ्र त्रासदी में बदल जाती है। सुदर्शन जैसे कितने ही ऐसे लोग हैं, जिन्हें इस प्रकार की त्रासदी का सामना करना पड़ता है। 'भँवर' कहानी का नायक भरत अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करता है। बैंक में

प्रोबेशनरी ऑफिसर था, परंतु काम के प्रति कोई लगाव न था, विदेश जाने की इच्छा थी। अपनी नौकरी को कभी गंभीरता से नहीं लिया। मन में दादाजी की यह बात घर कर गई थी। भरत बेटा, मै एक ही बात कहता हूँ - अगर अमरीका नहीं देखा तो कुछ भी नहीं देखा। वहाँ की जिंदगी को शब्दों में नहीं बता सकते। स्वर्ग है स्वर्ग। भरत को एयर लाइन में फ्लाइट परसन की नौकरी मिल गई, परंतु पत्नी नहीं चाहती थी कि भरत इस नौकरी को करे। भरत के तर्क के आगे वह निरुतर हो जाती है। उसी दौरान भरत की मुलाकात रमा और इंदर से होती है। भरत रमा के प्रति आकर्षित होने लगता है। रमा का खिंचाव भी भरत के प्रति होता है, परंतु केवल अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए। उस समय भरत रमा की इच्छा को नहीं समझ पाता, बस खींचा चला जाता है। रमा एक दिन भरत के सम्मुख यह प्रस्ताव रखती है, ''भरत मैंने तुमसे आज तक कभी कुछ नहीं माँगा, नहीं माँगा ना ....भरत मुझे एक चीज दे दो... बस एक ही चीज ... मुझे एक बच्चा दे दो ...अपना बच्चा ...अपनी निशानी ...मैं उसे अपनी जान से भी ज्यादा प्यार देकर पालूँगी।''[2] जो वस्तु पति देने में असमर्थ था, उसकी अपेक्षा वह अपने पति के दोस्त से करती है। इस भँवर में भरत फँस जाता है। सही और गलत का फैसला करने में समय गुजर जाता है। वह रमा के साथ एक रात गुजार लेता है। यह निर्णय उसे अंदर ही अंदर कोसते रहता है। इसके पश्चात रमा द्वारा कहा यह शब्द, ''एक बात याद रखना भरत, इसके बाद मुझे अपनी रखैल नहीं समझने लगना, न ही मुझे दोबारा होटल के कमरे में अकेले आने के लिए कहना। तुम चाहो भी तो इसे नहीं पाओगे। हमारे शरीर मिलेंगे तो केवल इसलिए कि मुझे तुम्हारा बच्चा चाहिए.... इसके बाद आपे संबंधों की प्रतिष्ठा बनाए रखना।... और हाँ, यह सब इस होटल में नहीं होगा ... यह होगा मेरे घर में। मैं इसे एक पाप की तरह नहीं करना चाहती। मैं अपने बच्चे के सामने अपराधी महसूस नहीं करना चाहती ... और मेरे घर में भी इंदर के बिस्तर पर नहीं ... एक अलग कमरे में ... एक अलग सजावट के साथ... एक विशेष काम... बोलो तुम्हें मंजूर हैं !''[3] यहाँ शहरी जीवन की समस्याओं का जीता जागता स्वरूप वर्णित हुआ है। रमा की इच्छा को समझने में भरत को काफी देर लग गई और वह गहरे भँवर में फँस गया, जिसके बारे में वह अपनी पत्नी को बताने में असमर्थ था। 'नई दहलीज' कहानी में लेखक ने बुजुर्गों की समस्या को समाज के सामने रखा है, साथ ही सांप्रदायिकता और आतंकवादी गतिविधियों का चित्रण किया है। बच्चे बड़े हो जाते हैं, तब माता-पिता के विचारों से उनके विचार मेल नहीं खाते और वे एक नई दहलीज की ओर कदम बढ़ाते है। परंतु बुजुर्गों को आए दिन किसी न किसी समस्या का सामना करना पड़ता है। कुछ समस्याओं का समाधान वह अकेले नहीं कर पाते। उनका स्वाभिमान मार्ग में बाधक बनता है। हरदीप अपने पिता के विचारों से परिचित था। हरदीप पिता के मना करने के बावजूद अर्चना से प्रेम विवाह कर लेता है। कुछ महीनों बाद हरदीप के पुत्र होने की खबर आती है। हरदीप की माँ की खुशी की सीमा नहीं रहती। परंतु डॉ. सोढ़ी अपने सिद्धांत के पक्के थे। हरदीप की माँ अपने को रोक नहीं पाई। वह बेटे-बहू से मिलने चली जाती हैं। परंतु हरदीप के पिता बेटे की दहलीज को बहुत पीछे छोड़ आए थे। वह अपने फैसले पर अटल रहे, पत्नी अपने पति की इस व्यथा को भलीभाँति समझ रही थी। जब रहा नहीं गया तब सोढ़ी जी की पत्नी ने अपने बेटे हरदीप को तार देकर बुलवाया। अचानक बेटे को अपने पास बैठा देखकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं, ''दारजी मुझे सब पता लग गया है। बीबी ने मुझे तार देकर बुलवाया है। अर्चना ने खास तौर पर कहा है कि बिल्कुल फिक्र ना करें। कल ही हम सब दिल्ली जा रहे हैं। आपने मेरी दहलीज पर कदम नहीं रखना तो कोई बात नहीं। हम एक नया घर ले लेंगे। वह तो आपकी दहलीज होगी न। एक नई दहलीज। एक ऐसा संसार जहाँ नफरत, हिंसा और आतंकवाद के लिए कोई स्थान नहीं होगा।

वहाँ होगा सिर्फ प्यार, प्यार और प्यार!''[14] दारजी की समस्या का समाधान बेटा जिस सहजता से कर देता है, उसे सुनकर उनकी आँखों से आँसू निकल पड़ते हैं और बेटे को गले से लगा लेते हैं। जिस समस्या को लेकर वह इतने दिनों से जूझ रहे थे, उसका समाधान इतनी सहजता से हो जाएगा इस पर उन्हें विश्वास नहीं होता। परिवार सदैव एक-दूसरे की इच्छा की मान रखता है, आपसी मतभेद के कारण विवाह के बाद बेटा अपने पिता से दूर चला जाता है, परंतु उसके मन में पिता की जो तस्वीर रहती है, वह धूमिल नहीं होती, बल्कि उसी तरह संरक्षित रहती है जिस प्रकार रहनी चाहिए। यह लेखक नई दहलीज कहानी द्वारा दिखाना चाहते हैं। आधुनिकता से अधिक संस्कार को महत्व दिया गया है।'नवयुग' कहानी वर्तमान पीढ़ी की ज्वलंत समस्या को उजागर करती है। एक नए लेखक को अपनी लेखनी प्रकाशित करवाने के लिए जिन चुनौतियों क सामना करना पड़ता है, उस ओर लेखक ने पाठकों का ध्यान खींचा है। यह कहानी साहित्यिक समाज की विडंबनाओं को उजागर करती है, जिससे अधिकतर साहित्यकार पीड़ित होते हैं। जिन समस्याओं से वह जूझ रहा था, उसे दूर करने के लिए अपने परम मित्र का सहारा मिल गया, परंतु संपादक का कार्यभार संभालते ही कैलाशनाथ के विचार में जो परिवर्तन आया, उसको देखकर देवेश दंग रह गया और कैलाशनाथ को आईना दिखा देता है। ''कैलाशनाथ, तुम एक नए लेखक की व्यथा को समझने की कोशिश करो। वह बेचारा किन-किन पत्रिकाओं में कहानियाँ भेजता है और कहीं भी उसकी रचना छप नहीं पाती। वह बेचारा करे भी तो क्या? तुम्हें तो उसका ख्याल रखना चाहिए।''[15] अपनी परेशानी नई पीढ़ी को भयानक समस्या लगती है, परंतु उन्हीं समस्याओं से जब कोई अन्य व्यक्ति गुजरता है, तब उसका रवैया उपेक्षा से परिपूर्ण रहता हैं। इन्हीं समस्याओं की ओर ध्यान खींचने का प्रयास किया गया है। 'सिलवटें' कहानी में लेखक ने बलात्कार पीड़ित महिला को वर्णित किया है। पीड़िता की भावना और उसकी मानसिक अवस्था को समझना तो दूर, बल्कि उसको राय देने वाले अधिक निकल आते हैं। एक पढ़ी-लिखी प्रिंसिपल जोकि स्वयं एक स्त्री है, वह सारी बातें सुनने के बाद कहती है, ''सुलक्षणा, भूल जाओ तुम्हारे साथ कुछ भी हुआ है। हमारे समाज में जो भी लड़की विवाह से पहले कौमार्य खो बैठती है, उसकी ओर आँख भी उठाकर नहीं देखा जाता। अपनी प्रतिष्ठा के बारे में सोचो, अपने माँ-बाप के बारे में सोचो और फिर होस्टल और कॉलेज की भी तो बदनामी होगी ना!''[16] सुलक्षणा की सच्चाई जानने के बावजूद विजय विवाह के लिए सहमत हो जाता है। विवाह होने के बावजूद सुलक्षणा अपने जख्म को नहीं भूल पाती, एक पुत्र को जन्म देती है, जिसके प्रति उसके मन में वात्सलयता की जगह घृणा उत्पन्न होती है। सब कुछ जानते हुए भी मौन रहती है। यही बात विजय को अच्छी नहीं लगती। परंतु विजय नहीं जानता था कि सुलक्षणा अपने दोषी को जानती है। जब विजय को उसकी सच्चाई से अवगत कराती है, तब विजय के पैरों तले कि जमीन खिसक जाती है। जिस बैचेनी को वह इतने दिनों तक अपने अंदर रखती है, उसका एकाएक विजय के सम्मुख लाना लेखक की कला को दर्शाता है।'प्रश्न अनुत्तरित' कहानी में नायक दुष्यंत पत्नी की मृत्यु के बाद जिन कठिनाइयों से गुजरता है, उसके बाद बिन माँ के बच्चे को जिन कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है-उसका वर्णन किया गया है। घर का एक स्तंभ जब कमजोर पड़ जाता है, तब अन्य स्तंभों पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। दुष्यंत और उसके पुत्र सोनू को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुष्यंत की पत्नी की मृत्यु के समय सोनू की उम्र छह साल की थी। सोनू को संभालने के लिए शोभा आ गई थी। सोनू की देखभाल का दायित्व घर वालों ने ले लिया। परंतु दुष्यंत के आँसू को पोंछने वाला कोई नहीं था। दुष्यंत मन ही मन सोचने लगा, ''नारी होने का भी कितना सुख है। जब जी चाहे रो लो, मन का उबाल ठंडा कर लो। पुरुष तो हर बात सहे फिर भी कुछ ना कह पाये।''[17] लेखक ने पुरुष की मनोदशा एवं व्यथा को प्रस्तुत किया है। 'धुंधली सुबह' कहानी की नायिका 'दिव्या' ऐसे व्यक्ति को अपना साथी बनाने का निर्णय लेती है, जिसको वह उसकी कविता के माध्यम से जानती है और अपना दिल उसे दे बैठती है। जब हकीकत से सामना होता है तो सारे सपने चकनाचूर हो जाते है।

आज की युवा पीढ़ी अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने में इतनी शीघ्रता करती है, जिससे उन्हें अनगिनत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दिव्या अपने आलीशान घर को प्रभात के लिए छोड़ कर आ जाती है। जब हकीकत का सामना होता है, तब कुछ भी वह ठीक नहीं कर पाती। ''देखो दिव्या, सांत्वना मेरी मित्र है, मेरी प्रेरणा है, मुझसे बड़ी है, मेरी गाइड है। देखो, पत्नी, पत्नी होती है और प्रेरणा, प्रेरणा। दोनों को गडमड नहीं किया जाता।''[8] एक लेखक के जीवन की असलियत को लेखक ने समाज के सामने प्रस्तुत किया है, जिन सच्चाइयों से आम आदमी वंचित रहता है। वर्तमान परिस्थितियों में जिन कठिनाइयों का सामना एक बच्चा करता है, यही दिखाने का प्रयास 'दूसरे श्रवण' का शिकार कहानी में किया गया है। कहानी में नाजायज संतान होने के दर्द से लेखक रूबरू कराते हैं। नाजायज बच्चा जब इंसाफ की कामना करता है तो उसका क्या अंजाम होता है। उसने धमकी दी थी कि आपको अदालत में घसीट लेगा; आपका भंडा फोड़ देगा। आपका ... खून कर देगा ... उसने तो एक घटिया सी कहानी भी सुनाई थी। कह रहा था आपसे बदला जरूर लेगा। मुझे उसकी यह बात अच्छी नहीं लगी। तब दीवान साहब कहने लगे वह अपना अधिकार माँग रहा था। अपनी गलती को सुधारने के लिए मैं उसे घर ले आया, परंतु तुम्हारी माँ ने उसे नौकर बना कर रख दिया। मेरी गलती की सजा वह भुगत रहा है।'' ''अरे वह केवल अपना अधिकार ही तो माँग रहा था। उसने जो कुछ भी कहा, सब का सब सच था। वह तुम्हारा छोटा भाई था। ... घटिया उसकी कहानी नहीं... घटिया मैं खुद हूँ... मैं तो उसे बचपन में अपने घर पर भी ले आया था ... अपने पाप का प्रायश्चित करने ...पर तुम्हारी माँ ने उसे मेरे ही घर में ही मुंडु बनाकर रख दिया था। वह तो श्रवण की तरह मेरी सेवा कर गया ... तुमने दूसरे श्रवण का शिकार किया।''[9] इस तरह समाज में कितने ही श्रवण हैं, जो आए दिन अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। लेखक ने इस समस्या की आर पाठकों का ध्यान खींचा हैं । 'मुट्ठी भर रोशनी' की नायिका सीमा। तेजेन्द्र जी द्वारा लिखित कहानी ने नारी के उस पहलू को प्रस्तुत किया है, जिसका अधिकतर वह सामना करती है, परंतु समाज के सामने व्यक्त करने में डरती है। और जब कोई उस पीड़िता के सामने आशा की किरण बनकर आता है, तब उस एक मुट्ठी भर रोशनी की तरफ उपेक्षा का भाव देखने को मिलता है।

निष्कर्ष :

अत: कह सकते हैं कि तेजेन्द्र जी के 'ढिबरी टाइट' संग्रह की दस कहानियाँ आधुनिक परिवेश के परिवर्तन से पाठकों को परिचित करवाती है। युवा पीढ़ी अच्छे रोजगार की तलाश में विदेश की ओर पलायन करती है, वहाँ जिस सत्य से उसका सामना होता है, वह बड़ा ही हृदय विदारक होता है। विदेश में होने वाली परेशानियों की ओर पाठकों का ध्यान खींचा है। उन कटु सत्यों से समाज का परिचय इस संग्रह की कहानियाँ करवाती हैं। विषयों की विविधता है, साथ ही कुछ ऐसे पहलू भी हैं, जिनके प्रति समाज की उदासीनता वर्तमान में भी देखने को मिलती है। ❑

संदर्भ सूची :

1. शर्मा तेजेंद्र, ढिबरी टाइट पृ -149
2. शर्मा तेजेंद्र, भँवर पृ -166
3. शर्मा तेजेन्द्र, भँवर पृ -166
4. शर्मा तेजेन्द्र, नई दहलीज 175
5. शर्मा तेजेन्द्र, नवयुग पृ -182
6. शर्मा तेजेन्द्र, सिलवटें पृ -185
7. शर्मा तेजेन्द्र, प्रश्न अनुत्तरित पृ -201
8. शर्मा तेजेन्द्र, धुंधली सुबह पृ -214
9. शर्मा तेजेन्द्र, दूसरे श्रवण का शिकार 224

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

मतांतरण का बोध-विचार एवं व्यवहार

डॉ. कँवर चंद्रदीप सिंह
अध्यक्ष, इतिहास विभाग,
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय
विश्वविद्यालय
हिमाचल प्रदेश

लकी शर्मा
असिस्टेंट प्रोफेसर
स्कूल ऑफ लॉ
आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी
देहरादून-248001, उत्तराखंड
91-8340284861
luckysharma02@gmail.com

शोध सार :

भारत में मतांतरण की घटना इसके दार्शनिक परिदृश्य की जटिलता में गहरा निहितार्थ रखती है। भारतीय दर्शन के क्षेत्र में, हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म जैसी विभिन्न विचारधाराएँ विकसित हुई हैं, जिनमें से प्रत्येक अस्तित्व, नैतिकता और अंतिम वास्तविकता पर अलग-अलग दृष्टिकोण पेश करती हैं। मतांतरण की धारणा में अक्सर इन दार्शनिक प्रणालियों में से एक के पालन में बदलाव शामिल होता है, जो विश्वासों और सांस्कृतिक प्रभावों की एक गतिशील परस्पर क्रिया को दर्शाता है। इसके मूल में भारतीय दार्शनिक प्रवचन आध्यात्मिक विकास और सत्य की खोज पर जोर देता है। मतांतरण चाहे स्वैच्छिक हो या प्रेरित, अर्थ और सामाजिक गतिशीलता के लिए व्यक्तिगत खोजों से आकार लेने वाली एक परिवर्तनकारी यात्रा के रूप में देखा जा सकता है। कर्म, धर्म और मोक्ष के दार्शनिक आधार भारत में धार्मिक परिवर्तनों की सूक्ष्म समझ में योगदान करते हैं, जो उपमहाद्वीप के दार्शनिक आख्यानों में आध्यात्मिक अवधारणाओं और सांस्कृतिक विविधता की जटिल अंतर्संबंध को उजागर करते हैं। यह लेख इन विषयों का गहन परीक्षण करता है।

बीज शब्द :

ईश्वर, भारत, मतांतरण, सनातन, सभ्यता, हिंदू।

प्रस्तावना :

'...कथित मतांतरण के संबंध में संदर्भित विषय अगर तथ्यात्मक और सत्य पाया जाता है, तो यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है, जो अंतत: राष्ट्र की सुरक्षा के साथ-साथ नागरिकों के मत और विवेक की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है...।' यह शब्द न्यायमूर्ति एम.आर. शाह और हिमा कोहली की एक खंडपीठ ने कहे, जब मतांतरण के संबंध में उनकी बेंच एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र और राज्यों को इस तरह के मतांतरण की जाँच के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश देने की माँग की गई थी।

मतांतरण अथवा मत परिवर्तन क्या है ? साधारण शब्दों में कहें तो मतांतरण दूसरों के बहिष्करण के लिए एक विशेष संप्रदाय के साथ पहचाने जाने वाले विश्वासों के एक समूह को अपनाना है। इस प्रकार 'मतीय या पंथिक रूपांतरण' एक संप्रदाय के पालन को छोड़ने और दूसरे के साथ संबद्धता के स्थापन का वर्णन करता है। मतांतरण आज सभी बहुल समाजों, विशेषकर भारत में एक विकट समस्या है। भारत में औपनिवेशिक काल से चली आ रही बौद्धिक बहसें मतांतरण से उत्पन्न समस्याओं को लेकर उलझी हुई हैं।

मत परिवर्तन विवादास्पद मुद्दा क्यों ? भारत में मत परिवर्तन की समस्या अत्यंत विवादास्पद और विघटनकारी हो गई है, क्योंकि इसने उन समस्याओं को जन्म दिया है, जो अस्तित्वगत प्रकृति की हैं। भारतीय समाज में अलग-अलग प्रकृति के सह-अस्तित्व के दो समूह मौजूद हैं : एक ओर हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन परंपराएँ हैं (जो एक विशाल पेड़ की शाखाएँ हैं, जिन्हें व्यापक रूप से सनातन धर्म कहा जाता है); और दूसरी ओर इस्लाम, ईसाई और यहूदी जैसे सेमिटिक मत अथवा मजहब हैं। सनातन धर्म में उन सभी विशेषताओं का अभाव है, जो इसे ईसाई, इस्लाम और यहूदी मत को कट्टर और मतांतरण करने वाला बनाती हैं और इसे सनातन संस्कृति से पृथक करती हैं। जैसे की इन मतों में सिद्धांत का एक निश्चित निकाय होता है, एक गिरिजाघर संबंधी संगठन या केंद्रीय प्राधिकरण होता है तथा एक सर्वमान्य ग्रंथ होता है। दो विपरीत धाराओं में यह मौलिक अंतर ही द्वंद्व का विषय बन जाता है। भारत में मत परिवर्तन न ही कोई आधुनिक परिस्थितियों की देन है या कोई आधुनिक घटनाचक्र है। मत परिवर्तन करवाने की प्रवृत्ति सभ्यताई दृष्टिकोण से भारत से जुड़ी हुई नहीं है, बल्कि इसका उद्भव ऐसे क्षेत्रों में हुआ है, जो यह मान कर चलते हैं कि प्रत्येक संस्कृति का एक एकीकृत मत अथवा मजहब होता है। सेमिटिक मतावलंबी यह बात समझने में असमर्थ थे कि भारत जैसे देश में मजहब के स्थान पर परंपराएँ हैं और इसी असमर्थता ने उन्हें भारत को ठीक से समझने नहीं दिया। मत सुधार आंदोलन (जो यूरोप में हो चूका था) ने 19वीं शताब्दी के ब्रिटिश मिशनरियों और औपनिवेशिक अधिकारियों द्वारा भारतीय परंपराओं का वर्णन करने के तरीके को निर्धारित किया। इसने मत और मूर्ति पूजा की उनकी धारणाओं और भारत के लोगों को सच्चे मत में परिवर्तित करने की आवश्यकता के लिए सुस्पष्ट रूपरेखा प्रदान की। 'मूर्ति पूजा' उनके अनुसार ऐसी कोई भी प्रथा थी, जिसे एक मानव छल रचना के रूप में पहचाना जाता था और जो स्वयं को ईश्वर में विश्वास रखने के लिए आवश्यक रूप से प्रस्तुत करती थी। ब्रिटिश मिशनरियों और अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से 'हिंदुओं' की परंपराओं को अंधविश्वास से भरे 'झूठे धर्म' के रूप में और दुष्ट ब्राह्मण पुजारियों के झूठे समारोहों में लिप्त होने और एक अत्याचारी 'जाति-व्यवस्था' की स्थापना के रूप में प्रतिपादित किया। इस प्रकार सामान्य रूप में, कैथोलिक चर्च और समाज की सुधार की ईसाई अवधारणा ने भारतीय संस्कृति और समाज को समझने के लिए एक नमूने के रूप में कार्य किया। सच्चे ईश्वर और मत में परिवर्तन की आवश्यकता उन्हें भारत में स्पष्ट रूप से अनुभव होने लगी।[1]

1813 के अपने चार्टर अधिनियम के बाद ईसाई मिशनरियों, औपनिवेशिक अधिकारियों और प्राच्यविद विद्वानों ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष साधनों का उपयोग करके मतांतरण के उद्देश्य से अभूतपूर्व स्तर पर काम किया। उस काल में भी (19वीं सदी) में भारतीयों ने मतांतरण के विरुद्ध तीव्र प्रतिक्रिया देना आरंभ किया। यूरोपीय लोगों ने ईसाई मत में सन्निहित स्व-स्पष्ट मजहबी शब्दों का उपयोग करते हुए भारतीय परंपराओं को घेरना आरंभ किय। यह शब्द थे- मूर्तिपूजा, अंधविश्वास, त्रुटि, बुतपरस्त, देवता, पुजारी, मत, पूजा, आदि। मिशनरी 'मूर्तिपूजा और अंधविश्वास' की भूमि को ईसाइयत के सच्चे विश्वास में परिवर्तित करना चाहते थे। प्राच्यविदों और उपनिवेशवादियों ने सावधानी बरतते हुए यह दिखाने का प्रयास किया कि भारतीय ग्रंथ (प्रमुख रूप से वेद, उपनिषद, महाकाव्य और पुराण) मानव मूल के हैं। चूँकि यह अनैतिक देवताओं के साथ संबंधित हैं इसलिए

वे असंगत, गलत, और एक प्रकार से झूठे हैं। सभी प्रमुख भारतीय ग्रंथों और विशेष रूप से वेदों की दिव्य उत्पत्ति के 'वैज्ञानिक', 'तथ्यात्मक' या 'अनुभवजन्य' प्रमाण की माँग कर इन ग्रंथों पर भारतीयों के विश्वास को भंग करने के प्रयास आरंभ कर दिए गए। यह ईसाई विश्वासों की सच्चाई को देखने और स्वीकार करने के लिए एक उपजाऊ मिट्टी तैयार करने की प्रक्रिया का हिस्सा था। हिंदुओं को या तो अपनी प्रथाओं, विश्वासों और परंपराओं में सुधार करने की आवश्यकता है, ऐसा विश्वास दिलवाने का प्रयास किया जाने लगा या उन्हें अपना धर्म को त्याग कर ईसाई मत में परिवर्तित होने के लिए प्रेरित किया गया।[2]

उपनिवेशिक शासन, जिस पर मिशनरियों का व्यापक प्रभाव था, ने भारतीय संस्कृति एवं समाज में सुधार करने के लिए 'पंथनिरपेक्ष' शिक्षा के प्रसार के अपने कर्तव्य को उचित ठहराया। यहाँ तक कि वे अंग्रेज भी जो प्रोटेस्टेंट मत या ईसाइयत के प्रति अधिक आस्थावान नहीं थे, उन्होंने भी एक ऐसे ढाँचे को अपनाया, जिसने भारतीयों को अभावग्रस्त, अनैतिक और भ्रष्ट लोगों के रूप में बदल दिया, जिन्हें सुधार, शिक्षा और सभ्यता की आवश्यकता थी। इस प्रेरणा में योजनाबद्ध रूप से चालाकी, धूर्तता और राजनीतिक शक्ति का सम्मिश्रण किया गया थ। हिंदू धर्म से जुड़ी हुई इसकी संस्कृति की बुराइयों पर केंद्रित करने वाली एक शक्तिशाली शिक्षा नीति के बावजूद ईसाई मत में मतांतरण किसी महत्वपूर्ण पैमाने पर नहीं हुआ। यह भारत की सांस्कृतिक दृढ़ता का प्रमाण था। हालाँकि, क्रमिक पैमाने पर अन्य तरीके भी अपनाए जा रहे थे, जो भारतीय परंपराओं तक पहुँचने का अनिवार्य रूप से एक और विकल्प था। यह विकल्प ग्रंथों की आलोचना और व्याख्या; उन ग्रंथों में ऐतिहासिक साक्ष्यों की खोज; अंधविश्वाास को प्रतिस्थापित करने वाले वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल इत्यादि से भारतीयों (हिंदुओं) के सांस्कृतिक मनोबल को तोड़ने का प्रयास था। औपनिवेशिक काल में समाज सुधारकों के अतिरिक्त भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों नें भी ईसाई मिशनरियों की मतांतरण की गतिविधियों की आलोचना की। ब्रिटिश सरकार द्वारा उन्हें जो संरक्षण दिया जा रहा था, वह उसके भी विरोधी थे। स्वामी विवेकानंद मतांतरण को पाप और दुष्टता भरा प्रयास समझते थे। घर-वापसी का पूर्ण समर्थन करते हुए उन्होंने प्रबुद्ध भारत के संपादक को साक्षात्कार देते हुए कहा था कि ईसाई और इस्लाम

मत में परिवर्तित किए गए लोगों को हिंदू धर्म में वापस लाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। अमेरिका की अपनी यात्राओं के दौरान भी उन्होंने वहाँ के जनमानस को संबोधित करते हुए भारत में ईसाई मिशनरियों द्वारा हिंदू संस्कृति और धर्म के विरुद्ध दुष्प्रचार करने की बात बताई और उनकी गतिविधियों की तीखी आलोचना की। मतांतरण के विषय पर श्री नारायण गुरु के शब्द भी ध्यान देने योग्य हैं। वैकोम में ऐतिहासिक मंदिर प्रवेश सत्याग्रह के बाद जब वर्कला में एक सम्मेलन में कुछ वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि मतांतरण ही जाति समस्या का एकमात्र समाधान है तो श्री नारायण गुरु ने कहा, ''आध्यात्मिक उत्थान के लिए स्वधर्म का त्याग करना आवश्यक नहीं है। मतांतरण के विचार का मूल ईर्ष्या में है। एक बार जब यह समझ में आ गया कि ईर्ष्या अहंकार है या अहंकार का परिणाम है तो मतांतरण का उत्साह समाप्त हो जाएगा। सनातन धर्म सर्वोच्च है।''[3]

मोहनदास करमचंद गांधी का नाम भी मतांतरण की प्रवृत्ति का विरोध करने वालों में उल्लेखनीय है। गांधी, हालाँकि मानवतावादी मिशनरी कार्यों की सराहना करते थे, परंतु मतांतरण के विरुद्ध वह बड़े स्तर पर और दृढ़ता से बोलते थे। गांधी ने मत परिवर्तन पर बहुत कड़े विचार रखे हैं, जिन्हें स्मरण करने की आवश्यकता है और विशेष रूप पंथनिरपेक्षता के उन पुरोधाओं को जो गांधी की आड़ में सनातन को लाँछित करते हैं। हरिजन, 30 जनवरी, 1937 के अपने लेख में वह कहते हैं कि, ''मतांतरण शांति में बाधा है।'' हरिजन 3 जून, 1937 में इसी प्रकार वह कहते हैं कि– ''मुझे आपको ईसाई मत से दूर करने और आपको हिंदू बनाने में कोई रुचि नहीं है, और मुझे ईसाई मत में परिवर्तित करने के लिए, यदि आपके पास कोई योजना है, तो में आपकी उन योजनाओं से खुश नहीं हूँ।'' वह मत परिवर्तन की आवश्यकता को नासमझी भरा मानते थे और उसमें घोर अविश्वास व्यक्त करते थे। गांधी नें सभी विश्वासों को समान रूप से सत्य माना, लेकिन उन्होंने ईसा मसीह को ईश्वर के इकलौते पुत्र के रूप में स्वीकार नहीं किया। गांधी ने सुझाव दिया और उनका यह दृढ़ विशवास था कि एक पूर्ण जीवन जीने के लिए व्यक्ति को अपने पूर्वजों के धर्म और तत्काल धार्मिक परिवेश को ही अपने आकर्षण का केंद्र रखना चाहिए। गांधी आगे कहते हैं कि दूसरे मतों से अच्छी बातों को ग्रहण किया जा सकता है, लेकिन दूसरे मत में परिवर्तन अनैतिकता है और अपने पूर्वजों के मत पर अनावश्यक शर्मिंदगी के बराबर है। कोई भी मत पूर्ण नहीं है और उसमें भीतर से सुधार लाना महत्वपूर्ण है।[4] ईसाई मत अथवा यह कहें कि सभी अब्राहमिक मतों के विषय में यह कहा जा सकता है की उनकी विश्वदृष्टि में हिंदू संस्कृति मत या रिलीजन की श्रेणी में नहीं आती है और इसलिए उनका परिवर्तन किया जा सकता है। विशेष रूप से ईसाइयत की बात करें तो ईसाई मत स्वयं को दो तरीकों से फैलाता है या वह स्वयं का 'सार्वभौमिकरण' करता है, पहला मतांतरण (या प्रत्यक्ष परिवर्तन) से; और दूसरा पंथनिरपेक्षता (सेकुलरिज्म) द्वारा जहाँ ईसाई मत अपने मजहबी विचारों को स्पष्ट रूप से 'गैर-मजहबी' रूपों में सामान्य करता है और सामाजिक दुनिया में 'पंथनिरपेक्ष' संस्थाओं के उद्भव की ओर ले जाता है। इस प्रकार आज की पश्चिमी संस्कृति ईसाइयत द्वारा पोषित की गई है।

'मतांतरण' एक मतीय तत्वविषयक शब्द है, जो किसी व्यक्ति या समूह के एक मतीय स्वीकारोक्ति या संप्रदाय से दूसरे में संक्रमण को दर्शाता है। अगले कदम के रूप में यह परिवर्तन की आंतरिक प्रक्रिया को संदर्भित करता है, जिससे आस्तिक एक सच्चा ईसाई बन जाता है। सच्चा ईसाई बनाने की यही तीव्र इच्छा ईसाई मिशनरियों को गैर-ईसाइयों को मतांतरित करने के लिए अनिवार्य प्रेरणा देती है। तो चाहे ईश्वर की इच्छा के रहस्योद्घाटन के रूप में या बाइबिल संपूर्ण मानवता के लिए प्रकट होनी चाहिए या फिर यीशु मसीह के द्वारा उद्धार का सुसमाचार सब लोगों तक पहुँचना चाहिए, यह सब मत परिवर्तन को तथा उसके लिए उठाए गए सभी धूर्ततापूर्ण कदमों को वैध ठहराते हैं। भारत के सांस्कृतिक बोध के संदर्भ में मूर्खतापूर्ण अनभिज्ञता ही सभी मत परिवर्तन करने वाली शक्तियों को मत परिवर्तन

के लिए दुष्टतापूर्ण साधनों के प्रयोग के लिए उकसाती है। भारत का बोध और उस बोध से युक्त यहाँ की सभ्यता अपनी संस्कृति में अनगिनत छोटे बड़े पंथ, मत, संप्रदाय इत्यादि लिए हुए है कि इसका किसी अन्य प्रकृति में परिवर्तित होना असंभव है। भारतीय संस्कृति, इतिहास और सभ्यता ब्रह्मांड की आकाशगंगा के सामान है, जिसमें असंख्य तारामंडल, ग्रह, नक्षत्र इत्यादि हैं। इस तारामंडल में से कोई एक दो ग्रह अथवा नक्षत्र परिवर्तित हो सकते हैं, लेकिन आकाशगंगा सदैव निर्बाध बहती रहती है। मत परिवर्तन पर होने वाली हर बहस जो ईसाई अथवा इस्लामिक दृष्टिकोण से की जाती है, वह भारत के परिप्रेक्ष्य में पूर्णतया असंगत है। भारतीय संदर्भ में हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध परंपराओं के लिए प्रतिद्वंद्विता की धारणा बिल्कुल अलग है। इसलिए परस्पर अनन्य दृष्टिकोण (अब्राहमिक और सेक्युलर दृष्टिकोण) एक भारतीय समाज की विविधता को समुदायों की प्रतिद्वंद्विता के रूप में देखता है और जबकि दूसरा इसे परंपराओं के सह-अस्तित्व के रूप में देखता है। इस प्रकार मतांतरण विविधता की एक महत्वपूर्ण समस्या तभी बन जाता है, जब कोई विश्व को ईसाई और इस्लाम की विश्वदृष्टि से देखता है। इसलिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25(1) में दिए गए मत अपनाने और उसके प्रचार के अधिकार को ईसाई मिशनरी, इस्लामिक प्रचारक और तथाकथित सेक्युलरवादी एक अलग दृष्टिकोण से देखते हैं। हालाँकि, भारतीय अदालतों ने अनुच्छेद 25 (1) की जो व्याख्या की है, उसमें इस बात से इनकार किया है कि यह अनुच्छेद लोगों को एक मत से दूसरे मत में परिवर्तित करने का कोई मौलिक अधिकार देता है। इसलिए एक पक्ष (ईसाई, मुस्लिम, और छद्म पंथनिरपेक्ष) का तर्क है कि मतांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाला कोई भी राजकीय कानून असंवैधानिक है और ईसाई और मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव करता है। भारत बोध में विश्वास रखने वाले राष्ट्रवादी इस बात पर जोर देते हैं कि मतांतरण अपने आप में एक उल्लंघन है, क्योंकि इसमें बल, धोखाधड़ी या प्रलोभन के माध्यम से एक समुदाय और इसकी परंपराओं में आक्रामक घुसपैठ शामिल है। यह संस्कृति के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ भी है।[5]

भारतीय परंपराओं की मौलिक विशेषता मतभेदों के प्रति स्वीकार्यता है। भारतीय अथवा सनातन सांस्कृतिक परंपराओं को सेमिटिक मतों के साथ जोड़कर नहीं देखा जा सकता है, क्योंकि दोनों ही विपरीत धुरियाँ है। सेमिटिक मत अलगाव अथवा मतभिन्नता के प्रति पूर्ण रूप से असहिष्णु है और अलग दृष्टिकोण का इनमें कोई स्थान नहीं है। परंपराओं के विषय में सब से अच्छी बात यह होती है कि इनमें 'सत्य' की मान्यताओं जैसा कोई मूल अथवा बुनयादी विश्वास नहीं होता है। वे कुछ रूढ़िवादी भी हो सकते हैं, क्योंकि प्रथाएँ आम तौर पर समय के साथ अक्षुण्ण रहती हैं। हालाँकि इनमें यह सुंदरता होती है कि वे तर्क के बाद सुधारी या अस्वीकृत की जा सकती हैं, जो इनके लचीलेपन को दर्शाती है। देश, काल, परिस्थिति और व्यावहारिकता इनके अस्तित्व को निर्धारित करने का कार्य करते हैं। परंपराओं के बीच विचारों का प्रसार और वाद परंपराएँ भारतीय समाज का हिस्सा रहे हैं, लेकिन विचारों को मनवाने के लिए अथवा इनका खंडन करने के लिए सामूहिक मतांतरण या शारीरिक हिंसा की आवश्यकता हमारी संस्कृति का कभी भाग नहीं रहा। यह प्रवृत्ति सेमिटिक मतों ने भारत में पैदा की है, ऐसा ऐतिहासिक साक्ष्यों और परंपराओं के सामान्य अध्ययन से स्पष्ट हो जाता है। भारत, दुनिया के किसी भी अन्य हिस्से की तुलना में अधिक बहु-उप संस्कृतियों वाला देश है। ऐसा होने के बावजूद किसी भी अन्य संस्कृति की तुलना में यहाँ अधिक सद्भाव और शांति का वास रहा है। जब विदेशी मत भारत में आए तो वे यहाँ पहले से मौजूद एक अच्छी तरह से स्थापित हुई संस्कृति से मिले। उन विदेशी मतों को आत्मसात कर सकने की क्षमता भारत में थी। लेकिन यह मजहब 'मेरे एक सच्चे भगवान और आपके बहुत सारे झूठे भगवान' की विचारधारा के साथ आए थे। भारत में मतीय भेद और द्वेष का व्यावहारिक समाधान मतों को यहाँ की सनातन संस्कृति के साथ जोड़ कर पारंपरिक बनाना था ताकि वे मतांतरण जैसे दुष्टतापूर्ण कुप्रयासों को त्याग कर सांस्कृतिक समन्वयवाद के कुछ वास्तविक प्रयास करें।

भारत के समाज ने विदेशी संस्कृतियों को अपनाने और भारतीय संस्कृति के अनुकूल करने की विभिन्न मतों को यहाँ की सांस्कृतिक धारा में उनकी विश्वास प्रणाली को बरकरार रखते हुए विलय होने की अनुमति दी। लेकिन सदैव इसी अनुकूलन के विरुद्ध इस्लामी उलेमा वर्ग और ईसाई मिशनरी लड़ते आए हैं। यही सारे मतीय संघर्ष का मूल बनता रहा है।[6]

वर्तमान में मतांतरण के ऊपर जो अकादमिक बहस है और उस बहस में जो मत परिवर्तन के पक्ष में खड़े दिखते हैं, वह भारत को समझने की औपनिवेशिक विचारधारा से अभी तक बाहर नहीं आ पाए हैं। ऐसे ही मिलते-जुलते विचार मार्क्सवादी विचारकों द्वारा भी प्रतिपादित किए जाते हैं। भारतीय धर्म, संस्कृति और परंपराओं को समझने का उनके पास जो दृष्टिकोण है, वह दोषपूर्ण है, क्योंकि वह संस्कृति और परंपराओं की विरासत को मतीय और सांप्रादियक ढाँचे में ढाल कर देखते हैं। सनातन परंपराओं का यह मानना है कि 'मैं भी सही हूँ और आप भी सही हो या गलत नहीं हो', जबकि सेमिटिक परंपराएँ, यदि उन्हें परंपराएँ कहा भी जाए, कहती हैं कि 'केवल मैं ही सही हूँ और बाकी सब झूठ' है। इसी द्वंद्व को सुलझाने के लिए पंथनिरपेक्षता अथवा सेक्युलरिज्म जैसे छद्म विचार का सहारा लिया गया, जिसने भारतीयों की समझ को और भ्रम में डालने का कार्य किया। सेक्युलरिज्म नामक इसी राजनीतिक अव्यवस्था नें वर्तमान समय में मतांतरण करने वालों के लिए ढाल का कार्य किया है और सनातन मूल्यों का सर्वाधिक अहित किया है। कालांतर में इसके द्वारा हिंदुओं में लगातार अपनी संस्कृति और संस्थानों के प्रति अविश्वास और अपराधबोध का जन्म हुआ है। औपनिवेशिक काल में मतांतरण इतना विकट विषय नहीं बना था, जितना आज बन गया है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि मतांतरण अब धर्मांतरण की श्रेणी में पहुँच गया है। मतांतरित जब तक मतांतरित रहते हैं, उनका जुड़ाव उनकी पूजा पद्धति, रीतियों और संस्कारों से टूटता है। परंतु जब मतांतरित व्यक्ति या समुदाय राष्ट्रधारा और सांस्कृतिक धारा से न केवल टूट जाए, बल्कि उनका और उनके प्रतिक चिन्हों का उपहास भी उड़ाए और उन्हें नष्ट करने का कार्य करे तो समझ लेना चाहिए उसका धर्मांतरण भी हो गया है। धर्मांतरण उन सभी अच्छाइओं से संबंध विछेद कर लेना है, जो किसी भी सांस्कृतिक और सभ्यताई व्यवस्था को गतिमान और सशक्त रखती हैं। आज की परिस्थितियों के संदर्भ में स्वामी विवेकानंद के शब्द स्मरण आते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि, 'हिंदू पाले से बाहर जाने वाला हर व्यक्ति न केवल एक व्यक्ति कम है, बल्कि शत्रु अधिक है।'[7]❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. ग्रीन, नील (2008). इस्लामिक कन्वर्जन्स इन द एरा ऑफ मॉडर्निटी. प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस।
2. कुरैशी, एम. एन. (1995). मुस्लिम्स एंड मिशनरीज इन प्री-म्युटिनी इंडिया. यूनिवर्सिटी प्रेस।
3. रॉबिंसन, आर. क्लार्क, एस. (एडिटेड) (2004). रिलीजियस कन्वर्जन्स इन इंडिया : मोड्स, मोटिवेशन, एंड मीनिंग्स. प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस।
4. गांधी, एम. के. (2000). माय एक्सपेरिमेंट विथ ट्रूथ : ऐन ऑटोबायोग्राफी (संपादन : एम. देसाई) बेकन प्रेस।
5. बुलिएट, आर. (1979). कन्वर्जन टू इस्लाम इन द मेडिएवल पीरियड : ऐन एस्से इन क्वांटिटेटिव हिस्ट्री. यूनिवर्सिटी प्रेस।
6. अयूब, एम. (2015). द मेनी फेसेज ऑफ पॉलिटिकल इस्लाम : रिलीजन एंड पॉलिटिक्स इन द मुस्लिम वर्ल्ड. द यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन प्रेस।
7. जेंकिन्स, एल डी (2008). लीगल लिमिट्स ऑन रिलीजियस कन्वर्जन इन इंडिया. लॉ एंड कंटेम्परी प्रोब्लेम्स. वॉल्यूम. 71, नंबर. 2. स्कूल ऑफ लॉ, ड्यूक यूनिवर्सिटी।

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

'बात यह नहीं है' कहानी संग्रह में अभिव्यक्त लोक जीवन का सामाजिक पक्ष

बर्णाली खाउंड

शोधार्थी, हिंदी विभाग
मिजोरम विश्वविद्यालय
आइजल-796004
6002718375
bornalikhound73@gmail.com

शोध सार :

चरण सिंह पथिक की कहानियों में लोक जीवन के विभिन्न पक्षों का सजीव चित्रण मिलता है। उनकी कहानियों में राजस्थान की आंचलिक जीवन शैली, रहन-सहन आदि अभिव्यक्त हुए हैं। उनकी कहानियों में गाँव की मिट्टी, पानी और हवा का सजीव चित्रण मिलता है, यही विशेषता उन्हें अन्य लेखकों से अलग करती है। पथिक के अन्य कहानी संग्रहों की तरह ही 'बात यह नहीं है' कहानी संग्रह में लोक जीवन के सामाजिक पक्ष का चित्रण मिलता है। इस संग्रह में समाज के विभिन्न पहलुओं का यथार्थ चित्रण हुआ है, जैसे- जाति व्यवस्था, पारिवारिक जीवन, नारी विषयक धारणा, सामाजिक लोक विश्वास एवं परंपराएँ।

बीज शब्द :

समाज, सामाजिक, लोक, यथार्थ, ग्राम्य जीवन।

मूल लेख :

'लोक' शब्द संस्कृत के 'लोक दर्शन' धातु से 'धञ' प्रत्यय करने पर निष्पन्न हुआ है। इस धातु का अर्थ 'देखना' होता है, जिसका लट् लकार में अन्य पुरुष एक वचन का रूप 'लोकते' है। अत: 'लोक' शब्द का अर्थ 'देखने वाला'। इस प्रकार वह समस्त जन समुदाय जो इस कार्य को करते हैं 'लोक' कहलाएगा।[1] 'लोक' शब्द से ही हिंदी के 'लोग' शब्द की व्युत्पत्ति मानी जाती है, जिसका अर्थ है सर्वसाधारण जनता। अत: 'लोक' शब्द का अभिप्राय उस समस्त जनसमूह से है, जो किसी देश में निवास करता है।[2]

विभिन्न भारतीय और पाश्वात्य विद्वानों ने 'लोक' शब्द की परिभाषा प्रदान की हैं-

डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय के मतानुसार- ''आधुनिक सभ्यता से दूर, अपने प्राकृतिक परिवेश में निवास करने वाली, तथाकथित अशिक्षित एवं असंस्कृत जनता को लोक कहते हैं, जिनका आचार-विचार एवं जीवन परंपरायुक्त नियमों

चरण सिंह पथिक ने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज के प्राय: सभी पहलुओं को अभिव्यक्त किया है। उनकी कहानियों की प्रमुख विशेषता यह है कि उन्होंने अपनी कहानियों में वर्तमान समाज में घटित घटनाओं का यथार्थ चित्रण किया है। समकालीन कहानी लेखन परंपरा में चरण सिंह पथिक ने अपनी कहानी लेखन शैली से अपना विशिष्ट स्थान बनाया है।

से नियंत्रित होता है।''[3]

प्रो. एलेन डंडेस के अनुसार- ''लोक' शब्द से तात्पर्य मनुष्य के किसी भी ऐसे समूह या समाज से हो सकता है, जिसमें समानता का कोई एक आधार हो और यह समानता किसी व्यवसाय, भाषा, अर्थ अथवा परंपरा की हो सकती है। उन्होंने लिखा है- ''The term folk can refer to any group of people who share at least one common factor, it does not matter what the linking factor is could be a common occupation, language or religion but what is important is a group formed for whatever reason will have some traditions which it calls its own.''[4]

'बात यह नहीं है' कहानी संग्रह के कहानीकार है चरण सिंह पथिक। चरण सिंह पथिक एक ऐसे कहानीकार हैं, जिन्होंने अपनी कहानियों में लोक जीवन का यथार्थ चित्रण किया है। उनकी ज्यादातर कहानियाँ ग्रामीण जीवन पर आधारित हैं। चरण सिंह पथिक की पहली कहानी है 'बक्खड़' और इसका प्रकाशन वर्ष है 1998। उनके छह कहानी संग्रह प्रकाशित हैं-

1. बात यह नहीं है
2. पीपल के फूल
3. गौरु का लैपटाप और गोर्की की भैंस
4. मेरी प्रिय कथाएँ
5. मैं बीड़ी पीकर झूठ नहीं बोलता
6. दो बहनें

'बात यह नहीं है' कहानी संग्रह का प्रकाशन वर्ष है 2005। इस कहानी संग्रह में 10 कहानियाँ प्रकाशित हैं- 1. कलेक्टर आया! कलेक्टर आया!, 2.दुकान, 3.खिलौना, 4.बक्खड़, 5.लाल किले का जिन्न, 6.कसाई, 7.बांध टूट गया, 8.दंगल, 9.बात यह नहीं है, 10.बीमार।

लोक साहित्य में सामाजिक पक्ष का बहुत बड़ा महत्व है। लोक जीवन से जुड़े विभिन पहलुओं जैसे- रीति-रिवाज, मान्यताएँ, प्रथाएँ, जन्म से लेकर मृत्यु तक के संस्कार- सभी की उत्पत्ति समाज में ही होती है। समाज के विभिन्न प्रमुख पहलुओं का चित्रण चरण सिंह पथिक के 'बात यह नहीं है' कहानी संग्रह में वर्णित है। जैसे-

1. जाति व्यवस्था
2. पारिवारिक जीवन
3. नारी विषयक धारणा
4. सामाजिक लोक विश्वास एवं परम्पराएँ

जाति व्यवस्था : भारतीय सामाजिक जीवन में जाति व्यवस्था एक विशिष्ट व्यवस्था है। भारतीय समाज हजारों जातियों एवं उपजातियों में विभक्त है। 'बात यह नहीं है' कहानी संग्रह के अंतर्गत चार कहानियों में जाति व्यवस्था को चित्रित किया गया है। वे कहानियाँ हैं- 'कलेक्टर आया! कलेक्टर आया', 'बांध टूट गया', 'दंगल', 'बात यह नहीं है'।

'कलेक्टर आया! कलेक्टर आया' कहानी मोहरसिंह नामक शिक्षक की कहानी है। कहानीकार ने मोहरसिंह के जरिए गाँव में होने वाले भ्रष्टाचारों को दिखाया है। मोहरसिंह के गाँव में सरकार की तरफ से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए एक योजना आई, जिसमें ऐसे लोगों का चयन करना था, जिनकी वार्षिक आय बीस हजार रुपए से कम है, जिनके पास

पक्का मकान, ट्रैक्टर या अन्य कोई वाहन नहीं हैं, जिनके पास दो हेक्टेयर से से ज्यादा जमीन नहीं है और जिनकी मासिक आय पंद्रह सौ रुपए से ज्यादा नहीं है। लोगों को चयनित करने का गुरु दायित्व मोहरसिंह को दिया गया। मोहरसिंह ने ईमानदारी से यह किया और एक लिस्ट निकाला। गाँव की कुछ उच्च जाति के लोगों को यह लिस्ट पसंद नहीं आई, क्योंकि वहाँ उच्च जाति के लोगों के नाम नहीं थे। कहानी के अन्य एक पात्र प्रधान जी को मोहरसिंह का फैसला पसंद नहीं आया, इसलिए मोहरसिंह को फँसाने के लिए उसने जाल बिछाया। वह किंतुलाल से कहता है- ''सब कोली, चमार, खटीक, धोबी भर दिए इसमें तो...! हमारा एक भी आदमी नहीं...! ऐसा कर किंतुलाल, सरपंच साब से पूछ-पूछकर सौ ऐसे आदमियों की लिस्ट बना दो, जिनके पास पक्का मकान हो या ट्रैक्टर हो या मोटर साइकिल हो या चालीस-पचास बीघा जमीन हो। उन सबके नाम दो। मैं खुद जाकर ग्रामसभा के दिन कलेक्टर साब को लिखित में शिकायत कर के आऊँगा। कलेक्टर साब बहुत सख्त हैं। तुरंत एक्शन लेंगे। यह लिस्ट भी खारिज कर देंगे। मास्टर भी सस्पेंड ही समझो। साक्षरता वाला किस्सा भी छेड़ दूँगा। फिर हम किसी और मास्टर से अपने मन-मुताबिक लिस्ट बनवा लेंगे।''[15] प्रधान ने जो सोचा वही हुआ। मोहरसिंह को कलेक्टर ने सस्पेंड कर दिया।

'बांध टूट गया' कहानी में जातिभेद के साथ-साथ किसान जीवन की समस्याओं का यथार्थ चित्रण किया गया है। उच्च जाति के धनजी पटेल निम्न जाति के किसानों का वर्षों से शोषण करता आ रहा है। धनजी पटेल गाँव के हर किसान की जमीन हड़प लेता है। अगर कोई प्रतिरोध करने की कोशिश करता है, उसको अधमरा बना देता है। धनजी पटेल सिर्फ किसानों का ही शोषण नहीं करता, बल्कि उनकी पत्नियों को भी नहीं छोड़ता।

'दंगल' कहानी में गाँवों में होने वाले संगीत के दंगल को दिखाया गया है। दंगल के जरिए कहानीकार ने जातिभेद का चित्रण भी किया है। जिस गाँव में हर जाति, हर संप्रदाय के लोग मिलकर दंगल करते थे, अब उनके बीच जातिभेद का भाव पनपने लगा। सब भाईचारा भूलकर अपना-अपना दल बनाने लगे। किस प्रकार जातिभेद लोगों के बीच अपनापन समाप्त कर देता है, इसी ओर कहानीकार ने इशारा किया है।

'बात यह नहीं है' कहानी ग्रामीण जीवन पर

आधारित कहानी है। गाँव के निम्न जाति हमेशा उच्च जाति से शोषित होता रहा। निम्न जाति का पुन्या उच्च जाति के छुट्टन सिंह द्वारा किए गए शोषण के बारे में कहानीकार के सामने बताता है- ''जब चुनावों में वोट लेने होते हैं तो ये तुम्हारी ऊँची जाति वाले हमारे बच्चों तक को हाथ जोड़ते फिरते हैं। हमारे घरों में आकर दारू-मीट खाते हैं। तब इनकी जाति कहाँ चली जाति है? तब इनका धर्म भ्रष्ट नहीं होता? लेकिन कोई बात नहीं। आजकल की राजनीति ही यही है। हम ऐसा सोच लेते हैं। मगर एक बाप अपने सामने अपनी जवान बेटी की इज्जत अपने ही घर में लूटते बर्दाश्त कर लेगा... ? जैसी हमारी बहू-बेटियाँ, ऐसी ही तुम्हारी बहू-बेटियाँ!''[16] इस कहानी में चरण सिंह पथिक ने जातिभेद का यथार्थ चित्रण किया है।

पारिवारिक जीवन : एक परिवार हमेशा उस परिवार के सदस्यों के प्रेम, त्याग, उदारता, आदर, सहिष्णुता से चलता है। जब परिवार के सदस्य अपने स्वार्थ के लिए अपनों को भूल जाता हैं, तभी परिवार बिखरने लगता है। 'बात यह नहीं है' कहानी संग्रह की दो कहानियों में पारिवारिक जीवन के विभिन्न पहलुओं का चित्रण हुआ है। जैसे- 'खिलौना' और 'बक्खड़'।

'खिलौना' कहानी में चरण सिंह पथिक ने दो परिवारों का चित्रण किया है। एक परिवार है भरोसी और विमली का परिवार, जिन्हें दो वक्त की रोटी के लिए सोचना पड़ता है। वहीं दूसरी तरफ है मि.सिन्हा और मिसेज सिन्हा का परिवार, जिन्हें कभी पैसों के बारे में सोचना नहीं पड़ता। मि.दीपक सिन्हा का एक्सपोर्ट-इंपोर्ट का कारोबार है और मिसेज सिन्हा कॉलेज में लेक्चरर है। भरोसी मि. सिन्हा और मिसेज सिन्हा के बच्चे सोनू की देखभाल करता है। एक तरफ भरोसी और विमली अपने बच्चों के लिए दिन-रात महनत करते हैं ताकि उन्हें घूँट-भर दूध नसीब हो जाए। अन्य तरफ हैं मि. सिन्हा, जिन्हें अपने बच्चे की कोई परवाह नहीं होती। बच्चे के सामने ही वह शराब के नशे में डूब जाते हैं। इस कहानी में कहानीकार ने वर्तमान समाज की स्थिति को उकेरा है।

'बक्खड़' कहानी का मुख्य पात्र है मूला। मूला का बाप और दादी उसकी माँ पर बहुत अत्याचार करते थे, जिस कारण मूला की माँ ने अपनी ससुराल छोड़ दी। उसने दूसरी शादी कर ली। उसके बाद मूला को एक पिता और अपनी नई पहचान तो मिली, लेकिन मूला का अतीत हमेशा मूला के साथ ही रहा। सब लोग उसे बक्खड़ कहकर बुलाने लगे। बक्खड़ का अर्थ है- जिसके पिता की कोई पहचान नहीं होती। इस नाम के कारण मूला हमेशा अकेला रह गया। मूला के परिवार के कारण ही उसके जीवन में कभी भी सुख-शांति नहीं आई।

नारी विषयक धारणा : भारतीय साहित्य में नारी को विशेष स्थान प्रदान किया गया है। समाज में नारी का जो स्थान एवं स्थिति है, वही स्थिति साहित्य में भी दिखाया जाता है। उसी प्रकार चरण सिंह पथिक ने अपनी कहानियों में नारी का यथार्थ चित्रण किया है। इस संग्रह की दो कहानियों में नारी विषयक धारणा का चित्रण मिलता है। जैसे- 'बक्खडड़' और 'कसाई'।

'बक्खड़' कहानी का मुख्य पात्र है मूला। मूला की माँ संतो उसकी दादी और पिता द्वारा शोषित होती है। उसे कई-कई दिनों तक भूखा-प्यासा और घायल अंधेरी कोठरी में रख दिया जाता था। घर का सारा काम उसे ही करना पड़ता था जैसे- सुबह जल्दी उठके आटा पीसना, झाड़ू लगाना, गोबर डालना, पानी लाना, दोपहर में रोटी बनाना। इन सबके बाद भी उसे एक भी रोटी नसीब नहीं होती थी। जब संतो सास से रोटी माँगती है, तब उसकी सास धमकी देती है- ''तेरा बाप कमा के रख गया है क्या? बापखाणी, मरी नहीं तू...।''[17] संतो बहुत दिनों तक ये सब सहन करती रही, लेकिन अंत में वह खुदके लिए खड़ी हुई और वह ससुराल से चली आई। ससुराल में कैसे बहुओं पर शोषण किया जाता है, उसी का वर्णन इस कहानी में किया गया है।

'कसाई' कहानी का मुख्य पात्र सुंदर राजनीतिक लोभ के कारण अपने पिता के हाथों ही मारा गया। इस बात को छुपाने के लिए सुंदर की मृत्यु को ऊपर की हवा बताया गया। अंधविश्वास में डूबे गाँव वाले इसे सत्य मानने लगे कि कसाई ने ही सुंदर की हत्या की है और उसे भगाने के लिए एक तांत्रिक को बुलाया गया। तांत्रिक

ने सुंदर की चाची के बारे में कहा- ''कृष्ण पक्ष के सात सनीचर दयाल की बहू आधी रात को नाले के ऊपर नंगी स्नान करे। मैं साथ दूँगा। सवामणी और बकरा अलग से चढ़ाना होगा। ताबीज भर दूँगा। फिर देखता हूँ उस कसाई को...''[8] सभी लोगों के साथ-साथ दयाल ने भी इस बात पर सहमति प्रदान की, लेकिन सुमेर की माँ को यह बात हजम नहीं हुई। वह सामने आकर बोली- ''दयाल की बहू.. आधी रात को नंगी नहाएगी। ना वह ताबीज बंधवाएगी। असली कसाई तो इसी बाड़े में बैठे हैं।''[9] इस कहानी में कहानीकार ने दिखाया है कि किस प्रकार नारी को किसी सामग्री की तरह व्यवहार किया जाता है।

लोक विश्वास एवं परंपराएँ : लोक विश्वास एवं परंपरा प्रत्येक समाज का एक अंग है। 'बात यह नहीं है' कहानी संग्रह की 'कसाई' कहानी के अंतर्गत लोक विश्वास एवं परंपरा का चित्रण हुआ है।

'कसाई' कहानी का मुख्य पात्र है सुंदर, जो राजनीतिक लोभ के कारण अपने पिता के हाथों ही मारा गया। इस बात को छुपाने के लिए उसके पिता ने सुंदर की मृत्यु को ऊपर की हवा बताई। पूरे गाँव में यह बात फैल गई कि किसी कसाई ने सुमेर की हत्या की है। लोगों को हर जगह सिर्फ कसाई दिखने लगा। उस कसाई को भगाने के लिए एक तांत्रिक को बुलाया गया। शराब, लौंग का जोड़ा, धूप, अगरबत्ती, इत्र, जायफल, उड़द के दाने, तिल, लाल कपड़ा के साथ सारा सामान मँगा लिया गया।

तांत्रिक विभिन्न प्रकार का ढोंग करता गया और झूठ बोलता गया। लोग तांत्रिक की सारी बातें मानते गए। तांत्रिक बोला- ''कृष्ण पक्ष के सात सनीचर दयाल की बहू आधी रात को नाले के ऊपर नंगी स्नान करे। मैं साथ दूँगा। सवामणी और बकरा अलग से चढ़ाना होगा। ताबीज भर दूँगा। फिर देखता हूँ उस कसाई को...''[10] यह सुनने के बाद दयाल तांत्रिक के पैरों पर गिर गया और बोला- ''तुम जैसा कहोगे- वैसा ही करेंगे! महाराज! हमारा तो दुख कटना चाहिए बस...!'' कहानी के जरिए कहानीकार ने यही दिखाया है कि किस प्रकार लोग अंधविश्वास में आकर सब कुछ भूल जाते हैं, यहाँ तक अपनी पत्नी का सम्मान भी भूल जाते हैं।

निष्कर्ष :

चरण सिंह पथिक ने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज के प्राय: सभी पहलुओं को अभिव्यक्त किया है। उनकी कहानियों की प्रमुख विशेषता यह है कि उन्होंने अपनी कहानियों में वर्तमान समाज में घटित घटनाओं का यथार्थ चित्रण किया है। समकालीन कहानी लेखन परंपरा में चरण सिंह पथिक ने अपनी कहानी लेखन शैली से अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। ❑

संदर्भ :

1. जनपद वर्ष-1, डॉ. द्विवेदी, अंक 1, पृ.65
2. लोक-संस्कृति की रूपरेखा, कृष्णदेव उपाध्याय, पृ.8
3. लोक-साहित्य की भूमिका, कृष्णदेव उपाध्याय, पृ.11
4. लोक-साहित्य, जैन विश्व भारती संस्थान, पृ.6
5. बात यह नहीं है, चरण सिंह पथिक, पृ.17
6. वही, पृ.74
7. वही, पृ.29
8. वही, पृ.55
9. वही, पृ.55
10. वही, पृ.55

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

स्त्री वेदना को प्रकट करता भोजपुरी लोकगीत

सौरभ कुमार

शोधार्थी, हिंदी विभाग
हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय
तेलंगाना 500046
8483846174
SS76966@gmail.com

शोध सार :

भारत में स्त्रियों को हमेशा से ही गौरवपूर्ण स्थान दिया गया है। आज भी लोग शक्ति, धन एवं विद्या की देवी के रूप में क्रमश: दुर्गा, लक्ष्मी तथा सरस्वती की पूजा करते हैं। किंतु ये सब सिर्फ धार्मिक ग्रंथों तक ही सीमित है। वास्तविकता ठीक इसके विपरीत है। भारतीय पितृ सत्तात्मक समाज में सदियों से स्त्रियों का शोषण होता आया है। पर्दा प्रथा, सती प्रथा, देवदासी प्रथा जैसी न जाने कितनी कुत्सित सामाजित तथा धार्मिक प्रथाओं के कारण स्त्रियाँ नारकीय जीवन जीने को मजबूर थीं। आज भले ही स्वतंत्र भारत में उन्हें संवैधानिक अधिकार प्राप्त हुए हैं, बावजूद इसके सामजिक नियम-कायदों के कारण इनका जीवन अत्यंत कष्टमय है। बचपन से लेकर बुढ़ापे तक उसे कदम-कदम पर अग्निपरीक्षा से होकर गुजरना पड़ता है। परिवार तथा समाज हर जगह उसे अपने अस्तिव की लड़ाई लड़नी पड़ती है। ग्रामीण महिलाओं की स्थिति तो और अधिक दयनीय है। अशिक्षा, समाज तथा परिवार की रूढ़िवादी मानसिकता तथा आर्थिक विपन्नता आदि के कारण ग्रामीण स्त्रियों का कई प्रकार से शारीरिक तथा मानसिक शोषण होता है। वे इतनी मजबूर होती हैं कि अपनी वेदना को किसी के सामने प्रकट भी नहीं कर सकती हैं। ऐसी स्थिति में स्त्रियाँ अपनी मनोवेदना को अभिव्यक्त करने का माध्यम गीतों को बनाती हैं। अपने मनोभावों को व्यक्त करने का सबसे आसान माध्यम गीत ही है। लोक गीतों की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसमें जीवन की प्रत्येक घटनाओं तथा क्रियाओं से संबंधित भावमय चित्र उपस्थित हैं। श्रृंगार, हास्य, करुणा, उत्साह आदि सभी रसों की रसानुभूति बड़ी सरलता और सहजता से लोक गीतों के माध्यम से हो जाती है। भोजपुरी लोक गीत इस दृष्टि से अत्यंत समृद्ध हैं।

बीज शब्द :

लोक गीत, स्त्री वेदना, भोजपुरी, बालिका भ्रूण हत्या, भेदभाव, बाल विवाह, अनमेल विवाह, सती प्रथा।

मूल आलेख :

जिस प्रकार साहित्य समाज का दर्पण कहलाता है, उसी प्रकार लोक साहित्य

ग्रामीण समाज का दर्पण कहलाता है। लोक गीत को यदि हम संस्कारों की आत्मा कहें तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगा। लोक गीतों की सबसे बड़ी विशेषता है कि अपनी सरलता एवं रस से ओत-प्रोत होने के कारण यह सहज ही लोगों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। इसका कारण यह है कि यह बिल्कुल भी कृत्रिम नहीं होते। यह लोगों के हृदय से सहज ही प्रस्फुटित होता है। पाश्चात्य विद्वान ग्रिम ने लोक गीत के विषय में कहा है- ''लोक गीत अपने आप बनते हैं (Folk song composes itself)।'' लोक गीत के संबंध में महादेवी वर्मा ने कहा है - ''सुख-दु:ख की भावावेशमयी अवस्था विशेष को गिने-चुने शब्दों में स्वर साधना के उपयुक्त चित्रण कर देना ही गीत है और इस गीत में जब सहज चेतना जुड़ जाती है तो वह लोक गीत बन जाता है।'' बिहार में लोक गीतों की एक समृद्ध परंपरा रही है। यहाँ जन्म से लेकर मृत्यु तक, जीवन के हरेक अवसर से संबंधित गीत हैं। विभिन्न पर्व-त्योहार, अनुष्ठान, मांगलिक तथा अमांगलिक अवसरों आदि पर स्त्री-पुरुष द्वारा लोक गीत गाए जाते हैं।

ग्रामीण महिलाएँ, विशेषकर गीतों के माध्यम से अपने जीवन के सुख-दु:ख को प्रकट करती हैं। बिहार में प्रसिद्ध जट-जटिन, बिदेसिया, डोमकच, जंतसार आदि लोक विधाओं में स्त्री-वेदना के स्वर स्पष्ट सुनाई पड़ते हैं। भोजपुरी समाज में एक कहावत प्रचलित है कि बेटी के जन्म लेने पर धरती तीन बित्ता नीचे दब जाती है मानो पृथ्वी उस पुत्री का भार सहन नहीं कर पा रही हो। वहीं पुत्र के जन्म की उपमा उजली रात से की गई है तथा पुत्री के जन्म की उपमा अंधेरी रात से की गई है। इस बात से पुत्री के अपमान का अनुमान लगाया जा सकता है, जब एक गीत में पुत्री के जन्म लेने पर माता कहती है-

''जाहु हम जनिती धियवा कोखी रे जनमिहे,
पिहितों में मरीच थराई रे।
मरीच के झाके झुके धियवा मरि रे जाईति,
छुटी जाईते गरुवा संताप रे।''

चाहे बालिका जन्म हो, उसकी शिक्षा प्राप्ति में आने वाली समस्या हो, बाल-विवाह, अनमेल विवाह या प्रवासन के कारण उत्पन्न समस्या हो, इन सभी समस्याओं का चित्रण लोक गीतों में यथार्थ रूप से देखा जा सकता है। बिहार शैक्षिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा राज्य रहा है, अत: यहाँ पर परिवार में लड़का-लड़की के बीच भेदभाव को स्पष्ट देखा जा सकता है। लोग बेटे के लिए अपना सर्वस्य न्योछावर करने को तैयार रहते हैं, लेकिन जब बेटी की बात आती है तो उसे पराया धन समझ कर उसे घर के चूल्हे-चौके तक सीमित कर दिया जाता है। पिता बेटे को पढ़ाने के लिए खेत-मकान तक बेच देते हैं, लेकिन बेटी को घर के ही काम-काज सीखने को कहते हैं। लड़की अपनी इस वेदना को गीतों के माध्यम से व्यक्त करते हुए कहती है-

काहे कईला हो बाबूजी दू रंग नीतिया
बेटा के पढ़ावे खातिर महला दू महला
हमर बेरिया, काहे चूल्हा फूँकवईले हमर बेरिया
एके कोखी बेटा जन्मे एके कोखी बेटिया हमर बेरिया
काहे कईला हो बाबूजी दो रंग नीतिया ।

अनमेल विवाह बिहार में एक घृणित प्रथा रही है। हालाँकि यह प्रथा अब धीरे-धीरे समाप्त हो रही है, किंतु अभी भी कई जगह पैसे के अभाव के कारण पिता अपनी अल्पवयस पुत्री का विवाह बूढ़े व्यक्ति से करा देते हैं। भिखारी ठाकुर ने समाज की इस विसंगति को केंद्र में रखकर बेटी-बेचवा नाटक की रचना की। भोजपुरी लोक गीत में अनमेल विवाह से संबंधित अनेक मार्मिक गीत हैं। उदाहरणार्थ -

''पइसा के लालच पड़ी के बुढ़ऊ से सादी रे
सादी ना कललेई त मोर बरबादी रे
कोठा ऊपर कोठरी बुढ़ऊ बोलाउसु रे
जात सरमवा लागे राम बुढ़ऊ के जोरू रे''

बूढ़े पति की मृत्यु हो जाने पर बाल-विधवा पुत्री अपने पिता से रो-रो कर कहती है-

''बाबा सिर मोरा रोवेला सेनुर बिनु
नयना कजरवा बिनु ये राम
बाबा गोद मोरा रोवेला बालक बिनु
सेजिया कन्हैया बिनु ये राम''

प्रवासन की समस्या बिहार की एक बहुत पुरानी तथा गंभीर समस्या रही है। लोग रोजगार की तलाश में दूसरे प्रदेश चले जाते हैं और इधर परिवार के सदस्यों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रवासन के कारण उत्पन्न समस्या को लोक गीत में स्पष्ट देखा जा सकता है। भिखारी ठाकुर ने इस विषय पर 'बिदेसिया' नामक नाटक की रचना की, जिसमें प्रवासन के कारण नई-नवेली दुल्हन 'प्यारी सुंदरी' की मार्मिक दशा का चित्रण किया है। बिदेसी (पति) के परदेश चले जाने के बाद वो ना तो प्यारी सुंदरी की सुध लेता है, ना कोई चिट्ठी लिखता है। कलकत्ता जाने के बाद वह दूसरी शादी कर लेता है। इधर प्यारी सुंदरी कलकत्ता जाने वाले हरेक बटोही से रो-रो कर अपना हाल सुनती है। इसी प्रसंग में एक गीत है-

''पिया मोरा गइलन परदेस ए बटोही भैया
रात नाहीं नींद दिन तनी न चयनवा
एको न भेजवलन संदेस ए बटोही भैया
रात नहीं नींद दिन तनी न चयनवा''

बिहार में जंतसार गीत बहुत प्रसिद्ध है। चक्की पीसते समय जो गीत गाए जाते हैं, उसे जंतसार या जांत के गीत कहते हैं। जंतसार के गीतों में करुण रस की प्रधानता होती है। इन गीतों में दुखिनी स्त्री अपनी मनोवेदना को प्रकट करती है। चक्की पीसते समय वे गीत गाते हुए अपने दु:ख को व्यक्त करती है। एक प्रसंग है, जिसमें पति के परदेश चले पर सास और ननद घर में विरह विधुरा वधू को ताना मारते हुए कहती हैं कि तुम्हारा पति तो परदेश चला गया है, अब तुम्हें कौन कमा के खिलाएगा। सास बहू को घर से निकाल देती है, जिससे बहू की स्थिति बहुत खराब हो जाती है। वह अपनी व्यथा को अभिव्यक्त करते हुए गाती है -

''ए राम हरी मोरे गइले बिदेसवा,
सकल दुखवा देई गइले हो राम।
ए सासु, ननदिया बिरही बोलेली,
केकर कमइया खइबू हो राम।''

भोजपुरी क्षेत्र में संयुक्त परिवार की प्रणाली प्रचलित है। ऐसे में एक ही घर में बहुत सारे सदस्य एक साथ रहते हैं। दादा-दादी, चाचा-चाची, भाई-बहन, पुत्र-पौत्र, सास-बहू आदि। एक साथ रहने के कारण कुछ संबंध ऐसे भी होते हैं, जिनमें प्रेम की जगह आपसी वैमनस्यता अधिक होती है। जैसे सास-बहू का संबंध, ननद-भौजाई का संबंध आदि। कुछ परिवारों में सास नई नवेली बहू को अनेक प्रकार का कष्ट देती है। बहू से दिन-रात घर का काम करवाती है। रात में भी कच्ची नींद से जगा कर काम करने को कहती है। अपनी इस व्यथा को व्यक्त करते हुए बेटी अपने पिता से कहती है-

''पूरब के लोगवा निरमोहिया ए बाबा,
उलटी-पुलटी दु:ख देई।
रतिया पिसावे जब, गेहूंआ ए बाबा,
दिनवा कतावे झीन सूत।
सूतली सेजिया उठावे ए बाबा, अंगना धरेले सब छूछ ।।''

भोजपुरी समाज में संतानहीन स्त्रियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। उनके साथ पशुओं से भी अधिक बुरा व्यवहार किया जाता है। भोजपुरी समाज में जिस स्त्री को जितनी अधिक पुत्र संतान की प्राप्ति होती है, उसे परिवार में उतना ही अधिक सम्मान मिलता है। इसलिए स्त्रियाँ पुत्र प्राप्ति हेतु विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना, व्रत आदि किया करती हैं। यदि पुत्र की प्राप्ति नहीं होती है तो वे अपना जीवन ही निरर्थक मानने लगती हैं। भोजपुरी लोक गीत में इसका उल्लेख भी किया गया है-

''लाल पियर ना पहिरली, चउका ना बैठली हो
ललना गोदिया ना खेलवनी बालकवा,
मोरे जनम अकारथ हो''

भोजपुरी लोक गीत में एक ऐसा प्रसंग आया है, जहाँ स्त्री को संतान प्राप्ति न होने पर न केवल उसके मायका तथा ससुराल वाले उसे त्याग देते हैं, बल्कि जंगल की बाघिन तथा नागिन भी उसे खाने एवं डँसने से मना कर देते हैं। बाघिन यह कह कर खाने से मना कर देती है कि यदि मैं तुम्हे खाऊँगी तो मैं भी बाँझिन हो जाऊँगी। नागिन भी कहती है यदि मैं तुम्हें डँसूंगी तो मैं भी बाँझिन हो जाउँगी। अंत में वह स्त्री धरती माता से विनती करती है कि अब तू ही मुझे शरण दे। तब धरती माता कहती है- तू जहाँ से आई है, वहीं पलट कर चली जा। मैं तुझको अपने में स्थान नहीं दे सकती। अगर मैं तुझ बाँझ को अपने मैं ग्रहण कर लेती हूँ तो मैं भी उसर बन जाऊँगी। गीत इस प्रकार है-

''बाघिन, हम का जो तू खाइ लेतिउ,
विपतिया से छूटित हो
बाझिन, तुमका जो हम खाई लेबि,
हमहू बाझिन होईब हो
नागिन, हमका जो तुम डसि लेतिउ,
विपति से हम छूटित हो
बाझिन, तुमका जो हम डसि लेबि,
हमहू बाझिन होइब हो
धरती. तुम्ही सरन अब देहु,
बाझिनि नाम छुटई हो
बाझिनि तोहका जो हम राखि लेबि,
हमहू होइबि ऊसर हो''

निष्कर्ष :

इन गीतों को देखने से स्पष्टत: कह सकते हैं कि भोजपुरी लोक गीत की परंपरा अत्यंत समृद्ध है, जो कि मानव के हृदय का सहज उद्‌गार है। यह हमारे साहित्य की अमूल्य निधि है। हमारे जीवन का इतिहास इन लोक गीतों में स्पष्ट दिखाई देता है। जीवन की प्रत्येक घटनाओं से संबंधित तथा रस से ओत-प्रोत ये लोक गीत लोगों को सहज ही अपनी ओर आकृष्ट कर लेते हैं। हमारे पितृ सत्तात्मक समाज में स्त्रियों की विशेषकर ग्रामीण स्त्रियों की दशा अच्छी नहीं रही है। अपनी मनोवेदना को प्रकट करने का माध्यम इन स्त्रियों ने लोक गीत को ही बनाया। समाज ने प्रथा एवं धार्मिक विश्वास के नाम पर जितना शोषण इन स्त्रियों का किया है, उन सभी की अभिव्यक्ति स्त्रियों ने लोक गीतों के माध्यम से की है। बालिका भ्रूण हत्या, भेदभाव, बाल विवाह के दुष्परिणाम, अनमेल विवाह, विवाह के उपरांत उत्पन्न समस्या, सती प्रथा आदि सभी सामाजिक कुरीति एवं कुप्रथाओं की झाँकी लोक गीतों में स्पष्ट दिखलाई पड़ती है। स्त्रियों के जीवन के सुख-दु:ख, मिलन-विरह सभी भावनाएँ भोजपुरी लोक गीत में अभिव्यक्त हुई हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं भोजपुरी लोक गीत स्त्रियों के जीवन की विकास गाथा है। लोक गीत हमारे ग्रामीण जीवन की सपष्ट झाँकी है, जिससे हम तत्कालीन समाज में व्याप्त रीति-रिवाज, प्रथा, कुप्रथा, विभिन्न विश्वासों आदि को जान व समझ सकते हैं। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. लोक गीतों के संदर्भ और आयाम, डॉ. शांति जैन, विश्वविद्यालय प्रकाशन, पृष्ठ सं. 2, 1964
2. लोक गीतों के संदर्भ और आयाम, डॉ. शांति जैन, विश्वविद्यालय प्रकाशन, पृष्ठ सं. 3, 1964
3. भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, पृष्ठ सं. 236, 1960
4. https ://www.maina.co.in
5. भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, पृष्ठ सं. 283, 1960
6. भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, पृष्ठ सं. 245, 1960
7. बिदेसिया, भिखारी ठाकुर, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं. 14
8. भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, पृष्ठ सं. 217, 1960
9. भोजपुरी लोक-संस्कृति, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, हिंदी साहित्य सम्मलेन, पृष्ठ सं. 62
10. भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, पृष्ठ सं. 245, 1960
11. भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, पृष्ठ सं. 244, 1960
12. भोजपुरी लोक गीत भाग 1, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, हिंदी साहित्य सम्मलेन, प्रयाग
13. लोक साहित्य के प्रतिमान, डॉ. कुंदनलाल उप्रेती, भारत प्रकाशन मंदिर, अलीगढ़

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

व्यंग्यात्मकता की दृष्टि से 'अंधेर नगरी' नाटक : एक अध्ययन

जीनामणि बड़ो

अतिथि अध्यापिका, हिंदी विभाग
कोकराझार गवर्नमेंट कॉलेज
कोकराझार-783370
बी.टी.आर. (असम)
9707964442
jinamaniboro11@gmail.com

शोध- सार :

भारतेंदु हरिश्चंद्र हिंदी साहित्य जगत के अग्रिम हस्ताक्षर हैं। अपने साहित्य के माध्यम से उन्होंने तत्कालीन सामाजिक, राजनैतिक तथा अर्थनैतिक शासन-व्यवस्था पर करारा व्यंग्य किया है। 'अंधेर नगरी' भारतेंदु हरिश्चंद्र का एक बहुत ही लोकप्रिय नाटक है। इस नाटक के जरिए उन्होंने अपने समय की शासन व्यवस्था को चित्रित किया है ।'अंधेर नगरी' भ्रष्ट शासन व्यवस्था, मूर्ख राजा, अंधे राज्य का प्रतीक है। अंग्रेजी शासन व्यवस्था को केंद्र में रखकर इस नाटक को लिखा गया है। पराधीन भारत की आर्थिक स्थिति को बयाँ करने के लिए भारतेंदु ने व्यंग्य शैली अपनाई थी। अंग्रेज सरकार को नीचा दिखाने के लिए व्यंग्य की शैली ही एकमात्र उपाय था। व्यंग्य एक ऐसी कला है, जिसके जरिए हम कटु से कटु बातों को हँसी-मजाक के साथ अभिव्यक्त कर सकते हैं। इससे सामने वाले को उतनी गहराई से आभास नहीं होता है।

बीज शब्द :

भारतेंदु, नाटक, व्यंग्य, अंधेर नगरी, अंध विश्वास।

1. प्रस्तावना :

स्वतंत्रता के पूर्व के जिस गद्य साहित्य ने हिंदी के पाठकों की दृष्टि को आकर्षित किया था, उसमें भारतेंदु हरिश्चंद्र का 'अंधेर नगरी' का नाम उल्लेखनीय है। भारतेंदु से हिंदी साहित्य में एक नया जागरण का आरंभ हुआ था। अंग्रेज द्वारा शासित भारत की सामयिक दुरावस्था तथा विकट परिस्थितियों का संपूर्ण ज्ञान भारतेंदु को हो गया था। भारत दुर्दशा, अंधेर नगरी, विषस्य-विषमौषधम्, प्रेम-योगिनी आदि उनके नाटक हैं।

2. अध्ययन का महत्व :

सन 1881 में लिखा गया 'अंधेर नगरी' एक कालजयी नाटक है। भारतेंदु जागरण काल के साहित्यकार थे। जागरण का स्वर उनके नाटक में तीव्रता से

व्यक्त हुआ है। तत्कालीन शासन सत्ता का अंधापन और अंधेर इस नाटक का मूल विषय है। भारतेंदु ने बिहार प्रांत के किसी जमींदार के अन्याय के विरुद्ध यह नाटक लिखा है, जिसमें अंग्रेजी राज्य में जनता पर किए गए अन्याय, अत्याचार और जुर्म पर भी छिपे तौर पर प्रकाश डाला गया है। मूर्ख शासक की शासन व्यवस्था को जनता के समक्ष उजागर किया है। इसीलिए प्रस्तुत अध्ययन का महत्व है।

3. अध्ययन का शीर्षक :

प्रस्तुत अध्ययन का शीर्षक है 'व्यंग्यात्मकता की दृष्टि से अंधेर नगरी नाटक : एक अध्ययन।

4. अध्ययन का उद्देश्य :

अध्ययन का उद्येश्य है- भारतेंदु हरिश्चंद्र का सर्वाधिक लोकप्रिय नाटक अंधेर नगरी में चित्रित अंग्रेजी शासन व्यवस्था को उजागर करना। जनता पर राज सत्ता के असर को दिखाना, वस्तु तथा सामाजिक मूल्यहीनता को चित्रित करना, भारतेंदु के लेखन कौशल को प्रस्तुत करना और व्यंग्यात्मकता को दिखाना।

5. अध्ययन का सीमांकन :

'अंधेर नगरी' नाटक की व्यंग्यात्मकता पर ही यह अध्ययन सीमित रहेगा।

6. अध्ययन में व्यवहृत पद्धति एवं उपाय :

अध्ययन की पद्धति विश्लेषणात्मक है। शोध पत्र MLA (MODàßRN LANGUAGàß ASSOCIATION) पद्धति पर आधारित है। लोक भारती प्रकाशन द्वारा प्रकाशित डॉ. परमानंद श्रीवास्तव द्वारा संपादित भारतेंदु हरिश्चंद्र कृत 'अंधेर नगरी' को मूल ग्रंथ के रूप में लिया गया है। साथ ही भारतेंदु से संबंधित अन्य ग्रंथों और इंटरनेट आदि का सहारा भी लिया गया है ।

7. विश्लेषण एवं निर्वचन :

व्यंग्यात्मकता भारतेंदु हरिश्चंद्र के साहित्य की एक अलग ही पहचान है। भारतेंदु बचपन से ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनके साहित्य में राष्ट्रीय प्रेम की भावना विद्यमान है। उन्होंने अपनी लेखनी से देश के मूक विषयों को वाणीबद्ध किया है। परतंत्र भारत की जनता की जीवन शैली को व्यंग्यात्मकता के साथ प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत अध्ययन को मिम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से विश्लेषण करने की कोशिश की गई है-

7.1. व्यंग्यात्मकता की अवधारणा तथा परिभाषा :

व्यंग्यात्मकता का अर्थ है - उपहास करना या ताना मारना। व्यंग्य से तात्पर्य उस अनुभव या भाव से है, जो मन को प्रसन्नचित करता है। जब किसी प्रकार की कोई घटना या गद्य की विविध विधाओं के रूप जैसे कहानी, एकांकी आदि, जिसमें हास्य रस का पुट हो वही व्यंग्य कहलाता है। व्यंग्य एक ऐसी साहित्यिक अभिव्यक्ति है, जिसके द्वारा किसी व्यक्ति, समाज की विसंगतियों और विडंबनाओं या उसके किसी एक पहलू को रोचक तथा हास्यास्पद ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार- ''व्यंग्य वह है, जहाँ कहने वाला अधरोष्ठ में हँस रहा हो और सुनने वाला तिलमिला उठा हो और फिर कहने वाले को जवाब देना अपने को और भी उपहासास्पद बनाना हो जाता है।''

हरिशंकर परसाई ने व्यक्ति व समाज में उपस्थित विसंगतियों को लोगों के सामने लाने में व्यंग्य को सहायक माना है। उनके अनुसार-''व्यंग्य जीवन से साक्षात्कार कराता है, विसंगतियों, मिथ्याचारों और पाखंडों का पर्दाफाश करता है।''

व्यंग्य समाज में एक प्रकार का अच्छापन लाने की कोशिश करता है। भारतेंदु ने भी अंधेर नगरी नाटक के द्वारा समाज में सुधार लाने का प्रयास किया था ।

7.2. अंधेर नगरी नाम की सार्थकता :

भारतेंदु ने इस नाटक को बिहार प्रांत के किसी अन्यायी जमींदार को सुधारने या राह पर लाने के लिए लिखा था। जब शासक अज्ञानी या मूर्ख होता है, तब शासन व्यवस्था भी उसी प्रकार का होता है। अंधेर नगरी अंधे शासन व्यवस्था का प्रतीक है अर्थात जिस राज्य या नगर की शासन व्यवस्था अंधे जैसा है, उसे ही अंधेर

नगरी कहा जाता है । जैसे-

अंधेर नगरी अनबूझ राजा ।
टका सेर भाजी टका सेर खाजा ।।
नीच ऊँच सब एकहिं ऐसे ।
जैसे भडुए पंडित तैसे ।।

(श्रीवास्तव 2017 : 58)

जिस देश में सभी सामान एक दाम में बिकते हैं, चीजों को उचित मूल्य नहीं दिया जाता है। उसे अंधेर नगरी कहना ही उचित लगता है । जैसे-

सेत सेत सब एक से, जहाँ कपूर कपास ।
ऐसे देस कुदेस में, कबहुँ न कीजै बास।।

(श्रीवास्तव 2017: 51)



जिस देश में कपूर और कपास में कोई भेद नहीं देखा जाता, एक दाम में सभी सामग्री बेची जाती है, उस देश के लिए अंधेर नगरी नाम ही सार्थक लगता है। आलोच्य नाटक में निहित व्यंग्यार्थ को हम निम्नलिखित प्रकार से विश्लेषण करने की कोशिश करते हैं -

7.2.1. जातिवाद पर व्यंग्य :

भारतेंदु के व्यंग्य साधारण लोगों के हृदय पर गहरा प्रभाव डालने में कामयाब रहे हैं। वस्तुत: व्यंग्य एक बाण जैसा अस्त्र है, जिसका सरकार के सामने ही जनसाधारण के बीच प्रयोग किया जा सकता है। भारतेंदु ने अंधेर नगरी नाटक के माध्यम से जातिवाद पर तीक्ष्ण व्यंग्य किया है । टके के वास्ते लोग कुछ भी करने के लिए तैयार रहते हैं। अपनी जात, धर्म-प्रतिष्ठा, कुल-मर्यादा आदि को भी बेचने वाली चीज बना दिया है।

''जात लें जात, टके सेर जात। एक टका दो, हम अभी अपना जात बेचते हैं। टके के वास्ते ब्राह्मण से धोबी हो जायँ और धोबी को ब्राह्मण कर दें, टके के वास्ते जैसी कहो वैसी व्यवस्था दें। टके के वास्ते झूठ को सच करें। टके के वास्ते ब्राह्मण से मुसलमान, टके के वास्ते हिन्दू से क्रिस्तान। टके के वास्ते धर्म और प्रतिष्ठा दोनों बेचें, टके के वास्ते झूठी गवाही दें। टके के वास्ते पाप को पुण्य मानें, टके के वास्ते नीच को भी पीतामह बनावें। वेद धर्म कुल-मरजादा, सचाई-बड़ाई सब टके सेर। लुटाय दिया अनमोल माल। ले टके सेर।''
(श्रीवास्तव 2017: 47,48)

लोग अपने कुल-मर्यादा की भी परवाह नहीं करते हैं। अपने धर्म, मान-सम्मान, सच्चाई सभी को टके के आगे नतमस्तक करते हैं। जो कहीं-न-कहीं आज के समाज नें भी देखा जाता है। इसीलिए अंधेर नगरी नाटक आज भी प्रासंगिकता रखता है और हमारे समाज व्यवस्था तथा लोगों की सोच पर भारतेंदु ने तीव्र व्यंग्य किया है ।

7.2.2. अंग्रेज राज तथा शासन-व्यवस्था पर व्यंग्य :

भारतेंदु ने तत्कालीन शासन व्यवस्था पर भी कटु व्यंग्य किया है। डॉ. राम विलास शर्मा ने कहा है- ''अंधेर नगरी अंग्रेजी राज्य का दूसरा नाम है।'' (यादव 2011:181) उस समय समाज में धर्म और अधर्म के बीच कोई भेद नहीं था। सरकार उचित न्याय देने में असमर्थ थी। इसीलिए कहा है -

धर्म अधर्म एक दरसाई ।
राजा करे सो न्याव सदाई।।
भीतर स्वाहा बाहर सादे ।
राज करही अमले और प्यादे ।।
अंधाधुन्ध मच्यौ सब देसा ।
मानहुँ राजा रहत विदेसा ।।

(श्रीवास्तव 2017:59)

उस वक्त भारत में औपनिवेशिक शासन-व्यवस्था चल रही थी। ऐसे में शासक धर्म-अधर्म पर विचार नहीं करते थे । शासक अपनी इच्छानुसार न्याय देते थे। शासन व्यवस्था बाहर से सीधे-साधे निर्मल लगती थी, परंतु भीतर से काली थी। दोषी बच जाता था और निर्दोषी फँस जाता था। दीवार गिरने से बकरी मारे जाने के कारण ही किसी व्यक्ति को फाँसी देना राजा का न्याय था। राजा कटवाल को फाँसी की सजा सुनाता है, पर कटवाल दुबला-पतला था और फाँसी का फंदा बड़ा था, फाँसी देने के लिए मोटे आदमी का जरूरत थी। फलस्वरूप सजा गोबरधनदास को मिलती है। कारण राजा के न्याय के डर से लोग ज्यादा खाकर मोटाते नहीं थे। दूसरी तरफ गोबरधनदास टके सेर में खा- खा कर मोटा हो गया था। ऐसे ही अंधी और कु-शासन व्यवस्था में न्याय देने की प्रक्रिया पर भी व्यंग्य किया गया है ।

7.2.3. रिश्वत पर व्यंग्य :

हमारे काम-काजों में प्रचलित एक कटु सत्य है रिश्वत लेने और देने की परंपरा, जो तत्कालीन अंग्रेज शासन व्यवस्था में प्रबल रूप से प्रचलित थी और आज भी चल रही है। इसीलिए यह समस्या आज भी प्रासंगिक है। रिश्वत देने पर भी कोई काम बनता नहीं है, बल्कि वे लोग और ज्यादा शोषण करने के लिए अग्रसर होते हैं। इसीलिए भारतेंदु ने रिश्वत पर बहुत ही सुंदर व्यंग्य किया है। पाचकवाला कहता है-

चूरन अमले सब जो खातैं ।दूना रिश्वत पचावैं ।।
चूरन साहेब लोग जो खाता ।सारा हिन्द हजम कर जाता।।
चूरन पूलिस वाले खाते ।सब कानून हजम कर जाते ।।

(श्रीवास्तव 2017:46,47)

इस प्रकार महाजनों, अधिकारियों तथा पुलिसवालों के रिश्वत लेने की बात को उकेरा गया है। साथ ही वे लोग अपने कर्तव्य को कैसे भूल जाते हैं, उसको लेकर भी करारा व्यंग्य किया गया है ।

7.2.4. लोभवृत्ति पर व्यंग्य :

लोभ हर मनुष्य की एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है। लोभ जैसे बुरी प्रवृत्ति को अगर हम नियंत्रण नहीं कर पाते हैं, तब कितनी भयंकर परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, इसका बहुत ही सुंदर उदाहरण भारतेंदु ने गोबरधनदास के जरिए प्रस्तुत किया है। लोभ को पाप का मूल कारण बताया है। गुरु महंत अपने शिष्य गोबरधनदास को समझाते हैं-

लोभ पाप का मुल है, लोभ मिटावन मान ।
लोभ कभी नहीं कीजिए , या मैं नरक निदान ।।

(श्रीवास्तव 2017:42)

परंतु गोबरधनदास लोभ के कारण अंधेर-नगरी में रहना पसंद करता है, क्योंकि वहाँ सभी वस्तु टके सेर में मिलती थी। इसीलिए वह आराम से खाकर अंधेर नगरी में जीवन व्यतीत करना चाहता था। लोभ के कारण अंधेर नगरी उसे मृत्यु की अवस्था तक ले जाती है। नाटक के अंत में महंत अपने शिष्य गोबरधनदास को बचाने के लिए लोभ की ही बुद्धि लगाते हुए कहते हैं कि ''इस समय जो मरेगा वह सीधा बैकुंठ जाएगा।'' इस बात को सुनकर राजा खुद को बैकुंठ जाने के लोभ में

फाँसी चढ़ाने के लिए हुकुम देते हैं। इस प्रकार से आलोच्य नाटक में लोभ, मूर्खता और अंधविश्वास को लेकर चौपट राजा पर बहुत ही तीव्र व्यंग्य किया गया है ।

8. उपलब्धियाँ :

8.1. अंधेर नगरी नाटक को हम व्यंग्य का भंडार कह सकते हैं ।

8.2. औपनिवेशिक शासन-व्यवस्था की पतनशील अवस्था का आभास कराने में यह नाटक समर्थ हुआ है।

8.3. भारतेंदु की भाषा, संवाद-योजना भी घटना के अनुसार रोचक और विनोदपूर्ण है ।

8.4. नाटक की हर एक समस्या कहीं-न-कहीं आज भी प्रासंगिकता रखती है।

8.5. नाटक में तत्कालीन सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक आदि सभी समस्याओं के ऊपर तीखा व्यंग्य किया गया है ।

8.6. अंधेर नगरी में लोभ, अंधविश्वास, अन्याय और अनाचार की अवस्था का हास्यास्पद वर्णन हुआ है।

निष्कर्ष :

अंधेर नगरी को एक प्रहसन भी कहा गया है । यह छह अंकों का एक बहुत ही छोटा-सा नाटक है। हम यह कह सकते हैं कि जिस तरह से बिहारी के दोहे देखने में छोटे लगते हैं, परंतु उसका घाव गंभीर होता है, ठीक उसी तरह भारतेंदु हरिश्चंद्र का अंधेर नगरी नाटक भी देखने में छोटा-सा है, पर उसका असर बहुत गंभीर है। 'टके सेर' को नाट्यकार ने व्यंग्य के बीज शब्द के रूप में प्रयोग किया है।

पूरा नाटक व्यंग्य से भरा हुआ है और इसे मंच पर भी खेला जाता है। इससे भारतेंदु एक प्रसिद्ध व्यंग्यकार सिद्ध होते हैं और आलोच्य नाटक की लोकप्रियता बनी रही है। शोषक और शोषित वर्गों की समस्या, जातिवाद की समस्या , लोभ की समस्या आदि सभी पहलुओं पर गहराई से व्यंग्य किया गया है। अत: पाठकों को हास्य रस का स्वाद प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होता है। ❑

ग्रंथ सूची :

1. ओझा, दशरथ. हिंदी नाटक उद्‌भव और विकास. दिल्ली : राजपाल प्रकाशन, 2013
2. सिंह, बच्चन. हिंदी नाटक. नई दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन, 2011
3. सिंह यादव, वीरेन्द्र. सम्पा. भारतेंदु हरिश्चंद्र के साहित्य में भाव बोध:स्थापनाएँ और प्रस्थापनाएँ, नई दिल्ली : ओमेगा पब्लिकेशन, 2011
4. श्रीवास्तव, परमानंद. सम्पा. भारतेंदु हरिश्चंद्र अंधेर नगरी. इलाहाबाद : लोकभारती प्रकाशन, 2017

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

भारत को आत्मनिर्भर बनाने में हिंदी भाषा का योगदान

गायत्री
शोधार्थी, हिंदी विभाग
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़, हरियाणा-123029
9588199223
gayatridixit113@gmail.com

रोबिन
शोधार्थी, हिंदी विभाग
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़, हरियाणा-123029
9996321346
rbnvalley@gmail.com

शोध सार :

